सूर्योदय 6:02 सूर्यास्त 6:45

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8.0 न्यू | 19.0 अधि |
| धर्मशाला | 10.0 न्यू | 21.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 74,617 |
| निफ्टी | 23,124 |

सोना 1,49,250 | चांदी 2,31,500

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 8 अप्रैल 2026 | 26 चैत्र, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 99, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### नवजोत सिद्धू की पत्नी ने बनाई नई पार्टी



**एजेंसी, अमृतसर।** पूर्व क्रिकेटर व कांग्रेस के पूर्व पंजाब अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी डॉ. नवजोत कौर सिद्धू ने नई पार्टी बना ली है। नवजोत कौर सिद्धू ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए नई पार्टी की घोषणा की। नवजोत कौर सिद्धू ने एक फोटो पोस्ट की है, जिसके बैकग्राउंड में नई पार्टी का नाम भारतीय राष्ट्रवादी पार्टी लिखा है। उन्होंने पोस्ट में लिखा है कि बहुप्रतीक्षित घोषणा। उसमें उन्होंने लिखा है कि हमने राष्ट्रीय स्तर पर एक नए विकल्प का काम किया है, जिसमें हमने वर्तमान राजनीतिक नेताओं के प्रदर्शन मानकों का गहराई से अध्ययन और मूल्यांकन किया है। हम केवल अपने देश के लिए अपना जीवन समर्पित करना चाहते हैं और लोगों को वही देना चाहते हैं, जिसके वे वास्तव में हकदार हैं और हमसे अपेक्षा रखते हैं। (अनंत ज्ञान)

### मणिपुर में ब्लास्ट में 2 बच्चों की मौत पर प्रदर्शन

**एजेंसी, इंफाल।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में मोइरांग ट्रोंगलाओबी इलाके में कुछ उग्रवादियों ने एक घर में बम फेंक दिया, जिससे 5 साल के एक लड़के और छह महीने की बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ऑफिसर ने बताया कि जब घर में बम फटा, तब दो बच्चे और उनकी मां अपने बेडरूम में सो रहे थे। लोगों ने घटना के विरोध में मंगलवार सुबह प्रोटेस्ट किया। इलाके में एक पेट्रोल पंप के पास दो ऑयल टैंकर और एक ट्रक में आग लगा दी। उन्होंने मोइरांग पुलिस स्टेशन के सामने टायर जलाए और एक पुलिस चौकी को तोड़ दिया। राज्य सरकार ने मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए, इंफाल वेस्ट, इंफाल ईस्ट, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर जिलों में इंटरनेट सेवा को 3 दिनों के लिए बंद कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

### असम पुलिस की पवन खेड़ा के घर छापेमारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** असम पुलिस की टीम कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के दिल्ली आवास पर पहुंची है। सीएम हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी की एफआईआर के बाद यह



कार्रवाई की गई है। पवन घर पर नहीं है। असम पुलिस उनसे पूछताछ के लिए इंतजार कर रही है। दिल्ली पुलिस भी साथ में मौजूद है। दरअसल दो दिन पहले पवन ने असम सीएम हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा पर आरोप लगाया था कि उनके पास मिस्र, एंटीगा-बरबूडा और यूएई के पासपोर्ट हैं। हिमंता और उनकी पत्नी ने आरोपों को गलत बताया था। दिल्ली में छापेमारी पर सीएम सरमा ने आज कहा कि वह कल गुवाहाटी से भाग गए। मुझे मीडिया के जरिए पता चला है कि पुलिस दिल्ली में उनके घर गई थी, लेकिन वह हैदराबाद भाग गए हैं। कानून अपना काम करेगा। (अनंत ज्ञान)


### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- फ्लड प्रोटेक्शन के वॉल कार्य को शीघ्र करें पूर्ण: डिप्टी सीएम -पेज 3
- मैक्लोडगंज में बढ़ी विदेशी पर्यटकों की आमद -पेज 5
- इंडोर स्टेडियम के निर्माण को दिए 69 लाख रुपए -पेज 12


# सुक्खू सरकार ने सेवा विस्तार एवं पुनर्नियुक्ति पर लगाई रोक

## सरकार के मुख्य सचिव ने सभी प्रशासनिक सचिवों को जारी किए निर्देश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में प्रशासनिक ढांचे को लेकर एक बड़ा और निर्णायक कदम उठाते हुए सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार ने रिटायर्ड और टायर्ड अधिकारियों व कर्मचारियों को दिए जाने वाले सेवा विस्तार और पुनर्नियोजन पर पूरी तरह रोक लगा दी है। लंबे समय से उठ रहे सवालों और विवादों के बीच लिया गया यह फैसला सरकार की नीतियों में स्पष्ट बदलाव का संकेत देता है।

सरकार के इस फैसले को वित्तीय अनुशासन और प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। इस संबंध में मुख्य सचिव की ओर से सभी प्रशासनिक सचिवों को निर्देश जारी किए गए हैं।

जारी आदेश में कहा गया है कि अब से किसी भी विभाग की ओर से किसी अधिकारी या कर्मचारी को सेवा विस्तार, पुनर्नियुक्ति या पुनः नियुक्त करने से जुड़ा कोई प्रस्ताव सरकार को नहीं भेजा जाएगा। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि यदि ऐसे प्रस्ताव भेजे भी जाते हैं, तो उन्हें किसी भी स्तर पर विचार के लिए स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी विभागों को इन निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है और इसे अत्यंत जरूरी श्रेणी में रखा गया है। कार्मिक विभाग की ओर से जारी इन निर्देशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जो अधिकारी या कर्मचारी पहले से सेवा विस्तार, पुनर्नियुक्ति या पुनः नियुक्ति पर कार्यरत हैं, वे अपनी तय अवधि पूरी होने तक ही सेवा में रहेंगे। उनकी अवधि समाप्त होते ही उन्हें स्वतः सेवानिवृत्त माना जाएगा और आगे कोई अतिरिक्त विस्तार नहीं दिया जाएगा। सरकार का यह निर्णय ऐसे समय में आया है जब प्रदेश की वित्तीय स्थिति को संतुलित करने के लिए मौजूदा वित्त वर्ष में कई कड़े फैसले लिए जा रहे हैं।




### सहायक अभियंता को फिर सेवा का मौका

**मुख्य** सचिव की ओर से प्रदेश में पुनर्रोजगार और सेवाविस्तार पर लगाई गई रोक के बीच मंगलवार को अतिरिक्त मुख्य सचिव लोक निर्माण ने सेवानिवृत्त सहायक अभियंता (सिविल) मनसा राम को पुनः सेवा में नियुक्त करने के आदेश जारी कर दिए। यह उल्लेखनीय है कि अतिरिक्त मुख्य सचिव लोक निर्माण देवेश कुमार के प्रशिक्षण पर जाने के बाद अब यह कार्यभार आरडी नजीम के पास है। सेवा विस्तार पाने वाले मनसा राम 31 जुलाई 2025 को सेवानिवृत्त हुए थे, उन्हें कुनिहार मंडल (जिला सोलन) में दूसरे कार्यकाल के लिए पुनर्नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति आगामी छह महीनों के लिए एक निश्चित मानदेय पर की गई है।

# महिलाओं के सशक्तिकरण की नई इबारत लिख रहा हिमाचल : सीएम

## हिम ईरा से जुड़कर घर पर तैयार कर रहीं उत्पाद

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर सरकार ने एक व्यापक और दूरगामी अभियान छेड़ रखा है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से हजारों महिलाएं हिम ईरा पहल से जुड़कर घर पर शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद तैयार कर रही हैं, जिससे न केवल उनकी आय में वृद्धि हो रही है बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ हो रही है। इन उत्पादों को ऑनलाइन मंचों के जरिए बाजार तक पहुंचाकर महिलाओं को नए अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अपने असम दौरे के दौरान एक निजी चैनल को दिए साक्षात्कार में स्पष्ट किया कि सरकार का मुख्य उद्देश्य गांवों में कार्यरत माताओं-बहनों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के हाथों में सीधे पैसा पहुंचे, इसके लिए योजनाओं को जमीन पर प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। सुक्खू ने यह भी बताया कि प्रदेश सरकार ने गाय-भैंस के दूध और प्राकृतिक खेती से जुड़े उत्पादों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में ऐतिहासिक वृद्धि की है, जिससे ग्रामीण परिवारों की आय में ठोस बढ़ोतरी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में महिला सशक्तिकरण को और मजबूती देने के लिए नई योजनाएं शुरू की जाएंगी, ताकि हर गांव में महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाया जा सके। सरकार का लक्ष्य है कि महिलाओं की भागीदारी को आर्थिक गतिविधियों में बढ़ाकर प्रदेश के समग्र विकास को नई गति दी।

◆ दूध और प्राकृतिक खेती की एमएसपी बढ़ाकर मातृशक्ति को दिया आर्थिक संबल

# लैंडस्लाइड से भरमौर-होली मार्ग पर निर्माणाधीन सिंयूंर पुल ध्वस्त

अनंत ज्ञान

**ओपी शर्मा, भरमौर।** भरमौर और होली क्षेत्र को आपस में जोड़ने वाला नवनिर्मित सिंयूंर वैली पुल मंगलवार सुबह भारी लैंडस्लाइड की चपेट में आकर टूटकर रावी नदी में जा गिरा। इस घटना से क्षेत्र के लोगों को गहरा झटका लगा है, क्योंकि यह पुल लंबे समय से स्थानीय जनता की मांग पर बनाया जा रहा था और अगले कुछ महीनों में इस पर वाहनों की आवाजाही शुरू होने की उम्मीद थी।



जानकारी के अनुसार, लोक निर्माण विभाग द्वारा पिछले करीब दो वर्षों से पुल का निर्माण कार्य करवाया जा रहा था। हाल ही में पुल पर स्टील फिटिंग का कार्य लगभग पूरा हो चुका था और विभाग जल्द ही इसे वाहनों के लिए खोलने की तैयारी में था। बताया जा रहा है कि इस पुल का निर्माण करीब 4 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा था।

### लोगों की उम्मीदों को गहरा झटका : डॉ. जनकराज

**स्थानीय** विधायक डॉ. जनकराज ने इस घटना पर गहरा दुख जताते हुए कहा कि लैंडस्लाइड के चलते पुल के ध्वस्त हो जाने से लोगों की उम्मीदों को गहरा झटका लगा है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक से अधिक समय से लोग इस पुल का इंतजार कर रहे थे और अब इसके टूटने से क्षेत्र की जनता बेहद निराश है।

# कश्मीर में 16 साल से फरार पाकिस्तानी आतंकी गिरफ्तार

**एजेंसी, श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने लश्कर-ए-तैयबा टेरर मॉड्यूल से जुड़े कुल 5 लोगों को अरेस्ट किया है। इनमें से दो पाकिस्तानी आतंकी हैं, बाकी उनके मददगार हैं। एक आतंकी की पहचान अब्दुल्ला उर्फ अबू हुरेरा के रूप में हुई है। अब्दुल्ला 16 साल से फरार था। वहीं, दूसरा पाकिस्तानी आतंकी उस्मान उर्फ खुबैब है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ-साथ सेंट्रल एजेंसियां भी इस ऑपरेशन में शामिल थीं। जम्मू-कश्मीर, राजस्थान और हरियाणा समेत 19 जगहों पर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। कुछ सामान भी बरामद किया। अधिकारियों के मुताबिक, पकड़े गए पांच लोगों में श्रीनगर के तीन लोग शामिल हैं। मोहम्मद नकीब भट, आदिल राशिद भट और गुलाम मोहम्मद मीर उर्फ मामा को आतंकवादियों को पनाह और खाना समेत लॉजिस्टिक मदद देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आतंकवादियों ने करीब 16 साल पहले भारत में घुसपैठ की थी, जिस दौरान वे कश्मीर के अलग-अलग जिलों में एक्टिव रहे। (अनंत ज्ञान)

◆ लश्कर का मेंबर, एक साथी और तीन मददगार भी पकड़े

# हिमाचल में तबादलों पर फिर लगी रोक

## अब केवल विशेष परिस्थितियों में ही मिल सकेगी मंजूरी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में एक बार फिर प्रशासनिक कसावट देखने को मिली है, जहां सरकार ने अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादलों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। मुख्य सचिव संजय गुप्ता द्वारा जारी आदेशों में स्पष्ट किया गया है कि पंचायत और शहरी निकाय चुनावों के चलते यह फैसला लिया गया है।

सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, मंडलायुक्तों, उपायुक्तों और बोर्ड-निगमों के अधिकारियों को इन निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए हैं, ताकि चुनावी प्रक्रिया निर्बाध रूप से पूरी हो सके। राज्य सरकार ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि इस आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। कार्मिक विभाग के अनुसार, चुनावी गतिविधियों के दौरान किसी भी तरह के तबादले से कार्य व्यवस्था प्रभावित हो सकती है और इसका सीधा असर निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया पर पड़ सकता है। इसी वजह से सभी स्तरों पर प्रशासनिक स्थिरता बनाए रखने पर जोर दिया गया है।

हालांकि, सरकार ने कुछ विशेष और अपरिहार्य परिस्थितियों में राहत का प्रावधान भी रखा है। ऐसे मामलों में तबादलों की अनुमति केवल राज्य चुनाव आयोग की पूर्व स्वीकृति के बाद ही दी जाएगी। साथ ही कार्यालय प्रमुखों को निर्देश दिए गए हैं कि बिना अनुमति किसी भी कर्मचारी को कार्यमुक्त न किया जाए, अन्यथा इसकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय की जाएगी। यह आदेश क्लास सी और डी कर्मचारियों पर भी समान रूप से लागू रहेगा, जिनके तबादलों पर पहले दी गई अस्थायी छूट को अब वापस ले लिया गया है।

### चुनाव ड्यूटी पर तैनात अधिकरी कर्मचारी का तबादला नहीं

**हिमाचल** प्रदेश हाईकोर्ट ने भी चुनाव ड्यूटी के दौरान तबादलों को लेकर सख्त रुख अपनाया है। न्यायाधीश अजय मोहन गोयल की अदालत ने स्पष्ट किया है कि चुनाव ड्यूटी पर तैनात किसी भी अधिकारी या कर्मचारी का तबादला बिना राज्य चुनाव आयोग की अनुमति के नहीं किया जा सकता। एक मामले में अदालत ने स्थानांतरण आदेश को तब तक प्रभावी न करने के निर्देश दिए, जब तक संबंधित कर्मचारी की चुनावी ड्यूटी पूरी नहीं हो जाती।

# एयर इंडिया में सफर करना हुआ महंगा

## विमान ईंधन के दाम बढ़ना वजह, नया किराया आज से लागू

**एजेंसी, नई दिल्ली**

एयर इंडिया ने घरेलू उड़ानों के लिए फ्यूल सरचार्ज बढ़ा दिया है। इससे हवाई सफर महंगा हो जाएगा। ग्लोबल मार्केट में विमान ईंधन की कीमतों में आई तेजी के बाद एयरलाइन ने यह फैसला लिया है। नई दरें 8 अप्रैल से प्रभावी होंगी। एयरलाइन के मुताबिक, जेट फ्यूल की कीमतें लगभग दोगुनी होने से लागत बढ़ गई है।

विमान ईंधन की औसत कीमत 195.19 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गई है, जो फरवरी के अंत में 99.40 डॉलर थी। इससे पहले इंडिगो ने भी फ्यूल सरचार्ज बढ़ाया था। एयरलाइंस का फ्यूल सरचार्ज टिकट पर लगने वाली वह एक्स्ट्रा फीस है, जो तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण वसूली जाती है। यह चार्ज एयरलाइंस को ईंधन के बढ़ते खर्चों से निपटने में मदद करता है। इसे कंपनियां टिकट के साथ जोड़ देती हैं। (अनंत ज्ञान)




### एयरलाइन के सीईओ विल्सन ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ) कैंपबेल विल्सन ने इस्तीफा दे दिया है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने मंगलवार को सूत्रों के हवाले से इसकी जानकारी दी। कई मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि एयर इंडिया ने नए सीईओ की तलाश भी शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार, विल्सन सितंबर में अपना पद छोड़ सकते हैं। पिछले हफ्ते हुई कंपनी की बोर्ड बैठक में उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। विल्सन को 2022 में सीईओ नियुक्त किया गया था। उनका कॉन्ट्रैक्ट 5 सालों के लिए, जुलाई 2027 तक था।

### भंग करने के सवा 3 साल बीत जाने के बाद भी अभी तक जांच में ही उलझा है मामला

# कब सामने आएगा कर्मचारी चयन आयोग का सच?

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** तत्कालीन हिमाचल प्रदेश राज्य कर्मचारी चयन आयोग के गड़बड़झाले का सच 3 साल 3 महीने बीत जाने के बाद भी अभी तक जांच में ही उलझा हुआ है। 17 एफआईआर के बाद बनाए गए तकरीबन डेढ़ सौ आरोपियों के मामले 'पुट इन कोर्ट' कब होंगे? क्या इसका इंतजार अभी और लंबा करना पड़ेगा?

यह सवाल इसलिए चर्चा में है, क्योंकि भ्रष्टाचार के मामले सामने आने के बाद हमीरपुर स्थित भंग किया गया यह कर्मचारी चयन आयोग सियासी माहौल में तो चर्चा का विषय बना ही था, युवाओं को भी तब गहरी चोट लगी थी। क्योंकि नौकरियां बेचने के मामले को लेकर जो भी लपेटे में आए थे, उसमें एक के बाद एक कई मामले उजागर हुए थे, लेकिन अब सबसे बड़ी विडंबना यह है कि दोषियों को सजा दिलवाने में विजिलेंस की जांच आखिर कब मुकम्मल होगी? गौरतलब यह है कि 17 मामलों में केवल एक ही 'पुट इन कोर्ट' हुआ है। बाकी के मामलों में जांच को लेकर अभी कितना वक्त और लगेगा? इस पर विजिलेंस के अधिकारी यही कहते हैं कि थोड़ा वक्त तो और लगेगा ही। हालांकि विजिलेंस की मंडी स्थित एसपी साक्षी वर्मा का कहना है कि जांच चल रही है। ऐसे मामलों में थोड़ा वक्त तो लगता ही है। ऐसा नहीं है कि विजिलेंस ढीला पड़ गया हो। एक मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

वहीं, हमीरपुर के एडीसी अभिषेक गर्ग का कहना है कि सस्पेंड कर्मचारी का हेडक्वार्टर यहां हमीरपुर मिनी सचिवालय में है। इसे एसी टू डीसी के पास हाजिरी लगानी पड़ती है। उन्हें कोई भी काम नहीं दिया गया है।

### आयोग में 2022 में सामने आया था गड़बड़झाले का मामला

**हिमाचल** में भाजपा की सरकार गई और अदला-बदली में कांग्रेस की सरकार के आने के तुरंत बाद जब पहला मामला 23 दिसंबर 2022 को गड़बड़झाले का पकड़ा गया, तो यहीं से इसकी भीतरी व्यवस्था की पोल खुलनी शुरू हो गई थी। फिर एक के बाद एक कई मामले लगातार उजागर होते गए। आरोपियों की सूची लंबी होती गई। आयोग के भीतर से मुख्य आरोपी ने सुर्खियां बटोरीं। एक के बाद एक कईयों को सस्पेंड किया गया, लेकिन इनमें 16 एफआईआर सीधे रूप से गड़बड़ झाले को लेकर हुई, जबकि एक एफआईआर आय से अधिक संपत्ति के आधार पर मुख्य आरोपी के खिलाफ तैयार हुई। इन तमाम में केवल एक मामला 'पुट इन कोर्ट' है। तब आयोग के मुख्य अधिकारी भी सस्पेंड हुए थे, गिरफ्तार भी रहे। लेकिन अब वे भी किसी विभाग में फिर से मुख्य भूमिका में आ चुके हैं, जबकि एक अभी तक सस्पेंड चल रहे मुख्य आरोपी का हेडक्वार्टर हमीरपुर में घर द्वार पर ही है।




### फोरेंसिक रिपोर्ट्स का भी इंतजार

**फोरेंसिक** लैब की रिपोर्ट्स में समय लगने की वजह से भी कोर्ट में चालान पेश करने की फाइलें तैयार करने में देरी तो हो रही है। या फिर यूं कह लीजिए कि मुकम्मल साक्ष्य तैयार करके जो कार्रवाई होनी चाहिए, उसमें सारी रिपोर्ट्स तैयार करने में वक्त तो लगेगा ही।

### राहत — आरबीआई की कैपिंग के बाद 34 करोड़ की रिकवरी, 5 से 6 करोड़ की रिकवरी प्रक्रिया जारी

# बघाट बैंक का एनपीए घटकर 104 करोड़ तक पहुंचा

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** वित्तीय संकट से गुजर रहे बघाट अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक सोलन को घाटे से उभारने की दिशा में प्रबंधन की तरफ से डिफॉल्टरों से की जा रही रिकवरी से एनपीए पिछले छह महीनों में 138 करोड़ से घटकर 104 करोड़ तक पहुंच गया। आरबीआई की कैपिंग के बाद 34 करोड़ की रिकवरी हो चुकी है, जबकि 5 से 6 करोड़ की रिकवरी प्रक्रिया चल रही है। हालांकि आरबीआई ने बैंक में लगी कैपिंग को बढ़ाकर 8 जुलाई तक कर दिया है। यदि इस अवधि में बैंक रिकवरी कम नहीं कर पाया तो बैंक का वजूद खतरे में पड़ सकता है।




◆ कांगड़ा, ऊना और रबोन ब्रांचों को बंद करने का दबाव

बहरहाल, बैंक के 5501 खाताधारकों को इंश्योरेंस के तहत अब तक 88 करोड़ की राहत मिल चुकी है। इसके तहत खाताधारकों को 5 लाख रुपए मिल चुके हैं।

11 हजार शेयर होल्डर का करीब 22 करोड़ अभी भी फंसा है, जबकि 75 हजार खाताधारकों में से बहुत कम ने बैंक इंश्योरेंस हेतु आवेदन किया। इससे पहले 3 हजार खाताधारकों ने 10 हजार या कम की राशि निकाल ली है। वहीं बैंक प्रबंधन पर एजीएम में लिए गए निर्णय के मुताबिक घाटे में चल रही शाखाओं को बंद करने का भी दबाव है। इसमें सोलन स्थित रबोन, ऊना और कांगड़ा की बैंक ब्रांच शामिल है।

### एनपीए बढ़ने के कारण आरबीआई ने अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक पर लगाई थी कैपिंग

**बघाट** बैंक में कुल करीब 77 हजार खाताधारकों की करीब 500 करोड़ रुपए की जमा राशि फंसी हुई है। हालांकि खाता धारकों की जमा राशि को इंश्योड करने के लिए बैंक हर साल लगभग 60 लाख रुपए इंश्योरेंस प्रीमियम के रूप में जमा करता रहा है। ज्ञात रहे कि एनपीए बढ़ने के कारण आरबीआई ने बघाट बैंक पर कैपिंग लगाई थी। इसके बाद बैंक डिफाल्टरों से रिकवरी प्रक्रिया शुरू तो की लेकिन इतनी सफलता नहीं मिली। इसी के चलते अब कैपिंग तीन महीने बढ़ा दी गई। 8 अक्तूबर 2025 को आरबीआई की कैपिंग के बाद 80 हजार खाताधारकों को महज 10 हजार रुपए ही निकालने की छूट थी। इससे खाताधारकों को बैंक में जमा राशि की चिंता सता रही है।

### इंश्योरेंस से 5501 खातों में 88 करोड़ रुपए जमा

**बैंक** के एमडी राजकुमार ने कहा कि इंश्योरेंस से 5501 खातों में 88 करोड़ जमा हो गए। शेष आवेदनों की प्रक्रिया चल रही है। बैंक इंश्योरेंस कंपनी को समान राशि का भुगतान करेगा। लगभग 75 हजार खाताधारकों में से बहुत कम ने आवेदन किया, जबकि 3 हजार ने पहले ही 10 हजार या कम निकाल लिया था।

# धार्मिक मामलों में दखल न दे न्यायालय: केंद्र सरकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की संविधान बेंच ने मंगलवार को सबरीमाला मंदिर में महिलाओं को एंट्री देने का आदेश जारी रहे या नहीं इस पर पहले दिन 5 घंटे सुनवाई की। केंद्र ने शुरुआत में ही सुप्रीम कोर्ट में सबरीमाला मंदिर में मासिक धर्म आयु की महिलाओं के प्रवेश पर लगी रोक का समर्थन किया। सरकार ने कहा कि 2018 में सभी वर्ग की महिलाओं को एंट्री देने का सुप्रीम कोर्ट का फैसला गलत था।

यह मामला पूरी तरह धार्मिक आस्था और संप्रदाय के अपने अधिकार से जुड़ा है। सरकार ने कहा, 'हर धार्मिक समूह की प्रथाओं का सम्मान करना चाहिए और हर चीज को गरिमा या व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जोड़कर नहीं देखा जा सकता। अदालतें महिलाओं के धार्मिक स्थलों में प्रवेश के मामले में दखल नहीं दे सकतीं। अगर कोई प्रथा गैर-वैज्ञानिक लगती है, तो उसका हल संसद या विधानसभा के पास है, न कि अदालत के पास। इस पर जस्टिस नागरत्ना ने कहा- इस मामले में अनुच्छेद 17 यानी छुआछूत के खिलाफ अधिकार पर दलील किस तरह पेश की जाए, यह मेरी समझ से बाहर है। एक महिला होने के नाते मैं यह कहना चाहूंगी कि ऐसा नहीं हो सकता कि हर महीने 3 दिन तक तो महिला को अछूत माना जाए और चौथे दिन अचानक कोई अछूतपन न रह जाए। (अनंत ज्ञान)

◆ सबरीमाला मामले में कहा- सभी वर्ग की महिलाओं को एंट्री देने का सुप्रीम कोर्ट का फैसला गलत

# प्रदेश के एक लाख नए किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने की तैयारी

## सीएम सुक्खू का बड़ा फैसला, खेती को मिलेगा आत्मनिर्भरता का नया आधार

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में इस वर्ष एक लाख नये किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया गया है, जिससे प्रदेश की कृषि व्यवस्था को नई दिशा और मजबूती मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अगुवाई में प्राकृतिक खेती को टिकाऊ, लाभकारी और पर्यावरण अनुकूल बनाने की व्यापक तैयारी की गई है। कम लागत और अधिक लाभ के सिद्धांत पर आधारित यह मॉडल किसानों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने की क्षमता रखता है।

जानकारी के अनुसार सुक्खू सरकार सरकार के निरंतर प्रयासों का ही परिणाम है कि अब तक 2,22,893 किसान एवं बागवान परिवार प्राकृतिक खेती से जुड़ चुके हैं। यह पद्धति प्रदेश की 99.3 प्रतिशत पंचायतों तक पहुंच चुकी है और 38,437 हेक्टेयर भूमि पर अपनाई जा रही है। यह विस्तार इस बात का संकेत है कि हिमाचल में खेती का स्वरूप धीरे-धीरे रासायनिक निर्भरता से मुक्त होकर प्राकृतिक संतुलन की ओर बढ़ रहा है।

'प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना' के अंतर्गत किसानों को देसी संसाधनों के उपयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है। गोबर, गोमूत्र और स्थानीय वनस्पतियों पर आधारित खेती न केवल लागत को कम कर रही है, बल्कि मिट्टी की उर्वरता और पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूत कर रही है। अब तक दो लाख से अधिक किसानों का पंजीकरण हो चुका है और लगभग 1,98,000 किसानों को प्रमाण-पत्र जारी किए जा चुके हैं, जो इस योजना की सफलता को दर्शाता है।

किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्राकृतिक उत्पादों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। प्राकृतिक गेहूं, मक्का, जौ और हल्दी के दाम बढ़ाकर किसानों को बेहतर आमदनी सुनिश्चित की जा रही है। इसके साथ ही अदरक को पहली बार समर्थन मूल्य में शामिल करना और दूध के दाम बढ़ाना भी किसानों के हित में उठाए गए महत्वपूर्ण कदम हैं। पांगी उपमंडल को पूर्णतः प्राकृतिक खेती क्षेत्र घोषित करना इस दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि माना जा रहा है।

### प्राकृतिक उत्पादों को बाजार से जोड़कर किसानों की आय बढ़ाएगी प्रदेश सरकार

**प्रदेश** की अर्थव्यवस्था में कृषि की अहम भूमिका को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार 'हिम' ब्रांड के तहत प्राकृतिक उत्पादों को बाजार से जोड़ रही है, जिससे किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिल सके। यह पहल न केवल किसानों की आय बढ़ाएगी, बल्कि हिमाचल को आत्मनिर्भर और पर्यावरणीय दृष्टि से संतुलित राज्य बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण साबित होगी।

◆ राज्य में कृषि क्रांति की होगी बड़ी शुरुआत

# मुख्यमंत्री सुक्खू के नाम पर फर्जी पोस्ट वायरल, केस दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश की राजनीति में उस समय हलचल मच गई जब मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नाम पर सोशल मीडिया पर एक फर्जी पोस्ट वायरल हो गई। इस पोस्ट में विक्रमादित्य सिंह को लेकर कथित तौर पर भ्रामक और विवादित बयान प्रसारित किया गया, जिसे शिकायतकर्ता ने पूरी तरह झूठा और गुमराह करने वाला बताया है। मामला सामने आते ही प्रशासन और पुलिस महकमा सतर्क हो गया। शिकायत के अनुसार फेसबुक पर एक फर्जी अकाउंट के माध्यम से यह पोस्ट डाली गई, जिसमें दावा किया गया कि कांग्रेस पार्टी 'सागर रूप' है और किसी एक व्यक्ति के जाने से कोई फर्क नहीं पड़ता, साथ ही विक्रमादित्य सिंह के भाजपा में शामिल होने जैसी बातें भी लिखी गईं। शिकायतकर्ता ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री ने ऐसा कोई बयान कभी नहीं दिया और यह पूरी तरह मनगढ़ंत व भ्रामक सामग्री है, जिसका उद्देश्य राजनीतिक माहौल को प्रभावित करना है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए शिमला के साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अब फर्जी पोस्ट करने वाले अकाउंट और उससे जुड़े लोगों की पहचान में जुट गई है। अधिकारियों का कहना है कि सोशल मीडिया पर झूठी और भ्रामक जानकारी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

# फ्लड प्रोटेक्शन के वॉल कार्य को शीघ्र करें पूर्ण: डिप्टी सीएम

अनंत ज्ञान


उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री कुल्लू में एचआरटीसी वर्कशॉप का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कुल्लू में एचआरटीसी वर्कशॉप का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कर्मशाला कर्मियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने ब्यास नदी के किनारे स्थित वर्कशॉप में फ्लड प्रोटेक्शन वॉल के शेष निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि इस परियोजना पर ₹3.32 करोड़ से अधिक की राशि खर्च की जा रही है और इसका उद्देश्य वर्कशॉप परिसर को बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षित करना है। उन्होंने कहा कि ब्यास नदी के निकट होने के कारण यह कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसे उच्च गुणवत्ता मानकों के साथ तय समयसीमा में पूरा किया जाना चाहिए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि फ्लड प्रोटेक्शन वॉल न केवल वर्कशॉप को सुरक्षित बनाएगी, बल्कि कर्मचारियों के लिए बेहतर कार्य वातावरण भी सुनिश्चित करेगी। इससे क्षेत्र की परिवहन सेवाएं और अधिक मजबूत एवं प्रभावी होंगी। दौरे के दौरान हिमाचल पथ परिवहन निगम के कर्मचारियों ने अपनी समस्याएं और सुझाव भी उपमुख्यमंत्री के समक्ष रखे। उन्होंने कार्यस्थल की सुरक्षा, सुविधाओं के विस्तार और कार्यप्रणाली में सुधार से जुड़े मुद्दे उठाए, जिन पर उपमुख्यमंत्री ने सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

मुकेश अग्निहोत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि परियोजना के कार्यान्वयन में गुणवत्ता, समन्वय और गति बनाए रखना सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी और गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# मानहानि मामले में मनीष सिसोदिया को 12 मई को पेश होने के आदेश

◆ अनूप केसरी के आरोप पर ऊना कोर्ट ने जारी किए समन

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, ऊना।** आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की मुश्किलें कम होती नजर नहीं आ रही हैं। हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले की एक अदालत ने उनके खिलाफ दायर मानहानि के मामले में समन जारी करते हुए उन्हें आगामी 12 मई को अदालत में पेश होने के निर्देश दिए हैं। यह मामला ऊना निवासी अधिवक्ता एवं आम आदमी पार्टी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अनूप केसरी द्वारा दर्ज कराया गया है।

दरअसल, यह पूरा विवाद वर्ष 2022 के उस राजनीतिक घटनाक्रम से जुड़ा है, जब अनूप केसरी ने अपने समर्थकों के साथ 'आप' को छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया था। इस घटनाक्रम के बाद राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई थी।

याचिकाकर्ता अनूप केसरी का आरोप है कि 9 अप्रैल, 2022 को दिल्ली में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मनीष सिसोदिया ने उनके खिलाफ गंभीर व आपत्तिजनक आरोप लगाए। उनका कहना है कि इन आरोपों के समर्थन में कोई ठोस सबूत या प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया गया, जिससे उनकी सार्वजनिक छवि को नुकसान पहुंचा। इसी कथित चरित्र हनन से आहत होकर अनूप केसरी ने ऊना की अदालत में मनीष सिसोदिया के खिलाफ मानहानि का मामला दायर किया। अदालत ने याचिकाकर्ता द्वारा प्रस्तुत तथ्यों और प्रारंभिक साक्ष्यों का संज्ञान लेते हुए सिसोदिया को समन जारी कर दिया है। अब इस मामले में अगली सुनवाई 12 मई को होगी। यह देखना दिलचस्प होगा कि मनीष सिसोदिया स्वयं अदालत में पेश होते हैं या अपने वकीलों के माध्यम से कानूनी प्रक्रिया आगे बढ़ाते हैं। मामले ने स्थानीय राजनीति के साथ-साथ प्रदेश की सियासत में भी हलचल पैदा कर दी है।

# कालाअंब में भट्टी हादसे में चार मजदूर गंभीर रूप से झुलसे

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर के कालाअंब थाना क्षेत्र में स्थित जय एलॉयज कंपनी में भट्टी हादसे के दौरान चार मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। हादसा सुरक्षा प्रबंधों की कमी और भट्टी के सुचारू रूप से काम न करने के कारण हुआ। हादसे के समय भगदड़ मचने से एक मजदूर काशीदास नीचे रखे लोहे के स्लैब पर गिर गया और उसकी टांग में चोट आई। घायलों में ओंकार (32 वर्ष, देवधर, झारखंड), उस्मान (19 वर्ष, सीतापुर, उत्तर प्रदेश) और काशीदास (35 वर्ष, पूर्णियां, बिहार) शामिल हैं। सभी घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया और उनका उपचार जारी है। पुलिस ने कंपनी प्रबंधन के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने सुरक्षा मानकों की समीक्षा शुरू कर दी है और घटना की गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि कंपनी के सुरक्षा प्रबंधों में चूक की वजह से यह हादसा हुआ।

# खाकी पर दाग नहीं होगा बर्दाश्त: डीजीपी

## एनडीपीएस अधिनियम के तहत इस वर्ष अब तक 16 पुलिसकर्मी बर्खास्त

अनंत ज्ञान



**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश में नशे के बढ़ते जाल और पुलिस विभाग की छवि पर उठते सवालों के बीच डीजीपी अशोक तिवारी ने सख्त और स्पष्ट संदेश देकर पूरे प्रदेश में हलचल मचा दी है। उन्होंने दो टूक कहा कि खाकी पर दाग किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और यदि सरकार इस दिशा में कोई विशेष जिम्मेदारी सौंपती है, तो पुलिस विभाग उसे पूरी निष्ठा और कर्तव्यभाव से निभाएगा। चेस्टर हिल प्रकरण पर संयमित रुख अपनाते हुए उन्होंने साफ किया कि मामला जांच के दायरे में है, इसलिए इस पर अभी कोई टिप्पणी करना उचित नहीं होगा, लेकिन संकेत स्पष्ट हैं कि कार्रवाई निर्णायक होगी।

डीजीपी तिवारी ने खुलासा किया कि वर्ष 2026 में अब तक 16 पुलिसकर्मियों को नौकरी से बर्खास्त किया जा चुका है। इन पर या तो एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामले दर्ज थे या फिर नशा तस्करों को संरक्षण देने की पुख्ता जानकारी सामने आई थी। यह कार्रवाई केवल अनुशासनात्मक नहीं, बल्कि विभाग के भीतर चल रहे शुद्धिकरण अभियान का हिस्सा मानी जा रही है, जो यह दर्शाती है कि पुलिस अब अपनी ही पंक्ति में खड़े संदिग्ध तत्वों के खिलाफ भी कठोर कदम उठा रही है। एक चित्रकला प्रदर्शनी के दौरान मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में डीजीपी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि नशे के सौदागरों के साथ किसी भी प्रकार की संलिप्तता अब किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जैसे सभी उंगलियां बराबर नहीं होतीं, वैसे ही पुलिस विभाग में भी कुछ ऐसे लोग हो सकते हैं जो वर्दी को कलंकित कर रहे हैं, लेकिन अब ऐसे तत्वों के लिए कोई जगह नहीं बचेगी।

### नशे के खिलाफ जारी रहेगा व्यापक अभियान

**प्रदेश** में लगातार सामने आ रहे नशे के मामलों को लेकर डीजीपी का यह रुख सख्ती का संकेत है। उन्होंने यह भी दोहराया कि संबंधित विभाग इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई कर रहे हैं और जांच प्रक्रियाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं। उनका यह बयान साफ दर्शाता है कि आने वाले समय में नशा तस्करी और उससे जुड़े नेटवर्क पर और भी बड़े प्रहार देखने को मिल सकते हैं।

### चेस्टर हिल प्रकरण पर पुलिस विभाग मुस्तैद

**फिलहाल** चेस्टर हिल मामला जांच के अधीन है, लेकिन डीजीपी के तेवर यह संकेत दे रहे हैं कि सरकार और पुलिस विभाग इस मुद्दे को लेकर बेहद गंभीर हैं। जैसे ही जांच पूरी होगी, इस मामले में बड़ी और सख्त कार्रवाई सामने आ सकती है, जिससे प्रदेश में कानून व्यवस्था और पुलिस की साख को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम उठाए जाएंगे।

# चिट्टा तस्करी पर पुलिस का शिकंजा पंजाब के सप्लायर समेत दो गिरफ्तार

◆ अनाडेल में नाके के दौरान 36 ग्राम हेरोइन बरामद

◆ तकनीकी जांच के दौरान खुला अंतरराज्यीय नेटवर्क हमीरपुर से सप्लायर दबोचा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला में नशा तस्करी के विरुद्ध चल रहे अभियान के तहत पुलिस को अहम सफलता हाथ लगी है। स्पेशल सेल की टीम ने गश्त के दौरान अनाडेल चौक पर मिली गुप्त सूचना के आधार पर ठाकुर बाग के समीप नाका लगाकर एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार को रोका। तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल के साइड पैनल में छुपाकर रखी गई करीब 36 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद की गई। आरोपी की पहचान गगन दीप सिंह उर्फ दीपू निवासी अनाडेल के रूप में हुई, जिसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।

इस मामले में थाना बालूगंज में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज कर पुलिस ने तफ्तीश को आगे बढ़ाया। पूछताछ और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पुलिस ने इस तस्करी नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ते हुए अगले ही दिन बड़ी कार्रवाई की। जांच में सामने आया कि यह खेप बाहरी राज्य से सप्लाई की जा रही थी और इसका संबंध एक संगठित गिरोह से है।

इसी सिलसिले में पुलिस ने मुख्य सप्लायर अंकित ठाकुर निवासी मोहाली (पंजाब) को हमीरपुर से गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि वह काफी समय से शिमला क्षेत्र में चिट्टे की आपूर्ति कर रहा था। पुलिस इस पूरे नेटवर्क की गहराई से पड़ताल कर रही है और अन्य संलिप्त व्यक्तियों की तलाश जारी है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया जारी है, जबकि पुलिस का अभियान नशे के खिलाफ लगातार तेज़ किया जा रहा है।

# हिमाचल दिवस पर रिकांगपिओ में फहराएंगे सीएम सुक्खू तिरंगा

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में इस बार हिमाचल दिवस बेहद खास और भव्य अंदाज में मनाया जाएगा। 15 अप्रैल को ट्राइबल जिला किन्नौर के रिकांगपिओ में राज्य स्तरीय समारोह आयोजित होगा, जहां मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू तिरंगा फहराकर प्रदेशवासियों को संबोधित करेंगे।

इस आयोजन को लेकर सरकार ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं और पूरे प्रदेश में उत्सव जैसा माहौल बनने लगा है। सरकार की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार, सभी जिलों में भी समारोह आयोजित किए जाएंगे, जहां मंत्री और जनप्रतिनिधि तिरंगा फहराएंगे। शिमला में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, मंडी में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, चंबा में राजेश धर्माणी, लाहौल-स्पीति में यादविंदर गोमा, कांगड़ा में चंद्र कुमार और सिरमौर में हर्षवर्धन चौहान सहित अन्य मंत्री विभिन्न जिलों में कार्यक्रमों की अगुवाई करेंगे। इन समारोहों में परेड, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहेंगे। कुल्लू में विधायक सुंदर सिंह ठाकुर कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे, जबकि हमीरपुर में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ध्वजारोहण करेंगे। प्रशासनिक स्तर पर भी तैयारियां तेज कर दी गई हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी जिलों के उपायुक्तों को निर्देश जारी कर दिए हैं कि कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित व भव्य बनाएं, ताकि प्रदेश की सांस्कृतिक झलक पूरे देश के सामने प्रस्तुत हो सके।

### सरकार की घोषणाओं पर रहेगी जनता की नजर

**गौरतलब** है कि हिमाचल प्रदेश 15 अप्रैल 1948 को अस्तित्व में आया था और 25 जनवरी 1971 को पूर्ण राज्य का दर्जा मिला। हर वर्ष हिमाचल दिवस पर मुख्यमंत्री बड़ी घोषणाएं करते हैं, ऐसे में इस बार भी प्रदेशवासियों की निगाहें सरकार की संभावित घोषणाओं पर टिकी हैं। खासकर ट्राइबल क्षेत्रों की महिलाओं के लिए आर्थिक सहायता और कर्मचारियों-पेंशनरों के लंबित डीए व एरियर को लेकर लोगों में खासा उत्साह और उम्मीद देखी जा रही है।

## पोर्टमोर में राज्यस्तरीय विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी एवं गणित पर हैकाथॉन

# नवाचार और तकनीकी प्रतिभा को मिला शानदार मंच

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश की राजधानी शिमला के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पोर्टमोर में आयोजित राज्यस्तरीय विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी एवं गणित हैकाथॉन-2026 में प्रदेश भर के स्कूली विद्यार्थियों ने अपने नवाचार और तकनीकी कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। समग्र शिक्षा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में 12 जिलों से आई 36 टीमों के 110 विद्यार्थियों ने भाग लेकर विज्ञान और रचनात्मक सोच का प्रभावशाली परिचय दिया। कार्यक्रम में पर्यावरण, विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के सचिव सुशील कुमार सिंगला मुख्य अतिथि रहे, जबकि समग्र शिक्षा के निदेशक डॉ. राजेश शर्मा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

मुख्य अतिथि सुशील कुमार सिंगला ने विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट्स की सराहना करते हुए कहा कि प्रस्तुत मॉडल न केवल नवाचारी हैं, बल्कि व्यवहारिक रूप से भी अत्यंत उपयोगी हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, स्मार्ट कृषि और आपदा प्रबंधन जैसे विषयों पर आधारित ये प्रोजेक्ट भविष्य में समाज के लिए लाभकारी सिद्ध होंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि इन नवाचारों को व्यावसायिक स्तर तक ले जाने के लिए विभागीय स्तर पर ठोस पहल की जाएगी।

समग्र शिक्षा के निदेशक डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में विज्ञान और प्रौद्योगिकी शिक्षा को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की पहल से विद्यार्थियों में तार्किक सोच, समस्या समाधान और नवाचार की क्षमता विकसित होती है। हैकाथॉन में विद्यार्थियों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, कोडिंग और रोबोटिक्स के माध्यम से कृषि, स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन और स्मार्ट शहरों से जुड़ी समस्याओं के प्रभावी समाधान प्रस्तुत किए, जो सभी के लिए आकर्षण का केंद्र बने।




### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमें की सम्मानित

**प्रतियोगिता** में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को सम्मानित किया गया, जिसमें स्मार्ट फार्मिंग, स्मार्ट पोर्टेबल स्ट्रेचर और ऑटोमैटिक डैम गेट्स जैसे प्रोजेक्ट्स ने शीर्ष स्थान हासिल किया। शीर्ष तीन टीमें अब बेंगलुरु में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में रंग भर दिए।

# अब नहीं चलेगा भाजपा का कोई भी षड्यंत्र: विनय कुमार

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश में अब भाजपा का कोई भी झूठ और षड्यंत्र चलने वाला नहीं है। उन्होंने मंडी में आयोजित भाजपा कार्यसमिति में पारित संकल्पों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पूर्व की डबल इंजन सरकार ने प्रदेश के लोगों को ठगने का काम किया और प्रदेश को 70 हजार करोड़ रुपये से अधिक के ऋण तथा 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कर्मचारियों की देनदारियों के बोझ तले छोड़ दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा आज प्रदेश हितैषी होने का ढोंग कर रही है, जबकि उसके कार्यकाल में कर्मचारियों की पेंशन और अन्य मांगों को लगातार नजरअंदाज किया गया।

उन्होंने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के नेतृत्व में कर्मचारियों की मांगों पर नकारात्मक रवैया अपनाया गया, जबकि वर्तमान कांग्रेस सरकार कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना प्रदान कर रही है और उनकी देनदारियों को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीतियां प्रदेशहित में हैं और सरकार आत्मनिर्भर हिमाचल के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है।


विनय कुमार ने भाजपा पर प्रदेश के हितों के खिलाफ काम करने का आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र में बैठे भाजपा नेता प्रदेश के अधिकारों को कमजोर करने में लगे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्राकृतिक आपदा के समय भी केंद्र सरकार ने प्रदेश की मदद नहीं की और 1500 करोड़ रुपये की राहत राशि अब तक जारी नहीं की गई।

### पीएम ने नहीं किए वादे पूरे

**विनय** कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए वादे भी पूरे नहीं हुए। उन्होंने दावा किया कि भाजपा द्वारा कांग्रेस सरकार को अस्थिर करने की कोशिशें पहले ही विफल हो चुकी हैं और आगामी पंचायत चुनावों में भी उसे कोई सफलता नहीं मिलेगी, क्योंकि प्रदेश की जनता मजबूती से कांग्रेस के साथ खड़ी है।

# सुक्खू सरकार 'कर, कर्ज और भ्रष्टाचार का मॉडल': जयराम

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने वर्तमान सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि 'व्यवस्था परिवर्तन' के नाम पर प्रदेश में करों का बोझ बढ़ाने, कर्ज में डुबाने और भ्रष्टाचार को संरक्षण देने का मॉडल लागू किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार कथनी व करनी में पूरी तरह विफल रही है, जिससे जनता का भरोसा लगातार कम होता जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरा करने के बजाय 'झूठी गारंटियों' के सहारे जनता को गुमराह किया। सहारा योजना जैसी पेंशन योजनाओं को बंद करने के लिए गरीबों को कागजों में मृत दिखाने के आरोप लगाते हुए उन्होंने इसे अमानवीय बताया। साथ ही हिमकेयर योजना को भी कमजोर करने की साजिश का आरोप लगाया, जिससे गरीबों की स्वास्थ्य सुरक्षा प्रभावित हुई है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है और सरकार उस पर कार्रवाई करने के बजाय लीपापोती कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने के बजाय मामलों को भटकाया जा रहा है, जिससे भ्रष्टाचारियों को संरक्षण मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार 'मित्रों की, मित्रों द्वारा, मित्रों के लिए' चल रही है, जहां सलाहकारों और करीबी लोगों को कैबिनेट रैंक और सुविधाएं दी जा रही हैं। बोर्ड और निगमों में भी इसी तरह नियुक्तियां कर सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग किया जा रहा है। आर्थिक स्थिति पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश पर कर्ज लगातार बढ़ रहा है, जबकि विकास कार्य ठप पड़े हैं। बढ़ते टैक्स, महंगाई और रोजगार के घटते अवसरों ने आम जनता को संकट में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों के कारण उद्योग और पर्यटन क्षेत्र प्रभावित हुए हैं।

**बैठक** पंचायत से विधानसभा तक कांग्रेस का सूपड़ा होगा साफ: सौदान सिंह

# 'हिमाचल में फिर बनेगी डबल इंजन की सरकार'

अनंत ज्ञान


**अनिल शर्मा, मंडी।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह ने प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी के लिए पूर्ण रूप से समर्पित है और यही समर्पण भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में भाजपा एक बार नहीं, बल्कि बार-बार मजबूत 'डबल इंजन सरकार' बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। 'भाजपा देश और प्रदेश की सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति है और कार्यकर्ताओं के बल पर ही यह शक्ति निरंतर बढ़ रही है,' उन्होंने कहा। सौदान सिंह ने कहा कि भाजपा की कार्यशैली स्पष्ट है— 'हर कार्यकर्ता को काम और हर काम पर एक कार्यकर्ता' की नीति के साथ संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि आज प्रदेश की जनता पूरी तरह त्रस्त है, जबकि कांग्रेस सरकार मस्त है और जनता की समस्याओं से उसका कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि पंचायत राज चुनावों से लेकर विधानसभा चुनावों तक भाजपा कांग्रेस को हर स्तर पर चुनौती देगी और उसे पूरी तरह पराजित करेगी। देश, प्रदेश, जिला, मंडल और बूथ—हर स्तर पर भाजपा संगठित और सशक्त है, और कांग्रेस को हर मोर्चे पर करारा जवाब देने के लिए तैयार है,' उन्होंने कहा। अंत में सौदान सिंह ने कहा कि भाजपा का संगठन ही उसकी असली ताकत है और इसी के बल पर पार्टी हिमाचल में फिर से मजबूत सरकार बनाकर विकास और सुशासन की दिशा में प्रदेश को आगे ले जाएगी।



भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह का स्वागत करते हुए। अनंत ज्ञान

# मोदी सरकार के नेतृत्व में भारत ने रचा विकास का स्वर्णिम दशक: अनुराग

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, मंडी।** जपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में राष्ट्रीय राजनीतिक प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले एक दशक में अभूतपूर्व विकास और वैश्विक प्रतिष्ठा हासिल की है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा देशहित से ऊपर राजनीति को प्राथमिकता दी।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने 'राष्ट्र प्रथम' की भावना के साथ हर क्षेत्र में देश को आगे बढ़ाया है। स्वास्थ्य क्षेत्र में आयुष्मान भारत योजना के तहत 55 करोड़ से अधिक लोगों को प्रतिवर्ष ₹5 लाख तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है, वहीं 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को भी इसमें शामिल किया गया है। आर्थिक उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि 2014 से 2026 तक भारत ने औसतन 6.5% जीडीपी वृद्धि दर दर्ज की और महंगाई दर को नियंत्रित रखा गया। उन्होंने बताया कि विदेशी मुद्रा भंडार 304 अरब डॉलर से बढ़कर 700 अरब डॉलर तक पहुंच गया है, जबकि 667 अरब डॉलर से अधिक का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश देश में आया है। इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में प्रगति पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई 91,000 किमी से बढ़कर 1.45 लाख किमी से अधिक हो गई है। हवाई अड्डों और मेट्रो नेटवर्क का भी तेजी से विस्तार हुआ है, जिससे कनेक्टिविटी मजबूत हुई है।

उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन और डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे गरीब और मध्यम वर्ग के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। अंत में उन्होंने कहा कि भाजपा देश को विश्व की अग्रणी शक्ति बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और जनता का विश्वास ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है।

## न्यूज ब्रीफ

### कैच सहायिकाओं की भर्ती प्रक्रिया स्थगित

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय रैत द्वारा जारी अधिसूचना के तहत आंगनबाड़ी सह कैच कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। लेकिन प्रशासनिक कारणों से 17 और 18 अप्रैल को होने वाली भर्ती प्रक्रिया को स्थगित कर दिया गया है। बाल विकास परियोजना अधिकारी रैत, निर्मला देवी ने बताया कि आगामी भर्ती प्रक्रिया की नई अधिसूचना जारी होने पर जानकारी दी जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार निकटतम आंगनवाड़ी केंद्र या संबंधित कार्यालय से अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### नौण और सेदूं में आज बंद रहेगी बिजली

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** विद्युत उपमंडल थुरल के सहायक अभियंता इंजीनियर प्रवीण सिंह ने बताया कि उपमंडल में आने वाले 11 केवी बैरघाट, 11 केवी लोकल थुरल और 11 केवी डरोह मूंढी एच टी लाइन पर आइसोलेटर लगाने, मरम्मत और उचित रखरखाव कार्य किया जाएगा। इसके चलते बुधवार को नौण, सेदूं, चूला, बैरघाट, पखी, ढुडक, ढुडक कुटिया, धनियारा, ढाबी, लंगा लाहड़, छत्तरू देवी, थुरल थाना, पनहार, बेह, धांता,बटाहण, भाटी, लोहर पंगा, कोतवाल लाहड़, मूंढी, साई, मरघुणी, नागिनी , सिप्पन पद आदि गांवों की विद्युत आपूर्ति सुबह 9:00 बजे से लेकर कार्य समाप्ति तक बाधित रहेगी। मौसम खराब होने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा।

### गेट परीक्षा में छाए इंजीनियरिंग कॉलेज के स्टूडेंट्स



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां स्थित राजीव गांधी राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के छात्रों ने गेट 2026 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आकर्षित सैनी ने 615 गेट स्कोर और 1893 ऑल इंडिया रैंक प्राप्त की, जबकि शुभम शर्मा (536 स्कोर, रैंक 2587) और तनुज रकवाल (459 स्कोर, रैंक 4393) ने भी बेहतरीन परिणाम हासिल किए। अन्य छात्रों ने भी सराहनीय प्रदर्शन किया। गेट परीक्षा छात्रों को आईआईटी, एनआईआईटी और पीएसयू में उच्च शिक्षा एवं रोजगार के अवसर प्रदान करती है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दीपक कुमार और विभागाध्यक्ष डॉ. कपिल देव ने सभी छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### 15 को निकाले जाएंगे रेडक्रॉस लक्की ड्रॉ

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव ओपी शर्मा ने बताया कि रेडक्रॉस लक्की ड्रॉ अब 15 अप्रैल को निकाले जाएंगे। उन्होंने बताया कि आज रेडक्रॉस मेले के दौरान इन लक्की ड्रॉ का आयोजन किया जाना था, लेकिन अचानक हुई वर्षा के कारण इन्हें स्थगित करना पड़ा। सचिव ने बताया कि अब सभी लक्की ड्रॉ निर्धारित नई तिथि 15 अप्रैल को आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने प्रतिभागियों से आग्रह किया है कि वे निर्धारित तिथि पर उपस्थित होकर कार्यक्रम का हिस्सा बनें।

### पशुओं के लिए टीकाकरण अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उप निदेशक, पशुपालन विभाग, डॉ. सीमा गुलेरिया ने बताया कि विभाग द्वारा गाय एवं भैंस प्रजाति के पशुओं में मुंह-खुर रोग के विरुद्ध टीकाकरण अभियान आरंभ किया है, जो 16 मई तक चलेगा। उन्होंने जिले के सभी पशुपालकों से अपील की कि वे अपने गाय-भैंस का टीकाकरण अवश्य करवाएं तथा इस अभियान को सफल बनाने के लिए विभागीय कर्मचारियों का पूर्ण सहयोग करें। उन्होंने बताया कि टीकाकरण का पंजीकरण ऑनलाइन पोर्टल 'भारत पशुधन' पर भी किया जाएगा। इसके साथ ही भेड़ एवं बकरियों में पीपीआर रोग के विरुद्ध टीकाकरण भी किया जा रहा है।

# डल झील में महाआरती की तैयारी, घाट का निर्माण 70 फीसदी पूरा

## झील किनारे लगाई जा रही क्रेटवॉल; देवदार के पेड़ों के संरक्षण का भी प्रयास, गाद निकालने में बाधा बन रही बारिश, कार्य पड़ा धीमा

◆ **महाआरती से पहले होगा तीसरा ट्रायल, सफल रहे थे दो ट्रायल**

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज के नड्डी स्थित ऐतिहासिक डल झील में महाआरती की तैयारी शुरू हो चुकी है। महाआरती के लिए बनाए जा रहे घाट का 70 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। इसी माह डल झील में महाआरती का आयोजन किया जाना है। झील किनारे झील किनारे लगाई जा रही क्रेटवॉल के साथ देवदार पेड़ों के संरक्षण का भी प्रयास किया जा रहा है। झील से गाद निकालने का कार्य शुरू किया गया था, लेकिन लगातार जारी बारिश के चलते कार्य धीमा पड़ गया है। डल झील में महाआरती से पहले पानी रुकने का तीसरा ट्रायल किया जाना है, जिसकी तैयारी भी चल रही है। गौरतलब है कि डल झील के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण के लिए लेक मैन को धर्मशाला बुलाया गया था। झील के संरक्षण के लिए लेक मैन की ओर से दिए गए सुझावों पर जिला प्रशासन ने कार्य का जिम्मा बीडीओ कार्यालय धर्मशाला को सौंपा था, जिसमें झील की लीकेज रोकने सहित आसपास के एरिया के सौंदर्यीकरण किया जाना शामिल है।

**क्रेटवॉल का 70 फीसदी कार्य पूरा:** डल झील किनारे आरती के लिए के लिए घाट का कार्य 70 फीसदी पूरा हो चुका है। झील किनारे देवदार के पेड़ों को बचाने का भी प्रयास किया जा रहा है, जिसके चलते क्रेटवॉल करके पेड़ों की जड़ें जो बाहर आ गई हैं, उन्हें भी संरक्षित किया जा रहा है। झील किनारे किया जा रहा क्रेट वर्क भी 70 फीसदी पूरा हो चुका है।





नड्डी की डल झील में महाआरती के लिए तैयार किया जा रहा घाट। (दाएं) झील किनारे लगाई जा रही क्रेटवॉल। अनंत ज्ञान



अगले सप्ताह तक झील का तीसरा ट्रायल किया जाएगा। राधाष्टमी पर्व पर भी झील भर गई थी। उम्मीद है कि तीसरे ट्रायल में भी पानी झील में रुकेगा। यह भी प्रयास किया जाएगा कि महाआरती का आयोजन भी झील में आयोजन किया जाए, जिससे यह झील श्रद्धालुओं के साथ पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बने। मौसम के लिहाज से डल झील में महाआरती की तिथि तय की जाएगी।
**-अभिनीत कात्यायन, बीडीओ, धर्मशाला**

### मिनी मणिमहेश के नाम से विख्यात है डल झील

**नड्डी** की डल झील, मिनी मणिमहेश के नाम से भी विख्यात है, झील किनारे ऐतिहासिक दुर्वेश्वर महादेव मंदिर स्थित है। वहीं, झील के साथ प्लेन एरिया में ऐतिहासिक बावड़ियां भी विद्यमान हैं। राधाष्टमी के दिन डल झील में स्नान के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। इसके अलावा धर्मशाला घूमने आने वाले पर्यटक भी डल झील का भ्रमण करना नहीं भूलते।

### पहले ट्रायल में लीकेज के 20 प्वॉइंट हुए थे चिन्हित

**ऐतिहासिक** डल झील का तीसरा ट्रायल जल्द होने वाला है। पहला ट्रायल लीकेज जानने के लिए किया गया था, उस दौरान 20 के करीब लीकेज प्वॉइंट सामने आए थे। उसके उपरांत पिछले वर्ष राधाष्टमी स्नान के समय दूसरा ट्रायल किया गया था, जिससे पहले डंगे का कार्य पूरा कर लिया गया था। उस दौरान झील में पानी पूरी तरह से रुक गया था। इसके बाद झील की गाद निकालने के लिए झील से पानी निकालने के लिए बॉल्व पुनः खोल दिए थे। अभी भी गाद निकालने का कार्य किया जा रहा है।

## धुम्मू शाह छिंज मेले में देश-विदेश के नामी पहलवान दिखाएंगे जौहर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला।** जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी रवि शंकर ने जानकारी दी कि धुम्मू शाह दाड़ी मेला 2026 के छिंज (दंगल) प्रतियोगिता का आयोजन उपमंडल अधिकारी एवं जिला युवा सेवा एवं खेल कार्यलय द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में हिमाचल केसरी, हिमाचल कुमार/कुमारी जैसे खिताब प्रदान किए जाएंगे। हिमाचल केसरी के पुरुष वर्ग में विजेता को 1 लाख, उपविजेता को 75 हजार, तृतीय को 50 हजार तथा महिला वर्ग में विजेता को 75 हजार, उपविजेता को 50 हजार और तृतीय को 30 हजार रुपए दिए जाएंगे। 18 साल से कम उम्र के लड़कों के वर्ग (हिमाचल कुमार) के विजेता को 31 हज़ार, उपविजेता को 21 हजार और तृतीय को 11 हजार रुपए दिए जाएंगे। वहीं, लड़कियों के वर्ग (हिमाचल कुमारी) के विजेता को 10 हजार, उपविजेता को 7 हजार और तृतीय को 5 हजार रुपए मिलेंगे। छोटी माली 9 अप्रैल, बड़ी माली 10 अप्रैल और विशेष दंगल 11 अप्रैल को आयोजित होगा। विशेष दंगल में ईरान, जम्मू, रोहतक, उत्तरप्रदेश, दिल्ली और अन्य राज्यों के पहलवान भाग लेंगे। पंजीकरण 9 अप्रैल को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक और 10 अप्रैल को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक दाड़ी में होगा। अधिक जानकारी के लिए 97365-13552, 94181-60202, 85804-27681 पर संपर्क करें।

# स्कूलों में चार्ज वर्कलोड को किया जाए कम

## टीजीटी कला संघ की चिंता, टीजीटी शिक्षकों को समान रूप से दिया जाए चार्ज

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** टीजीटी कला शिक्षकों पर अनावश्यक वर्कलोड कम किया जाए। स्कूलों में चार्ज के असमान व अव्यवहारिक वितरण पर टीजीटी कला संघ ने चिंता जताई है। संघ के अनुसार,15 नवंबर 2025 के निर्देशों के बाद टीजीटी आट्र्स पर अत्यधिक गैर-शैक्षणिक कार्यों का बोझ बढ़ा है, जबकि अन्य वर्गों को अपेक्षाकृत कम जिम्मेदारियां दी गई हैं, जो 16 नवंबर 2024 के पूर्व निर्देशों की भावना के विपरीत है।

संघ ने बताया कि इस संबंध में 2 दिसंबर 2025 और 1 जनवरी 2026 को विभाग को लिखित ज्ञापन भेजे जा चुके हैं, लेकिन अब तक टीजीटी आट्र्स का चार्ज वर्कलोड कम नहीं किया गया है, जिससे शिक्षकों में असंतोष बढ़ रहा है। संघ ने मांग की कि सभी टीजीटी वर्गों में चार्ज का समान व न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित किया जाए तथा प्रत्येक शिक्षक को हाई या सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में केवल 1 मेजर और 1 माइनर चार्ज दिया जाए। साथ ही किसी भी वर्ग को पूरी तरह चार्ज से मुक्त न रखा जाए। संघ ने सुझाव दिया है कि इको क्लब, चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस, प्रयोगशालाएं तथा मिडिल स्कूल में स्काउट एंड गाइड जैसे चार्ज प्राथमिकता से अन्य टीजीटी वर्ग को दिए जाएं। वहीं टीजीटी आट्र्स को उनके भारी शैक्षणिक कार्यभार को देखते हुए केवल छात्रवृत्ति, एडमिशन-विदड्रॉल और यूनिफॉर्म वितरण जैसे सीमित कार्य ही दिए जाएं। संघ ने बताया कि टीजीटी आट्र्स शिक्षक 6वीं से 10वीं तक अंग्रेजी व सामाजिक विज्ञान के बहु-पुस्तकीय पाठ्यक्रम के साथ 28 पीरियड पढ़ाते हैं, जिससे उन पर कार्यभार सबसे अधिक है। ऐसे में अतिरिक्त चार्ज शैक्षणिक गुणवत्ता को प्रभावित कर रहे हैं। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, उपाध्यक्ष विजय बरवाल, प्रदेश महासचिव विजय हीर, महिला विंग अध्यक्ष रीता बल्याणी, जोन उपाध्यक्ष खुशहाल पठानिया, देश राज कालिया, रोशन लाल, विजेश अत्री, कैशियर सुभाष भारती, संयुक्त सचिव रामपाल सौंखला, जिलाध्यक्ष संजय वर्मा, नरेंद्र पूनर, कुलवीर सिंह, राकेश चौधरी, यशवंत ठाकुर, कपिल शंकवान, सुरेश वर्मा, अजीत सिंह, अमित छाबड़ा, अजय कुमार, दिनेश कुमार, सुरेश कौंडल, पवन शर्मा, नवांग छेरिंग, सुभाष चंद आदि ने संयुक्त बयान में कहा कि विभाग को 15 नवंबर 2025 के आदेश की समीक्षा कर चार्ज वितरण को तर्कसंगत, समान और शिक्षण-अनुकूल बनाना चाहिए, ताकि शिक्षकों का मनोबल बना रहे और शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर हो। व्यावसायिक शिक्षा से जुड़े चार्ज क्रमांक 22 व 30 केवल लेक्चरर्स तक सीमित न रखकर इन्हें वरिष्ठ टीजीटी को भी दिए जाएं और इन्हें रोटेशन आधार पर वितरित किया जाए।

## 'आप' की आंदोलनात्मक सक्रियता के आगे झुकी सुक्खू सरकार : भंडारी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** आम आदमी पार्टी की कड़ी आवाज के सामने हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार को अंततः झुकना पड़ा है। प्रदेश में 126 से 300 यूनिट तक की बिजली सब्सिडी को आम आदमी पार्टी द्वारा किए गए विरोध के बाद बहाल कर दिया गया है। यह निर्णय प्रदेश के 8 लाख से अधिक परिवारों की बड़ी जीत है, जिन्हें सरकार के बिजली दरों में बढ़ोतरी से आर्थिक बोझ और अंधेरे का सामना करना पड़ रहा था। आम आदमी पार्टी के राज्य प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने सरकार के इस यू-टर्न पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि जो सरकार खुद को सुख की सरकार बताती थी, वह दरअसल मध्यम वर्ग के लिए दुख की सरकार बन चुकी थी। भंडारी ने यह भी कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बिना किसी शर्त मुफ्त बिजली दे रही है, जबकि हिमाचल की कांग्रेस सरकार जनता से दी गई राहत छीन रही थी। भंडारी ने कांग्रेस सरकार की चुनावी धोखाधड़ी का पर्दाफाश किया और कहा कि चुनावों के समय 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा करने वाली कांग्रेस अब उपभोक्ताओं से महंगी बिजली वसूलने की साजिश कर रही थी। आम आदमी पार्टी ने सरकार को चेतावनी दी कि भविष्य में अगर जनता के हितों पर कोई भी हमला हुआ, तो पार्टी चुप नहीं बैठेगी।

## हिमाचल दिवस पर आरएस बाली सोलन में रहेंगे मुख्यातिथि

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** पर्यटन निगम के अध्यक्ष एवं नगरोटा बगवां के विधायक आरएस बाली इस बार हिमाचल दिवस के मौके पर जिला सोलन में होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। आरएस बाली ने कहा कि यह सम्मान पूरे नगरोटा विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों को मिला है, जिनकी बदौलत उन्हें इस सम्मान का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि नगरोटा क्षेत्र को चौथी बार यह सम्मान मिल रहा है। इससे पूर्व वह गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बिलासपुर, हमीरपुर और लाहौल स्पीति में भी मुख्य अतिथि रहे हैं, जो नगरोटा वासियों के लिए गर्व की बात है। आरएस बाली ने कहा कि वह नगरोटा क्षेत्र के साथ-साथ पूरे हिमाचल प्रदेश में पर्यटन को नई दिशा देने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्व. जीएस बाली ने नगरोटा विस क्षेत्र को देशभर में पहचान दिलाई थी और उनके सपनों को पूरा करने के लिए विकास कार्य जारी हैं।

# पुराने बस अड्डे के पास गड्ढे से हादसे का खतरा




पंजाब एंड सिंध बैंक के सामने सड़क पर पड़ा गड्ढा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां के पुराने बस अड्डे के पास पंजाब एंड सिंध बैंक के सामने बना बड़ा गड्ढा किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। समाजसेवी पूजन भंडारी ने बताया कि यह गड्ढा 5-6 महीने पहले बरसात के कारण बना था, जो अब खतरनाक रूप से बढ़ चुका है।

आसपास के दुकानदारों ने बताया कि विभाग ने गड्ढे को भरने की कोशिश की थी, लेकिन वह मिट्टी उड़कर दुकानों में घुसने लगी और गड्ढा फिर वैसा ही हो गया। पंजाब एंड सिंध बैंक के एटीएम गार्ड ओंकार सिंह ने बताया कि गाड़ी के टायर से बजकर पत्थर एटीएम के शीशे से टकराते हैं और अब तक दो बार शीशा टूट चुका है। गड्ढे के नीचे सीवरेज पाइप भी बिछी हुई है, जिससे कभी-कभी बदबू भी फैलती है और पैदल चलने वालों के लिए परेशानी होती है। पूजन भंडारी ने कहा कि बारिश के समय गड्ढा पानी से भर जाता है, जिससे गाड़ी चालकों को गड्ढे की गहराई का अंदाजा नहीं लगता और कई बार गाड़ी को नुकसान भी हो जाता है। दुकानदारों ने प्रशासन से जल्द से जल्द गड्ढे को ठीक करने की मांग की है।

# सीबीएसई ब्वॉयज स्कूल धर्मशाला में एडमिशन शुरू

## धर्मशाला सहित चंबा-भरमौर के बच्चे दिखा रहे रुचि, एचपी की तर्ज पर ली जा रही फीस

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा मुख्यालय धर्मशाला में ब्रिटिश हकूमत काल में स्थापित ब्वॉयज स्कूल को सीबीएसई बनाया गया है, जिसमें प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। हेरिटेज स्कूल होने के चलते न केवल धर्मशाला, बल्कि चंबा व भरमौर के बच्चे भी यहां एडमिशन में रुचि दिखा रहे हैं। फीस स्ट्रक्चर की बात करें तो अभी तक स्कूल में एडमिशन ले रहे बच्चों से एचपी बोर्ड की तर्ज पर ही फीस ली जा रही है। गौरतलब है कि पूर्व में ब्वॉयज स्कूल बंद होने को लेकर अभिभावकों में असमंजस की स्थिति बनी हुई थी, लेकिन स्कूल के सीबीएसई होने से अब स्थिति सामान्य है तथा लोग अपने बच्चों को एडमिशन दिलाने ब्वॉयज स्कूल पहुंच रहे हैं। ब्वॉयज स्कूल धर्मशाला प्रिंसिपल रूपाली भगोरिया ने कहा कि ब्वॉयज स्कूल धर्मशाला सीबीएसई पैट्र्न में लीड स्कूल है, जबकि यहां एचपी बोर्ड की कक्षाएं भी हैं। नौंवीं व 11वीं की कक्षाएं सीबीएसई हैं और स्कूल में को एजुकेशन है। स्कूल में सीबीएसई के लिए प्रवेश प्रक्रिया पहली अप्रैल से शुरू हो चुकी है।

बकौल प्रिंसिपल, अभिभावकों में असमंजस की स्थिति बनी हुई थी कि क्या पता स्कूल बंद हो जाएगा, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं है। स्कूल में 10वीं व 12वीं की कक्षाएं एचपी बोर्ड के तहत चल रही हैं। सीबीएसई में स्टूडेंट्स एडमिशन लेने आ रहे हैं, चंबा के भरमौर से भी स्टूडेंट्स एडमिशन को पहुंच रहे हैं। हालांकि, लोगों में फीस स्ट्रक्चर को लेकर कुछ असमंजस हो सकता है, लेकिन जब तक स्कूल प्रशासन को सरकार की ओर से फीस को लेकर स्पष्ट दिशानिर्देश नहीं आते, तब तक एचपी वाला ही फीस स्ट्रक्चर चल रहा है। सीबीएसई में प्रवेश के लिए अलग-अलग एडमिशन कमेटियां बनाई गई हैं, जो सुचारु रूप से कार्य कर रही हैं। चंबा के सिहुंता से अपने बेटे को सीबीएसई पैट्र्न की नौंवीं कक्षा में एडमिशन दिलाने पहुंची कमला देवी ने कहा कि बेटा सीबीएसई में पढ़ना चाहता है, जिसके चलते वे बच्चे को एडमिशन दिलाने आई हैं।

## मशीन ऑपरेटर अप्रेंटिसशिप के 1000 पदों के लिए साक्षात्कार 9 को

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** जिला रोजगार अधिकारी कार्यालय के अनुसार वर्धमान टेक्सटाइल लिमिटेड बद्दी की ओर से मशीन ऑपरेटर अप्रेंटिसशिप के लिए 1000 पदों पर महिला व पुरुष अभ्यर्थियों का चयन करेगी। साक्षात्कार 9 अप्रैल को उप रोजगार कार्यालय नगरोटा बगवा में आयोजित किए जाएंगे। इन पदों हेतु शैक्षणिक योग्यता 10वीं 12वीं आईटीआई फिटर, कोपा और स्विंग टेक्नोलॉजी रखी गई है। आयु 18 वर्ष से 27 वर्ष तक रखी गई है। आवेदक को कंपनी द्वारा 13500 रुपए प्रति माह वेतन दिया जाएगा। 9 अप्रैल को उप रोजगार कार्यालय नगरोटा में सुबह 10 बजे इच्छुक उम्मीदवार साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। इच्छुक उम्मीदवारों को अपने साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो, रिहायशी प्रमाण पत्र, मूल प्रमाण पत्र एवं अपना बायोडाटा की कॉपी व अनुभव प्रमाण पत्र साथ लेकर पहुंचना होगा।

## शाहपुर के वार्ड 6 में आवारा कुत्तों का आतंक, प्रशासन से की कार्रवाई की मांग



ग्रामीणों के शिष्टमंडल ने शिकायत पत्र सौंपा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कोहली, शाहपुर।** नगर पंचायत शाहपुर के वार्ड नंबर 6 (गोरडा-खपरनाला) में आवारा और पालतू कुत्तों की बढ़ती दहशत ने ग्रामीणों का जीना दूभर कर दिया है। मंगलवार को वार्ड नंबर 6 के उम्मीदवार नितिन कौशल की अगुवाई में ग्रामीणों का एक शिष्टमंडल उपमंडलाधिकारी (नागरिक) शाहपुर को शिकायत पत्र सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

शिकायत के अनुसार, वार्ड निवासी अशोक कुमार के घर में किरायेदारों ने 19 कुत्ते पाल रखे हैं, जिन्हें अक्सर खुला छोड़ दिया जाता है। ये कुत्ते राहगीरों पर हमला करने और उन्हें काटने के लिए दौड़ते हैं, जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि कुत्तों के हमले में अब तक तीन से चार लोग घायल हो चुके हैं, और रात के समय घर लौटने वाले लोगों के लिए यह खतरे का कारण बन चुका है। नितिन कौशल ने प्रशासन से मांग की कि मकान मालिक और किरायेदारों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं। इस पर एसडीएम शाहपुर डॉ. गणेश ठाकुर ने कहा कि ग्रामीणों की शिकायत गंभीर है और संबंधित विभागों से रिपोर्ट लेकर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इस मौके पर सुषमा देवी, सरला देवी, सिमरता देवी समेत कई अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# विधायक मलेंद्र ने जरूरतमंदों को बांटे मुख्यमंत्री राहत कोष के चेक



जरूरतमंद लोगों को चेक वितरित करते विधायक मलेंद्र राजन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** विधायक मलेंद्र राजन ने मंगलवार को स्थानीय वन विश्राम गृह में आयोजित कार्यक्रम में जरूरतमंद लोगों को मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता राशि के चेक वितरित किए।

इस अवसर पर 61 पात्र लाभार्थियों को लगभग 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई, जिससे वे गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए बेहतर चिकित्सा सुविधाएं प्राप्त कर सकें। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, विशेषकर स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में गरीब एवं जरूरतमंद वर्ग को हर संभव सहायता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री राहत कोष से मिलने वाली यह आर्थिक मदद लोगों के लिए संजीवनी का कार्य करती है और उन्हें कठिन परिस्थितियों में सहारा प्रदान करती है।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। अस्पतालों में आधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं और विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति भी की जा रही है। विधायक ने लाभार्थियों से अपील की कि वे इस सहायता का सही उपयोग कर शीघ्र स्वस्थ हों। इस अवसर पर एसडीएम डॉ. सुरेंद्र ठाकुर सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**ट्रेनिंग** महिलाओं को डिजिटल एवं फाइनांशियल लिटरेसी में किया जा रहा पारंगत

# एआई से प्रोडक्ट प्रमोशन के टिप्स सीख रही महिलाएं

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिले में स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की महिलाएं अब आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के माध्यम से अपने प्रोडक्ट को प्रमोट कर पाएंगी। एसएचजी महिलाओं को डिजिटल एवं फाइनांशियल लिटरेसी में पारंगत किया जा रहा है। इस विशेष ट्रेनिंग प्रोग्राम में महिलाएं खासा उत्साह दिखा रही हैं। यही वजह है कि ट्रेनिंग प्रोग्राम के लिए 50 महिलाओं की संख्या तय की गई थी, जबकि 60 के करीब महिलाएं प्रोग्राम में हिस्सा लेने पहुंची।

डीआरडीए सभागार धर्मशाला में तीन दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम आईआईटी दिल्ली की ओर से आयोजित किया जा रहा है। आयोजक टीम के प्रतिनिधि पुरारी शर्मा ने बताया कि एसएचजी की महिलाएं ग्रामीण क्षेत्रों से आती हैं, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी की एडवांस ट्रेनिंग तो नहीं, लेकिन बेसिक नॉलेज जरूर दिया जाएगा। एआई के माध्यम से महिलाएं अपने प्रोडक्ट की प्रमोशन कर सकें, इस संबंध में एआई के कुछ टिप्स इन्हें दिए जाएंगे। एआई की खासियत है कि यदि आपको लिखने नहीं आता है तो आप बोलकर भी कंटेंट क्रिएट कर सकते हैं, इसकी जानकारी विशेष तौर पर इन महिलाओं को दी जाएगी। महिलाओं को बताया जाएगा कि अपने प्रोडक्ट को प्रमोट करने के लिए वे किस तरह से एलएलएम का प्रयोग कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि ट्रेनिंग प्रोग्राम को प्रो. सीमा शर्मा और प्रो. गौरव द्विवेदी लीड कर रहे हैं। देश के छह राज्यों में 11 ट्रेनिंग प्रोग्राम किए हैं, जबकि धर्मशाला में 12वां ट्रेनिंग प्रोग्राम है। प्रोग्राम में 60 महिलाओं को ट्रेनिंग दी जा रही है।



तीन दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम में उत्साह दिखा रही महिलाएं। अनंत ज्ञान

**डिजिटल लिटरेसी के अभाव में पिछड़ रही थी महिलाएं :** पुरारी शर्मा आईआईटी दिल्ली, भारत का प्रतिष्ठित संस्थान है, जिसने अपने आकलन में पाया कि एसएचजी की महिलाएं अपने कारोबार को आगे बढ़ाने में डिजिटल लिटरेसी की वजह से पिछड़ रही थी। महिलाओं को डिजिटल टूल्स के माध्यम से कैसे कारोबार को आगे बढ़ाया जाए, इस की ट्रेनिंग दी जा रही है तथा महिलाओं में आत्मविश्वास नजर आ रहा है। इन महिलाओं के लिए एक बुक भी तैयार की गई है, साथ ही ट्रेनिंग में भाग लेने वाली महिलाएं करीब 4 माह तक आईआईटी दिल्ली के रिसर्चर और वैज्ञानिक हैं, इनसे जुड़े रहेंगे।

# देहरा में भाजपा ने स्थापना दिवस पर सम्मानित किए पुराने कार्यकर्ता



भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ. सुकृत ने घर-घर जाकर किया सम्मानित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर देहरा विधानसभा क्षेत्र में एक भावुक और प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला। भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ. सुकृत सागर की ओर से पार्टी के वरिष्ठ एवं ज्येष्ठ कार्यकर्ताओं के घर-घर जाकर उन्हें सम्मानित किया गया।

इस दौरान उन्होंने 96 वर्षीय वयोवृद्ध कार्यकर्ता उत्तम जी (निवासी हरिपुर) और पार्टी के पुराने स्तंभ गिरधर विशिष्ट जी को उनके निवास स्थान पर जाकर आशीर्वाद लिया और सम्मानित किया। जब पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता इन वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के घर पहुंचे, तो वातावरण भावनाओं से भर गया। उनके चेहरे पर मुस्कान और आंखों में चमक मानो वर्षों की तपस्या और समर्पण की कहानी बयां कर रही थी। इस अवसर पर डॉ. सुकृत सागर ने कहा कि संगठन की असली ताकत उसके पुराने और समर्पित कार्यकर्ता होते हैं। उनका सम्मान भाजपा के संस्कारों में निहित है। उन्होंने यह भी संकल्प लिया कि भविष्य में सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा और उनके अनुभवों से संगठन को और मजबूत किया जाएगा।

# जिले में 55 रुपए में मिलेगी दो पूरी भटूरा चना-दही सहित प्रति प्लेट

## जिला दंडाधिकारी हेमराज बैरवा ने खाद्य वस्तुओं की दरें की निर्धारित, अधिसूचना जारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में अब 55 रुपए में दो पूरी, भटूरा चना व दही सहित 55 रुपए प्रति प्लेट मिलेगी। वहीं, बकरे व भेड़ का मांस 550 रुपए, सूअर का मांस 275 रुपए प्रति किलोग्राम मिलेगा।

जिला दंडाधिकारी कांगड़ा हेमराज बैरवा द्वारा आम उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा तथा बाजार में खाद्य वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से विभिन्न खाद्य पदार्थों एवं उपभोक्ता वस्तुओं की अधिकतम खुदरा दरें निर्धारित की गई हैं। यह आदेश खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, हिमाचल प्रदेश द्वारा जारी अधिसूचना के तहत तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है, जिसके अनुसार जिले में विक्रेताओं द्वारा निर्धारित सीमा से अधिक मूल्य वसूलना प्रतिबंधित रहेगा। अधिसूचना के अनुसार मांस एवं पोल्ट्री उत्पादों के लिए स्पष्ट दरें तय की गई हैं, जिनमें बकरे व भेड़ का मांस 550 रुपए प्रति किलोग्राम, सूअर का मांस 275 रुपए प्रति किलोग्राम, ड्रेस्ड चिकन 220 रुपए प्रति किलोग्राम, बिना तली मछली 220 रुए प्रति किलोग्राम तथा तली हुई मछली 310 रुपए प्रति किलोग्राम निर्धारित की गई है, जबकि जीवित चिकन की कीमत 165 रुपए प्रति किलोग्राम तय की गई है।

### तंदूरी चपाती 8 रुपए, तवा चपाती 6 रुपए

**पर्यटन** विभाग से पंजीकृत होटलों को छोड़कर अन्य ढाबों एवं अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों में परोसे जाने वाले भोजन के लिए भी अधिकतम दरें निर्धारित की गई हैं। तंदूरी चपाती 8 रुपए प्रति चपाती, तवा चपाती 6 रुपए, अचार सहित स्टफ्ड परांठा 22 रुपए तथा साधारण परांठा 17 रुपए प्रति तय किया गया है। इसके अतिरिक्त दो पूरी भटूरा चना-दही सहित 55 रुपए प्रति प्लेट, चावल-चपाती दाल, सब्जी, कढ़ी सहित पूर्ण भोजन 90 रुपए, चावल प्लेट 55 रुपए, साधारण दाल 45 रुपए, दाल फ्राई 65 रुपए, वेजिटेबल स्पेशल 75 रुपए, तथा पालक-मटर पनीर 90 से 100 रुपए, प्रति प्लेट निर्धारित किए गए हैं। मांस की प्लेट 5 पीस सहित 132 रुपए तथा चिकन करी 88 रुपए, प्रति प्लेट तय की गई है, जबकि चाय 15 रुपए निर्धारित की गई है।

### तय रेट से अधिक वसूली पर होगी कार्रवाई

**प्रशासन** ने सभी संबंधित अधिकारियों को आदेशों के कड़ाई से पालन के निर्देश दिए हैं और चेतावनी दी है कि निर्धारित दरों से अधिक वसूली या किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित विक्रेता के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह अधिसूचना एक माह की अवधि तक प्रभावी रहेगी।

### समोसा 15 रुपए प्रति पीस, वेज चाउमीन फुल प्लेट 70 रुपए

**फास्ट** फूड श्रेणी में भी दरें तय की गई हैं, जिनमें समोसा 15 रुपए प्रति पीस, वेज चाउमीन फुल प्लेट 70 रुपए एवं हाफ प्लेट 40 रुपए, नान-वेज चाउमीन फुल प्लेट 80 रुपए एवं हाफ प्लेट 45 रुपए निर्धारित है। थुकपा वेज फुल प्लेट 70 रुपए एवं हाफ प्लेट 50 रुपए तथा नान-वेज थुकपा फुल प्लेट 80 रुपए एवं हाफ प्लेट 55 रुपए तय किया गया है। इसी प्रकार वेज मोमो फुल प्लेट 80 रुपए एवं हाफ प्लेट 45 रुपए तथा नान-वेज मोमो फुल प्लेट 110 रुपए एवं हाफ प्लेट 60 रुपए निर्धारित किए गए हैं।

### दूध 60 रुपए, उबला दूध 65 रुपए प्रति लीटर

दूध एवं दुग्ध उत्पादों के लिए भी दरें तय की गई हैं, जिनमें स्थानीय दूध 60 रुपए प्रति लीटर, उबला हुआ स्थानीय दूध 65 रुपए प्रति लीटर, पैक्ड दूध पर मुद्रित मूल्य लागू होगा, पनीर लोकल 330 रुपए प्रति किलोग्राम तथा दही 90 रुपए प्रति किलोग्राम निर्धारित किया गया है। वहीं, सभी दुकानदार एवं खाद्य प्रतिष्ठान अपने-अपने प्रतिष्ठानों के बाहर इन निर्धारित दरों की सूची स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करेंगे, जिस पर मालिक या प्रबंधक के हस्ताक्षर अनिवार्य होंगे।

# धुम्मू शाह मेले में कम स्थान मिलने पर व्यापारियों में आक्रोश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला के नजदीक दाड़ी धुम्मू शाह मेला में स्थानीय दुकानदारों को कम स्थान मिलने पर आक्रोश फैल गया है। दुकानदारों ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए अपनी मांगें जोर-शोर से उठाई हैं। राजन कुमार, सुभाष, यामिनी थापा, पूजा, सरदार सिंह और अन्य दुकानदारों का कहना है कि उन्हें प्रशासन ने मेला आयोजन के लिए 24 दुकानें आवंटित की हैं, लेकिन उन्हें 8×8 फुट के छोटे स्थान दिए जा रहे हैं, जो पहले 20,000 रुपए में निर्धारित था। हालांकि, दबाव के बाद इसे 5,000 रुपए किया गया। दुकानदारों का कहना है कि छोटे स्थान पर उनके खाने-पीने की दुकानें ठीक से नहीं लग पाएंगी, और प्रशासन द्वारा सामान जब्त करने की धमकी दी जा रही है। उधर, इस बारे में एसडीएम धर्मशाला मोहित रत्न का कहना है कि धुम्मूशाह मेले में दाड़ी के स्थानीय दुकानदारों के लिए 24 दुकानें पूरी तरह से आरक्षित रखी गई है। उन्होंने बताया कि आठ से 15 अप्रैल तक चलने वाले मेले के लिए कॅमेटी की ओर से सात दिनों के लिए 20 हजार किराया तय किया गया था। हालांकि स्थानीय लोगों की मांग को देखते हुए प्रशासन व मेला कॅमेटी की ओर से दाम 15 हजार कम करके अब मात्र पांच हजार किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मेले में कुछेक लोगों की ओर से चार-चार दुकानें एक साथ कब्जा किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। जबकि स्थानीय सभी लोगों को एक समान स्थान प्रशासन व कॅमेटी की ओर से उपलब्ध करवाया जाएगा।

# 1.256 किलोग्राम चरस और 1 लाख नकदी के साथ शिमला का व्यक्ति काबू

अनंत ज्ञान


पुलिस टीम के साथ आरोपी। अनंत ज्ञान

**नूरपुर।** नशामुक्त हिमाचल अभियान के तहत पुलिस जिला नूरपुर को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस चौकी कंडवाल की टीम ने नाकाबंदी के दौरान एक कार से भारी मात्रा में चरस और नकद राशि बरामद की और एक आरोपी को गिरफ्तार किया। एसपी नूरपुर कुलभूषण वर्मा ने जानकारी दी कि रात के समय पुलिस टीम एनएच-154 (मंडी-पठानकोट मार्ग) पर यातायात चेकिंग के लिए तैनात थी। इसी दौरान जसूर की तरफ से आ रही एक काले रंग की क्रेटा कार (एचपी-25सी-6008) ने पुलिस को देखकर गाड़ी पीछे मोड़ने का प्रयास किया।

संदेह होने पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गाड़ी को घेरा और तलाशी ली। तलाशी में डिग्गी में रखे स्पेयर टायर के नीचे एक बैग से 1 किलो 256 ग्राम चरस और बैग की जेब से 1 लाख रुपए की नकद राशि बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राज कुमार (52 वर्ष), निवासी तहसील कुमारसैन, जिला शिमला के रूप में हुई है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह कुल्लू-मनाली क्षेत्र में ढाबा चलाता है। पुलिस ने एनडी एंड पीएस एक्ट की धारा 20 और 25 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब इस मामले की गहन जांच कर रही है।

# बलोटी छिंज मेला 21 से, बड़ी माली विजेता को मिलेंगे 21 हजार

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** धीरा पंचायत के बलोटी मेला मैदान में बलोटी छिंज मेले के आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठकी की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी भेड़ू महादेव योगेंद्र कुमार ने की। तीन दिवसीय बलोटी छिंज मेला 21 से 23 अप्रैल तक चलेगा। मेले में बड़ी माली के विजेता को 21 हजार रुपए और उप विजेता को 15 हजार रुपए की राशि इनाम के रूप में दी जाएगी।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि मेले के दूसरे दिन कुश्ती लड़ने वाले पहलवानों को ही अंतिम दिन की कुश्ती के लिए योग्य माना जाएगा और इन्हीं पहलवानों से बड़ी माली के लिए पहलवानों का चयन कमेटी द्वारा किया जाएगा। मेले का आयोजन खंड विकास अधिकारी भेड़ू महादेव की अध्यक्षता में स्थानीय जनता के सहयोग से किया जाएगा।

# मैक्लोडगंज में बढ़ी विदेशी पर्यटकों की आमद


दिन में हो रही बारिश से मौसम सुहावना बना हुआ है। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**मैक्लोडगंज।** पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में इन दिनों विदेशी पर्यटकों की आमद बढ़ना शुरू हो गई है। सुहावने मौसम में पर्यटक बारिश का आनंद ले रहे हैं। धर्मशाला में आए दिन हो रही बारिश से मौसम सुहावना बना हुआ है, जिस कारण पर्यटकों की आमद में इजाफा हो रहा है। विदेशी पर्यटकों के साथ देश के विभिन्न राज्यों के पर्यटक भी, मैदानी क्षेत्रों में पड़ रही गर्मी से राहत के लिए पहाड़ों का रुख कर रहे हैं।

पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ व दिल्ली के पर्यटकों ने भी जिला कांगड़ा की ओर रुख करना शुरू कर दिया है। काफी संख्या में बाहरी राज्यों के पर्यटक निजी वाहनों में मैक्लोडगंज पहुंच रहे हैं।

हालांकि अप्रैल माह चल रहा है, पर्यटक यहां आकर जनवरी माह का अनुभव कर रहे हैं। बिना गर्म कपड़ों के घूमने पहुंच रहे पर्यटकों को यहां ठंड व बारिश से बचने के लिए गर्म कपड़े व रेनकोट व छाते खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है। पंजाब से पहुंचे पर्यटकों की मानें तो उनके राज्य में खासी गर्मी पड़ रही है, लेकिन धर्मशाला-मैक्लोडगंज का मौसम अद्भुत है। यहां आकर उन्हें अच्छा अनुभव हो रहा है। पर्यटकों का कहना था कि वे दो से तीन दिन का प्लान बनाकर आए थे, लेकिन यहां का मौसम इतना सुहावना है कि अब वे वीकंड मनाकर ही वापिस लौटेंगे।

# जवांवाला रेलवे स्टेशन पर मांगों को लेकर गरजे रेल कर्मचारी

**ऊषा जरियाल, अनंत ज्ञान, जवाली।** उत्तरी रेलवे मजदूर यूनियन ब्रांच पालमपुर के पदाधिकारियों, डेलीगेट्स एवं कर्मचारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को जवांवाला शहर रेलवे स्टेशन पर आयोजित की गई। बैठक के दौरान कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया और सरकार व रेलवे प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जाहिर की। बैठक में कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को बहाल करने, नई पेंशन योजना (एनपीएस) व यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) को रद्द करने की मांग प्रमुखता से उठाई। इसके अलावा कोरोना काल के दौरान फ्रीज की गई महंगाई भत्ते की तीन किस्तों का भुगतान करने, रेलवे कॉलोनियों में जर्जर हो चुके आवासों की मरम्मत कराने तथा ठेकेदारी प्रथा को समाप्त करने जैसे मुद्दों पर भी चर्चा की गई। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि लंबे समय से ये समस्याएं लंबित पड़ी हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा इन्हें गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है, जिससे कर्मचारियों में रोष बढ़ता जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी मांगों का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# अंकित कौंडल को डब्ल्यूबीजी यूथ समिट 2026 में वर्चुअल सहभागिता का अवसर

अनंत ज्ञान



◆ 11-12 जून को होगा अंतरराष्ट्रीय युवा सम्मेलन

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के छात्र अंकित कौंडल को विश्व बैंक समूह द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित डब्ल्यूबीजी यूथ समिट 2026 में वर्चुअल सहभागिता के लिए स्वीकृति प्राप्त हुई है।

यह अंतरराष्ट्रीय युवा सम्मेलन 11-12 जून 2026 को आयोजित किया जाएगा, जिसमें दुनियाभर के युवा, नीति-निर्माता और विशेषज्ञ वर्तमान चुनौतियों और भविष्य की संभावनाओं पर विचार-विमर्श करेंगे। इस वर्ष सम्मेलन की थीम फ्यूचर वर्क: डिजाइनिंग जॉबस फॉर डिजिटल ऐज है, जो डिजिटल युग में रोजगार, नवाचार, नेतृत्व और युवाओं की भूमिका पर केंद्रित है। अंकित कौंडल इससे पूर्व राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न आयोजनों में भाग ले चुके हैं, जैसे भारत को जानो राष्ट्रीय क्विज और नेशनल एनवायरमेंट यूथ पार्लियामेंट। वे पर्यावरण संरक्षण, युवा नेतृत्व और छात्र नेतृत्व से जुड़े हुए हैं। इसके अलावा, वे पब्लिक स्पीकिंग के क्षेत्र में भी सक्रिय हैं और सामाजिक व शैक्षिक विषयों पर युवाओं के बीच जागरुकता फैलाते रहे हैं। विश्व बैंक समूह के इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर अंकित की सहभागिता न केवल उनके विश्वविद्यालय, बल्कि हिमाचल प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणा और गर्व का विषय है।

# उपमुख्य सचेतक पठानिया ने दो संपर्क सड़कों का किया शिलान्यास


सुधेड़ पंचायत में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सुधेड़ पंचायत के वार्ड नंबर-1 में विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत शिलान्यास किया। इस दौरान लगभग 36 लाख रुपए की लागत से बनने वाली संपर्क सड़कों के निर्माण कार्यों की शुरुआत की गई।

विधायक ने मुख्य संपर्क मार्ग से धार गांव तक लगभग 33 लाख रुपए की लागत से बनने वाली 455 मीटर लंबी सड़क का शिलान्यास किया। इसके अलावा गोल डगा वारा कोठा से भुनटेगंज गांव तक करीब 3 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सड़क निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया। इन सड़कों के निर्माण से क्षेत्र के लगभग 450 लोगों को सीधा लाभ मिलेगा तथा आवागमन की सुविधा में सुधार होगा। इस दौरान विधायक ने धार गांव में स्थानीय लोगों से रू-ब-रू हुए तथा उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। इससे पहले विधायक ने ग्राम पंचायत भतल्ला के अंतर्गत तोता रानी (वार्ड नंबर-5) में भी लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। क्षेत्रवासियों ने बिजली, पानी, सडक़, सिंचाई सहित विभिन्न विकास कार्यों से जुड़ी समस्याएं उनके समक्ष रखीं, जिनमें से कई का समाधान मौके पर ही किया गया। वहीं, कजलोट पंचायत के वार्ड नंबर-5 में आयोजित धन्यवाद समारोह में भी शामिल हुए। यहां भी लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

# गोमा ने किए महाराज नगर कुश्ती के विजेता सम्मानित

## महाराज नगर मेले के समापन पर की युवक मंडल को 50 हजार देने की घोषणा

अनंत ज्ञान


विजेता पहलवान को सम्मानित करते खेल मंत्री यादविंद्र गोमा। अनंत ज्ञान

**नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर।** आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने महाराज नगर (दबाटा) में आयोजित मेले के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने स्थानीय जनता और मेला समिति को मेले के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

उन्होंने कहा कि यह मेला वर्ष 1905 से निरंतर आयोजित किया जा रहा है, जो क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यहां पर खेल मैदान के निर्माण कार्य को करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र उपलब्ध करवाया जाए, ताकि निर्माण कार्य शुरू किया जा सके। उन्होंने युवक मंडल को खेल संबंधी सामग्री लेने के लिए 50 हजार और मेला कमेटी को 25 हजार रुपए देने की घोषणा की। समापन समारोह के दौरान खेल एवं अन्य गतिविधियों के विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए मंत्री ने खेल भावना की सराहना की। उन्होंने कुश्ती के विजेता बिल्लू होशियारपुर व उपविजेता रविंद्र दिल्ली सहित वॉलीबाल प्रतियोगिता की विजेता को पुरस्कार वितरित किए। महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण खेलों को प्रोत्साहन देते हुए उन्होंने महिला रस्साकशी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले ओम महिला मंडल महाराज नगर तथा द्वितीय स्थान पर रहे एकता महिला मंडल को सम्मानित किया। इसके अलावा मटका फोड़ प्रतियोगिता की विजेता मंजू देवी और म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में प्रथम रही। अनिता देवी को भी मंत्री द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जसवंत डढवाल, मेला समिति के प्रधान कुलवंत शर्मा, उपप्रधान संजीव, सचिव ओम प्रकाश वर्मा, ओपी धीमान आदि उपस्थित रहे।

# अब्दुल्लापुर में इंटर जेनरेशनल बॉन्डिंग कैंप का आयोजन

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के तहत उपमंडल कांगड़ा की अब्दुल्लापुर पंचायत में इंटर जेनरेशनल बॉन्डिंग कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप तहसील कल्याण अधिकारी सुभाष चंद की अगुवाई में हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नई और पुरानी पीढ़ी के बीच भावनात्मक समन्वय को बढ़ाना और बुजुर्गों के प्रति सम्मान को प्रोत्साहित करना था। सुभाष चंद ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में बुजुर्गों में अकेलेपन की समस्या बढ़ रही है और हमें उन्हें अधिक समय देना चाहिए। इस अवसर पर युवाओं ने नशे से दूर रहने की अपील की। अपेक्स कंप्यूटर सेंटर कांगड़ा के छात्रों ने सुंदर भाषण, स्किट और नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान विशेष अतिथियों और बच्चों को सम्मानित किया गया।

# समर्पण व सेवा की भावना से प्रेरणास्त्रोत बनी रेडक्रॉस सोसायटी: मंडलायुक्त

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** रेडक्रॉस सोसायटी समाज के कमजोर, जरूरतमंद एवं संकटग्रस्त वर्गों के लिए एक मजबूत सहारा बनकर कार्य कर रही है। समर्पण व सेवा की भावना से अन्य संगठनों के लिए रेडक्रॉस सोसायटी, प्रेरणास्त्रोत बनकर उभरी है। यह बात मंडलायुक्त संदीप कुमार ने मंगलवार को पुलिस ग्राउंड धर्मशाला में रेडक्रॉस मेले में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए कही।

उन्होंने सभी सक्रिय सदस्यों सहित जुड़े सभी स्वयंसेवकों के योगदान को सराहा और उनके प्रति व्यक्तिगत सम्मान व्यक्त किया। मंडल आयुक्त ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल समाज सेवा की भावना को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि आमजन को स्वास्थ्य, जागरूकता और सामाजिक सहभागिता के लिए भी प्रेरित करते हैं। उन्होंने आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी रेडक्रॉस सोसाइटी इसी प्रकार समाजहित में कार्य करती रहेगी। उन्होंने मेले में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी सराहना की। उन्होंने इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के मंच उनकी प्रतिभा को निखारने में सहायक सिद्ध होते हैं। मेले के दौरान विभिन्न विभागों, संस्थानों और स्वयंसेवी संगठनों द्वारा अनेक जागरूकता एवं जानकारीपरक स्टॉल लगाए गए। इसके अलावा बच्चों और युवाओं के लिए मेले में विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। मेले में स्थानीय व्यंजनों के स्टॉल के साथ-साथ महिला मंडलों एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित हस्तशिल्प, घरेलू उत्पाद और पारंपरिक वस्तुओं की प्रदर्शनी एवं बिक्री भी की गई। वहीं, आयुष्मान आरोग्य शिविर में आमजन को नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं।

### पैट्रन मेंबर्स एवं लाइफ मेंबर्स को किया सम्मानित

**समाजसेवी** संतोष कटोच ने रेडक्रॉस सोसाइटी को 5 हजार रुपए, जबकि 29 अन्य रेडक्रॉस सदस्यों ने एक-एक हजार रुपए का योगदान देकर सेवा कार्यों में सहयोग दिया। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसाइटी के पैट्रन मेंबर्स एवं लाइफ मेंबर्स को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**कार्यक्रम** झकलेहड़ पंचायत में पौंग बांध विस्थापितों ने किया सम्मानित समारोह आयोजित

# विस्थापितों के मुद्दों का समाधान प्राथमिकता: कमलेश

अनंत ज्ञान



विधायक कमलेश ने तीन विभिन्न सड़कों के सुधारीकरण कार्य का भूमि पूजन किया। अनंत ज्ञान

**शिव गुलेरिया, देहरा।** देहरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत हरिपुर की झकलेहड़ पंचायत में विस्थापित परिवारों की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक कमलेश ठाकुर का गर्मजोशी से स्वागत किया गया और उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि विधायक कमलेश ठाकुर ने विस्थापितों के लंबे समय से लंबित मुद्दों को प्रभावी ढंग से सरकार के समक्ष उठाया, जिसके परिणामस्वरूप 89 विस्थापित परिवारों को भूमि आवंटन प्रमाण पत्र (पट्टे) प्राप्त हुए हैं। इसे विस्थापितों के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना गया।

विधायक कमलेश ने इसे विस्थापित परिवारों के संघर्ष और धैर्य का प्रतीक बताया और कहा कि विस्थापितों के मुद्दों का समाधान उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में सभी लंबित मामलों का शीघ्र समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 40 पट्टों की फाइलें तैयार हो चुकी हैं, जिनका वितरण जल्द ही किया जाएगा।

इसके अलावा, कुछ तकनीकी कारणों से देरी हुई मामलों को भी प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा। विधायक ने गुरु रविदास गुरुद्वारा से संबंधित भूमि समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया और गुरुद्वारे के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइनों को स्थानांतरित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की बात कही। साथ ही, गुरुद्वारे के लिए शौचालय निर्माण के लिए 50 हजार रुपये और झकलेहड़ पंचायत भवन के लिए 1 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। विधायक ने यह भी बताया कि हरिपुर अस्पताल में जल्द ही एंबुलेंस सेवा शुरू की जाएगी और हरिपुर कॉलेज को बंद न करने का मुद्दा विधानसभा में उठाया गया है। इसके अलावा, हरिपुर से दोसडक़ा होते हुए भटोली फकोरियां मार्ग के निर्माण के लिए 70 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इससे पूर्व विधायक ने क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों का दौरा कर लगभग 62 लाख रुपए की लागत से खैरियां और बौंगता पंचायत में वर्षा से क्षतिग्रस्त सड़कों के सुधार एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों का भूमि पूजन भी किया।

# गुरु की महत्ता और आत्म साक्षात्कार के रहस्य बताए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राय बहादुर जोधामल सराय डिपो बाजार में आयोजित हनुमंत कथा एवं अष्टावक्र गीता के तीसरे दिन श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए परमहंस महंत पुनीत गिरि महाराज ने गुरु की महत्ता और आत्म-साक्षात्कार के रहस्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जीवन के गूढ़ रहस्यों को समझने का मार्ग गुरु के सानिध्य से ही संभव है। महाराज ने बताया कि बिना गुरु के साधना कठिन है, क्योंकि सत्संग का निरंतर प्रवाह आवश्यक है, ताकि चित्त में वह भाव जाग्रत हो सके जो जीव को ईश्वर के निकट ले जाए। अष्टावक्र और राजा जनक के प्रसंग का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जब सही गुरु और शिष्य का मिलन होता है, तब आत्मा को पंचभूतों के बंधन से मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि मुक्ति बाहरी तत्वों में नहीं, बल्कि आत्मा के शुद्ध चैतन्य में है। गुरु भक्ति का असली अर्थ अपने भीतर के अदृश्य और अविनाशी आत्म-तत्व को पहचानना है। आज की व्यस्त जिंदगी में यदि हम साक्षी भाव को अपना लें, तो इसी देह में परम शांति और मुक्ति संभव है।

# प्राकृतिक खेती करने वाले किसान सम्मानित


कछियारी में जागोरी चैरिटेबल रूरल ट्रस्ट ने किया किसान मेले का आयोजन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**गगल।** कांगड़ा के कछियारी स्थित निजी होटल में मंगलवार को जागोरी चैरिटेबल रूरल ट्रस्ट की ओर से किसान मेले का आयोजन किया गया, जिसमें कांगड़ा और चंबा के 6 प्रमुख ब्लॉकों (धर्मशाला, नगरोटा बगवां, नगरोटा सूरियां, कांगड़ा, रैत और चंबा के तीसा व महला) से आए लगभग 300 किसानों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में आत्मा परियोजना के निदेशक शशिपाल अत्री ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि मधुमक्खी पालन विशेषज्ञ डॉ. निशा मेहरा, पल्लवी (बीटीएम), दीक्षा (एटीएम) और निष्ठा संस्था की संस्थापक डॉ. बारबरा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस दौरान विशेषज्ञों ने सरकारी योजनाओं, जैविक खेती और मधुमक्खी पालन के लाभों पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं किसानों ने खेती व पर्यावरण से जुड़े लोक गीत और नृत्य प्रस्तुत कर अपने अनुभव साझा किए।

मेले का मुख्य आकर्षण उन प्रगतिशील किसानों का सम्मान रहा, जो पिछले 10 वर्षों से अधिक समय से जागोरी संस्थान के साथ जुडक़र अपनी 5 कनाल से अधिक भूमि पर सफलतापूर्वक प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। इन किसानों को मुख्य अतिथि शशिपाल अत्री, जागोरी की कार्यकारी निदेशक आभा भैया और डॉ. बारबरा द्वारा प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में शशिपाल अत्री ने प्राकृतिक खेती को भविष्य की जरूरत बताया और आत्मा परियोजना के सहयोग का आश्वासन दिया, वहीं आभा भैया और डॉ. बारबरा ने टिकाऊ खेती में महिलाओं की भूमिका को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए किसानों के संघर्ष की सराहना की। इस अवसर पर जागोरी संस्थान के चंद्रकांता, निखिल, कुलदीप, ममता, तृप्ता, मंजू, उर्मिला, बचनी, वंदना, अक्षिता और अजय भी विशेष रूप से शामिल रहे।

## मारपीट व जान से मारने की धमकी महिला से छेड़छाड़ का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा में कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वाली दो अलग-अलग घटनाओं ने आमजन में चिंता का माहौल पैदा कर दिया है। जिला पुलिस द्वारा दर्ज किए गए इन मामलों में मारपीट, जान से मारने की धमकी व महिला की अस्मिता पर हमला जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं। पहला मामला पुलिस थाना सदर में दर्ज किया गया है, जहां गुवाड़ निवासी संजय कुमार की शिकायत पर भड़ियाड़ा निवासी तिलक राज के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया। शिकायतकर्ता के अनुसार, 2 अप्रैल को आरोपी ने उसका रास्ता रोककर बेरहमी से लात-घूंसों से पिटाई की व उसे तथा उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। इस घटना के बाद क्षेत्र में भय का माहौल व्याप्त है। दूसरा मामला पुलिस थाना किहार में दर्ज हुआ है, जो और भी अधिक संवेदनशील है। शिकायत के अनुसार, 6 अप्रैल को एक महिला जब घास काट रही थी, तभी आरोपी ने मौके पर पहुंचकर उसकी लज्जा भंग करने का प्रयास किया। आरोप है कि उसने महिला को जबरन पकड़कर उसके साथ मारपीट की व जान से मारने की धमकी भी दी। इस घटना ने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। दोनों मामलों में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे मामलों पर तत्काल और कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र में कानून का भय बना रहे और आमजन, विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# पठानकोट-भरमौर राष्ट्रीय उच्च मार्ग बना 'मौत का रास्ता'

## गड्ढे, मिट्टी के ढेर व संकरी सड़क से सफर हुआ खतरनाक

अनंत ज्ञान



**धरवाला।** पठानकोट-भरमौर राष्ट्रीय उच्च मार्ग (NH-154A) की हालत इन दिनों बेहद दयनीय बनी हुई है, जिससे वाहन चालकों व राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जगह-जगह पड़े मिट्टी के ढेर, संकरा होता सड़क मार्ग व तालाब जैसे गहरे गड्ढे इस मार्ग को जानलेवा बना रहे हैं।

बरसात के दौरान सड़क किनारे जमा मिट्टी घुलकर पूरे मार्ग पर फैल जाती है, जिससे फिसलन बढ़ जाती है व दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। चूड़ी पुल से धरवाला, रुंगड़ी से बग्गा, धरवाला से लोथल घार, त्रिलोचन महादेव के समीप रांग घार से लेकर दुर्गेठी तक सड़क की स्थिति अत्यंत खराब है। स्थानीय निवासी व वाहन चालक अनित शर्मा, राजेश शर्मा, बालकृष्ण, दिलीप कुमार, अजीत शर्मा, विपिन, विजय सिंह मियां, दलजीत मिन्हास, भगत सिंह, अजय कुमार, कमल ठाकुर, विक्की ठाकुर और सोनू का कहना है कि वर्ष 2025 में आई आपदा के बाद 8 महीने बीत जाने के बावजूद सड़क की हालत जस की तस बनी हुई है। लोगों का आरोप है कि सड़क किनारे पड़े मिट्टी के बड़े ढेर व गहरे गड्ढे न केवल वाहन चालकों, बल्कि राहगीरों और स्कूली बच्चों के लिए भी खतरा बने हुए हैं। हर दिन इस मार्ग से गुजरना किसी जोखिम से कम नहीं है। आगामी पवित्र मणिमहेश यात्रा को लेकर भी लोगों में चिंता बढ़ गई है। एक ओर सरकार इस यात्रा को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने की बात कर रही है। वहीं, दूसरी ओर इस महत्वपूर्ण मार्ग की बदहाल स्थिति प्रशासनिक दावों की पोल खोल रही है। विधानसभा सत्र के दौरान पांगी-भरमौर के विधायक डॉ. जनक राज द्वारा भूस्खलन प्रभावित स्थानों का मुद्दा उठाए जाने के बावजूद संबंधित विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत व सुधार कार्य शुरू करने की मांग की है, ताकि आम लोगों, वाहन चालकों व यात्रियों का सफर सुरक्षित और सुगम हो सके।

अनंत ज्ञान मुद्दा

## स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सिंग छात्राओं की अहम भूमिका, विशेषज्ञों ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव

अनंत ज्ञान




**चंबा।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, चंबा द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जालम भारद्वाज ने की, जिसमें शकुंतला मेमोरियल नर्सिंग कॉलेज, चंबा की छात्राओं सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर डॉ. जालम भारद्वाज ने कहा कि वर्तमान समय में स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की थीम 'टुगेदर फॉर हेल्थ, स्टैंड विद साइंस' लोगों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में विज्ञान आधारित निर्णय अपनाने के लिए प्रेरित करती है, जिससे एक स्वस्थ और सुरक्षित समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने टीकाकरण, स्वच्छता, संतुलित पोषण और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इन उपायों को अपनाकर कई गंभीर बीमारियों से बचाव किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अफवाहों और भ्रांतियों से दूर रहें और केवल प्रमाणित वैज्ञानिक जानकारी पर ही विश्वास करें। नर्सिंग छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वे समाज में स्वास्थ्य सेवाओं की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और जागरूकता फैलाने में उनकी अहम भूमिका है।

जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कविता महाजन ने प्रतिभागियों को नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और नशे से दूर रहने का संदेश दिया। वहीं, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. करन हितेषी ने पोषण, मानसिक स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा संक्रामक और गैर-संक्रामक रोगों की रोकथाम पर विस्तृत जानकारी साझा की। कार्यक्रम के अंत में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी प्रतिभागियों, विशेषकर नर्सिंग छात्राओं का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

## एनएसयूआई ने कॉलेजों में छेड़ा प्लास्टिक मुक्त अभियान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा में पर्यावरण संरक्षण को लेकर एनएसयूआई (नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया) ने एक सराहनीय व जागरूकता से भरपूर पहल की है। जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा की अध्यक्षता में पूरे जिले के सभी महाविद्यालयों में 'प्लास्टिक मुक्त अभियान' की शुरुआत की गई। इस अभियान को 9 अप्रैल को मनाए जाने वाले एनएसयूआई के स्थापना दिवस से जोड़ते हुए जिला अध्यक्ष ने बताया कि संगठन ने पहले ही इस मुहिम को शुरू कर एक सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि 'प्लास्टिक प्रदूषण आज एक गंभीर समस्या बन चुका है, और युवा वर्ग की जिम्मेदारी है कि वह इसके खिलाफ आगे आएं।' अभियान के तहत महाविद्यालय चोवाड़ी में इकाई अध्यक्ष सूरज के नेतृत्व में छात्रों ने परिसर में फैले प्लास्टिक कचरे को एकत्रित किया। एकत्रित प्लास्टिक को बंजर भूमि में दफनाया गया, साथ ही छात्रों को प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जागरूक किया गया। इस दौरान छात्रों में खासा उत्साह देखने को मिला और उन्होंने भविष्य में भी इस तरह के पर्यावरण संरक्षण अभियानों में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। एनएसयूआई की यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक मजबूत कदम मानी जा रही है, बल्कि यह युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारी का भी अहसास करवा रही है।

## बनीखेत के होटल व्हाइट ऑर्किड की लिफ्ट विवाद ने पकड़ा कानूनी तूल, कंपनी पर लापरवाही के आरोप

अनंत ज्ञान

**बनीखेत।** बनीखेत स्थित होटल व्हाइट ऑर्किड में स्थापित लिफ्ट के लगातार खराब रहने का मामला अब कानूनी स्तर तक पहुंच गया है।

होटल प्रबंधन की ओर से संबंधित लिफ्ट कंपनी को विधिक नोटिस जारी किया गया है। यह नोटिस हमीरपुर स्थित फर्म मैसर्स विमांशु एलीवेटर एंड एस्केलेटर को भेजा गया है, जिसमें कंपनी पर अनुबंध की शर्तों के उल्लंघन, रखरखाव में लापरवाही और सेवा में कमी जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। साथ ही, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत क्षतिपूर्ति की मांग भी की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, होटल प्रबंधन ने जून 2024 में उक्त कंपनी से VDN001 MRL मॉडल की लिफ्ट खरीदी व स्थापित करवाई थी। स्थापना के समय कंपनी ने पांच वर्षों तक निशुल्क मेंटेनेंस सेवा देने का आश्वासन दिया था। इसके बावजूद, लिफ्ट पिछले दो महीनों

◆**लिफ्ट कंपनी को विधिक नोटिस जारी किया गया**

से अधिक समय से खराब पड़ी है व 15 जनवरी से पूरी तरह बंद है, जिससे होटल के संचालन पर गंभीर प्रभाव पड़ा है।

होटल प्रबंधन का आरोप है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद कंपनी ने समस्या के समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया। टेलीफोन व अन्य माध्यमों से संपर्क करने पर भी संतोषजनक जवाब नहीं मिला। प्रबंधन का कहना है कि कंपनी जानबूझकर अपनी अनुबंधित जिम्मेदारियों से बच रही है और तकनीकी खामियों को छिपाने का प्रयास कर रही है। लिफ्ट के लंबे समय से बंद रहने के कारण पर्यटन सीजन में होटल को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है, साथ ही प्रतिष्ठा को भी नुकसान पहुंचा है। मेहमानों और कर्मचारियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा, जिससे मानसिक तनाव की स्थिति बनी रही। जारी विधिक नोटिस में कंपनी से मांग की गई है कि निर्धारित समयावधि के भीतर लिफ्ट को पूर्ण रूप से चालू किया जाए, अनुबंध के अनुसार नियमित मेंटेनेंस सेवा सुनिश्चित की जाए व नुकसान की भरपाई की जाए। नोटिस में यह भी स्पष्ट किया गया है कि समयसीमा के भीतर मांगें पूरी न होने पर उपभोक्ता आयोग सहित सक्षम न्यायालयों में कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी कंपनी की होगी। इस मामले को पहले ही हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग के बिजली प्रभाग के समक्ष भी उठाया जा चुका है, जहां लिफ्ट व संबंधित बिजली व्यवस्थाओं की जांच की मांग की गई है। यह प्रकरण अब केवल एक होटल तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि प्रदेश में निजी लिफ्ट स्थापना कंपनियों की जवाबदेही और सुरक्षा मानकों पर भी गंभीर प्रश्न खड़े कर रहा है।

## अर्पिता व रिया की टीम ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में झटका प्रथम स्थान



प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजेता बच्चे। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**चंबा।** शिक्षा खंड सुंडला के अंतर्गत आने वाली राजकीय प्राथमिक पाठशाला मौड़ा में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कक्षा पांचवीं की अर्पित शर्मा व रिया शर्मा की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया, दूसरे स्थान पर अरमान लोन व गोलू रावत की टीम तथा तीसरे स्थान पर लक्ष्य व इनायत की टीम रही। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन यूथ एवं इको क्लब राजकीय प्राथमिक पाठशाला मौड़ा के अंतर्गत किया गया, जिसका संचालन पाठशाला प्रभारी व राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक युद्धवीर टंडन द्वारा किया गया। प्रश्नोत्तरी में स्वच्छता स्वास्थ्य संतुलित आहार पाचन व भोजन से जुड़े प्रश्नों को शामिल किया गया व पॉवर प्वॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बच्चों से प्रश्न पूछे गए।

इस अवसर पर बच्चों को विश्व स्वास्थ्य दिवस के महत्व व जीवन में स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के महत्व को लेकर जागरूक किया गया। बच्चों ने भी इस अवसर पर नशा मुक्ति व स्वस्थ आहार जैसे विषयों पर भाषण व कविताएं प्रस्तुत इसके अतिरिक्त बच्चों द्वारा स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भ्रमण के अपने अनुभवों को भी साझा किया गया।

## कार्यों को जल्द पूर्ण करें कार्यान्वयन एजेंसियां: डीसी

अनंत ज्ञान



डीसी बैठक की अध्यक्षता करते हुए। अनंत ज्ञान

**चंबा।** डीसी मुकेश रेपसवाल ने कहा कि विभिन्न विकेंद्रीकृत योजनाओं व संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत वर्ष 2022-23 तक के सभी विकासात्मक कार्यों को कार्यान्वयन एजेंसियां निर्धारित समय सीमा के भीतर जल्द पूर्ण करना सुनिश्चित बनाएं। यह बात डीसी ने जिले में विभिन्न विकेंद्रीकृत योजना मदों तथा संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 तक स्वीकृत, लेकिन शुरू न हो सकी योजनाओं को पूर्ण करने के लिए हर संभव विकल्प तलाशें या स्वीकृत की गई राशि को जिला प्राधिकरण व सरकारी कोष में वापस करना सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने कार्यान्वयन एजेंसियों को निर्देश दिए कि वित्त वर्ष 2023-24 तक की प्रगति पर चल रही योजनाओं को एक माह के भीतर पूर्ण करें, ताकि कार्यों में अनावश्यक विलंब न हो। उन्होंने वर्ष 2026 तक योजना के अंतर्गत स्वीकृत किए गए सभी कार्यों को जल्द शुरू करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पूर्ण हो चुकी योजनाओं के उपयोग व पूर्णता प्रमाण पत्र को नियमित रूप से योजनाओं की निगरानी सूचना प्रणाली एवं ई-साक्षी पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे सभी प्रगति पर एवं प्रारंभ न हुई योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से अपडेट करें तथा संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना सहित सभी योजनाओं की मासिक रिपोर्ट प्रत्येक माह की 10 तारीख से पहले जिला योजना अधिकारी को प्रेषित करें। बैठक की कार्रवाई का संचालन जिला योजना अधिकारी डॉ. देवेंद्र सिंह ने किया। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अमित मैहरा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जालम सिंह भारद्वाज, उपनिदेशक पशुपालन राकेश भंगालिया, वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद राखी कौशल, सहायक अभियंता कनाव बड़ोत्रा व कनिष्ठ अभियंता नीतिका ठाकुर सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## तीन महीने से वेतन नहीं, 7 दिन में समाधान नहीं, तो आउटसोर्स कर्मचारी करेंगे हड़ताल

अनंत ज्ञान



**चंबा।** पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज व अस्पताल चंबा के आउटसोर्स कर्मचारियों का धैर्य अब जवाब देने लगा है। पिछले तीन महीनों से वेतन न मिलने व अन्य वित्तीय लाभों के लंबित रहने से आक्रोशित कर्मचारियों ने प्रशासन के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए 7 दिनों का अल्टीमेटम दे दिया है।

मांगें पूरी न होने पर सामूहिक हड़ताल व कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी गई है। आउटसोर्स कर्मचारी यूनियन ने डीसी चंबा को ज्ञापन सौंपकर अपनी पीड़ा साझा की। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें बीते 3 महीनों से वेतन नहीं मिला है, जबकि अप्रैल 2025 से एरियर और ईपीएफ का भुगतान भी अब तक अटका हुआ है। बार-बार लिखित निवेदन व बैठकों के बावजूद कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। कर्मचारियों ने बताया कि वे अपनी सेवाएं पूरी ईमानदारी व जिम्मेदारी के साथ दे रहे हैं, लेकिन समय पर वेतन न मिलना उनके अधिकारों का सीधा उल्लंघन है।

आर्थिक तंगी इस कदर बढ़ गई है कि सैकड़ों कर्मचारियों के परिवारों का गुजारा करना मुश्किल हो गया है। यूनियन ने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 7 दिनों के भीतर वेतन व बकाया राशि जारी नहीं की गई, तो सभी कर्मचारी शांतिपूर्ण हड़ताल व काम बंद करने के लिए मजबूर होंगे। ऐसी स्थिति में अस्पताल की सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# भगोत में कूड़ा संयंत्र का विरोध तेज

## गो सदन, श्मशान व रावी के बीच 'प्रोजेक्ट' पर भड़की आस्था व पर्यावरण की जंग

अनंत ज्ञान



**चंबा।** जिला चंबा के मुख्य शहर से सटे भगोत क्षेत्र में प्रस्तावित कूड़ा संयंत्र को लेकर विवाद अब गहराता जा रहा है।

स्थानीय लोगों का गुस्सा खुलकर सामने आ गया है। मंगलवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों व स्थानीय निवासियों ने जिला उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल को ज्ञापन सौंपकर इस योजना का जोरदार विरोध दर्ज कराया। लोगों का कहना है कि जिस स्थान पर प्रशासन कूड़ा संयंत्र स्थापित करने की योजना बना रहा है, वहां पहले से एक गो सदन संचालित है, जो हिंदू समाज की आस्था का प्रमुख केंद्र है। इसके ठीक समीप श्मशान घाट स्थित है और कुछ ही दूरी पर रावी नदी बहती है, ऐसे संवेदनशील और धार्मिक महत्व वाले क्षेत्र में कूड़ा संयंत्र स्थापित करना लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के साथ-साथ पर्यावरण के लिए भी गंभीर खतरा साबित होगा।

स्थानीय वरिष्ठ नागरिक डीके सोनी ने कहा कि 'प्रशासन को यह समझना चाहिए कि यह केवल एक जमीन का टुकड़ा नहीं, बल्कि लोगों की आस्था और पर्यावरण से जुड़ा मुद्दा है। यहां कूड़ा संयंत्र लगाना पूरी तरह अनुचित है।' प्रदर्शनकारियों ने आशंका जताई कि संयंत्र से निकलने वाले कचरे व रासायनिक तत्वों से रावी नदी का जल और अधिक प्रदूषित होगा। साथ ही, दुर्गंध और वायु प्रदूषण के कारण क्षेत्र में श्वसन संबंधी बीमारियों और त्वचा रोगों का खतरा बढ़ सकता है। इसका असर न केवल मानव स्वास्थ्य पर पड़ेगा, बल्कि स्थानीय खेती और जलचर जीवन भी प्रभावित होगा। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि न तो गौ सदन को बंद किया जाए और न ही इस स्थान पर कूड़ा संयंत्र स्थापित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रशासन इस परियोजना के लिए किसी अन्य वैकल्पिक, प्रदूषण मुक्त स्थान का चयन करे, जिससे धार्मिक आस्था और पर्यावरण दोनों सुरक्षित रह सकें। प्रदर्शनकारियों ने आगे कहा कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो वे अपने आंदोलन को और उग्र रूप देंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## पटराहन मार्ग को डंगों का सहारा दिया जाए

**अनंत ज्ञान, महादेव।** सुंदरनगर विधानसभा सभा क्षेत्र के अंतर्गत आती ग्राम पंचायत कपाही के एक बड़े भाग में सड़क मार्गों की हालत बेहद खस्ता है। सड़क मार्ग गड्ढों की गिरफ्त में हैं। वहीं, जगह-जगह भूमि कटाव होने से सड़क मार्ग से सटी भूमि गहरी खाइयों में ढही-बही हालत में देखी जा सकती है जहां डंगें लगाने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। इस पंचायत के अंतर्गत गांव डोडवां व पटराहन आदि ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ता सड़क मार्ग गहरे गड्ढों की गिरफ्त में है साथ ही भूमि कटाव वाले स्थान पर वाहन चालक बेहद परेशानी झेल रहे हैं। वहीं, अन्य कई क्षेत्रों में जुड़े लोग भी लंबे अरसे से संकट का सामना कर रहे हैं। यह हल्की ऊंचाई वाला एक ऐसा आबाद क्षेत्र है, जहां थोड़ी सी चूक होने पर ढांख से गिरने पर बड़ी अनहोनी की आशंका बनी रहती है। बुद्धिजीवी व अन्य लोगों ने उक्त ग्रामीण क्षेत्रों को डंगों आदि का मजबूत सहारा देने के लिए डीसी मंडी से पुरजोर मांग की है।



पटराहन मार्ग को डंगों की जरूरत। अनंत ज्ञान

# साच पास के लिए खुला रास्ता, खूबसूरत वादियों तक पहुंच आसान

अनंत ज्ञान

**बैरागढ़।** डीसी चंबा मुकेश रेपसवाल ने बैरागढ़ चेक पोस्ट से साच पास के स्नो प्वॉइंट/रानीकोट तक वाहनों की आवाजाही को सशर्त अनुमति देकर क्षेत्र के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोल दिए हैं। लंबे समय से स्थानीय लोग इस मार्ग को खोलने की मांग कर रहे थे, ताकि पर्यटन को बढ़ावा मिल सके और क्षेत्र की आर्थिक स्थिति मजबूत हो।

यह इलाका अपनी प्राकृतिक सुंदरता, बर्फ से ढकी चोटियों व अनछुए पर्यटन स्थलों के लिए जाना जाता है। जानकारों के अनुसार, इस क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं और सड़क खुलने से न सिर्फ पर्यटकों की आवाजाही बढ़ेगी, बल्कि प्रदेश सरकार के राजस्व में भी इजाफा होगा। इसी बीच, साच पास टैक्सी यूनियन के सचिव चमन ठाकुर ने भी इस फैसले पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वे काफी समय से इस मार्ग को खोलने की मांग कर रहे थे, ताकि इस क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिल सके।



प्राकृतिक सुंदरता, बर्फ से ढकी चोटियों व अनछुए पर्यटन स्थलों के लिए जाना जाता है साच पास। अनंत ज्ञान

उन्होंने इसे स्थानीय लोगों और पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए राहत भरा निर्णय बताया। हालांकि, प्रशासन ने साफ कर दिया है कि पर्यटन के नाम पर पर्यावरण व सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इसी को ध्यान में रखते हुए कड़े नियम लागू किए गए हैं। बैरागढ़ पुलिस चेक पोस्ट पर हर वाहन की अनिवार्य एंट्री होगी, जिसमें चालक और यात्रियों की पूरी जानकारी दर्ज की जाएगी। पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए पर्यटकों द्वारा ले जाए जा रहे खाद्य पदार्थों और पैकेज्ड आइटम्स का भी रिकॉर्ड रखने का फैसला लिया है। साथ ही, सभी पर्यटकों को अपना कचरा वापस लाना अनिवार्य होगा और केवल निर्धारित स्थान पर ही उसे फेंकना होगा। नियमों के उल्लंघन पर जुर्माना और कानूनी कार्रवाई तय है। साच पास टैक्सी यूनियन के सचिव बैरागढ़ चेक पोस्ट पर अधिकृत किराया सूची (रेट चार्ट) का प्रदर्शन सुनिश्चित करेंगे ,चेक पोस्ट पर स्पष्ट चेतावनी बोर्ड लगाए जाएंगे, जिनमें कूड़ा फैलाने पर रोक और सख्त दंड का उल्लेख होगा। वहीं, साच पास टैक्सी यूनियन को भी अधिकृत रेट चार्ट प्रदर्शित करने और सरकारी दरों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि वाहनों की आवाजाही मौसम, सड़क की स्थिति और प्रशासनिक एडवाइजरी के अधीन रहेगी।

एसडीएम चुराह को इस पूरे प्रबंधन की निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। उम्मीद जताई जा रही है कि इस फैसले से जहां एक ओर पर्यटकों को नई और खूबसूरत लोकेशनों तक पहुंच मिलेगी, वहीं दूसरी ओर चंबा जिले में पर्यटन को नई रफ्तार और प्रदेश सरकार को अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा।

**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी-शाहपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. ।**
मुकदमा इन्द्राज सेहत नाम
पेशी- 05.05.2026
अजीत सिंह पुत्र श्री सरन दास निवासी महाल ददरोली तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. ।
**बनाम आम जनता**
**विषय-** दरुस्ती नाम हि0प्र0रा0 अधिनियम 1954 की जेर धारा 37 के तहत महाल ददरोली मौजा सिहुं में नाम दरुस्ती वारे।
उपरोक्त मुकदमा वारे प्रार्थी ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र गुजारा है जिसमें लिखा है उनका सही नाम अजीत सिंह महाल ददरोली मौजा सिहुं तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. है। जबकि महाल ददरोली मौजा सिहूं में उनका नाम जीत सिंह दर्ज है जो कि गलत इन्द्राज हुआ है। प्राथी उक्त नाम को दरुस्त करके अजीत सिंह पुत्र श्री सरन दास महाल ददरोली मौजा सिहुं में दर्ज करवाना चाहता है।
अत उक्त प्रार्थना पत्र के संदर्भ में उपरोक्त नाम की दरुस्ती वारे किसी को कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन इस अदालत में दिनांक 05.05.2026 को दोपहर बाद 2 बजे हाजिर आ सकता है। हाजिर न आने की स्थिती में एकतरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जाकर आगामी आदेश पारित कर दिए जाएंगे और बाद में कोई भी उजर या एतराज जेरे समायत न होगा।
आज दिनांक27/03/26को को मेरी मोहर व हस्ताक्षर सहित जारी हुआ।
**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी शाहपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. ।**

**व अदालत नायव तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.।**
मुकदमा न./NT/26
तारीख पेशीः- 09.04.2026
नरेश कुमार पुत्र सुर्जन निवासी वार्ड न. 10 गांव कालू दी हट्टी, डा. मारण्डा, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र.।
**आम जनता**
प्रार्थना पत्र वराये जन्म पंजीकरण- नरेश कुमार पुत्र सुर्जन निवासी वार्ड न. 10 गांव कालू दी हट्टी, डा. मारण्डा, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र. ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि उनकी माता ठाकरी देवी की मृत्यू दिनांक 02.10.1991 को ग्राम पंचायत कालू दी हट्टी डा. मारण्डा में हुई है, लेकिन सम्बन्धित ग्राम पंचायत नच्छिर / नगर निगम पालमपुर में मृत्यू पंजीकरण अभिलेख में दर्ज न है। अतः सर्व साधारण को इस इतलाह वजरिया अखवारी ईश्तहार द्वारा करवाई जा रही है। यदि किसी को इस मुकद्दमा वारे कोई उज्र / एतराज है तो वह असालतन या वकालतन अधोहस्ताक्षरी की अदालत में दिनांक 09.04.2026 हाजिर होकर अपना पक्ष रख सकता है। गैर हाजरी की सूरत में प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाएगा।
आज दिनांक 31/3/2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर।**

**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी-शाहपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.।**
मुकदमा इन्द्राज जन्म तिथी ।
पेशी- 05.05.2026
प्रेम लता पुत्री स्व. श्री दुनी चंद निवासी गांव व डाकघर नेरटी तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. और अब पत्नी श्री मनोहर लाल निवासी गांव व डाकघर बलाना तहसील सिहुंता जिला चम्बा हि.प्र. ।
**बनाम**
1. आम जनता , 2. सचिव गम पंचायत नेरटी। 3. सी0एम0ओ0 कांगड़ा स्थित धर्मशाला।
**विषय-** बाबत इन्द्राज जन्म एवं मृत्यु तिथी अधीन जेर धारा 13 (3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 के तहत जन्म प्रमाण पत्र लेने वारे।
उपरोक्त मुकदमा वारे प्राथीर्या ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र गुजारा है कि जिसमें लिखा है कि उसका जन्म दिनांक 02.07.1971 गांव व डाकघर नेरटी में हुआ है परन्तु अज्ञानतावश इसका इन्द्राज ग्गांम पंचायत नेरटी तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश के रिकार्ड में दर्ज नहीं हुआ है। प्राथीया उक्त जन्म तिथी को दर्ज करवाना चाहती है। इस संदर्भ में Addl. District Registrar-cum Chief medical officer के Recommandation letter No. HFW/KGR/ST(Delayed)(B&D)/2026/1127 date 30.03.2026 द्वारा भी इस वारे इस कार्यालय को जन्म प्रमाण पत्र जारी करने वारे प्रेषण किया गया है। अतः उक्त प्रार्थना पत्र के संदर्भ में यदि आम जनता या अन्य किसी को उक्त जन्म तिथी को ग्राम पंचायत नेरटी विकास खण्ड रैत के रिकार्ड के जन्म रजिस्टर में दर्ज करवाने वारे कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन इस कार्यालय में दिनांक 05.05.2026 को दोपहर बाद 2 बजे हाजिर आ सकता है। हाजिर न आने की स्थिती में एकतरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जाकर आगामी आदेश पारित कर दिए जाएंगे और बाद में कोई भी उजर या एतराज जेरे समायत न होगा।
आज दिनांक 06.04.26 को मेरी मोहर व हस्ताक्षर सहित जारी हुआ।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी शाहपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. ।**

**अदालती नोटिस**
**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव सहायक समाहर्त द्वितीय श्रेणी पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.।**
किस्म मुकदमा - नाम दरुस्ती
मुकदमा न.
तारीख पेशी- 21.04.2026
**संजय मिश्रा पुत्र जीवन लाल निवासी गांव बिहार, डा. वनूरी, तहसील पालमपुर, जिला कांगडा हि.प्र.**
**बनाम आम जनता**
**विषयः-** मुकदमा नाम दरुस्ती में आम जनता को ईतलाह वजरिया अखवारी करवाने वारे ।
वजरिया अखवारी ईश्तहार, प्रार्थी संजय मिश्रा पुत्र जीवन राम मिश्रा निवासी गांव बिहार, डा. वनूरी, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र. ने इस अदालत में प्रार्थना पत्र मय व्यान हल्फी द्वारा सूचित किया है कि उसके पति का असल नाम संजय मिश्रा पुत्र जीवन लाल है, परन्तू कागजात माल महाल भ्यार मौजा बनूरी में प्रार्थी का नाम संजय कुमार पुत्र जीवन लाल दर्ज कागजात माल किया गया है जोकि गलत है। अब उसके नाम की दरुस्ती करने उपरान्त सही नाम दर्ज कागजात माल किया जाए। अतः आम जनता को इतलाह वजरिया अदालती नोटिस, मुस्त्री मुनादी करवा कर सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मुकदमा वराये कोई उज्र / एतराज होवे तो मुकदमा की अगली पेश दिनांक 21. 04.2026 को अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर होकर अपना पक्ष रखे। गैर हाजरी की सूरत में एक तरफा कार्यवाही करते हुए प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाएगा। आज दिनांक 31.03.2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।
**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.।**

**अदालती नोटिस**
**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव सहायक समाहर्त द्वितीय श्रेणी पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.।**
किस्म मुकदमा - नाम दरुस्ती
मुकदमा न.
तारीख पेशी 21.04.2026
**मधू वाला पत्नी धर्मू राम निवासी गांव मौली चक्क, ड़ा बनूरी, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र.**
**बनाम आम जनता**
**विषयः-** मुकदमा नाम दरुस्ती में आम जनता को ईतलाह वजरिया अखवारी करवाने वारे ।
वजरिया अखवारी ईश्तहार, प्रार्थी मधू वाला पत्नी धर्मू राम निवासी गांव मौली चक्क, डा. बनूरी, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र. ने इस अदालत में प्रार्थना पत्र मय व्यान हल्फी द्वारा सूचित किया है कि उसके पति का असल नाम धर्म राम है, परन्तू कागजात माल महाल मौलीचक्क, मौजा बनूरी में प्रार्थी के पति का नाम धर्मू राम पुत्र कहणू राम दर्ज कागजात माल किया गया है जोकि गलत है। अब उसके नाम की दरुस्ती करने उपरान्त सही नाम दर्ज कागजात माल किया जाए। अतः आम जनता को इतलाह वजरिया अदालती नोटिस, मुस्त्री मुनादी करवा कर सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मुकदमा वराये कोई उज्र / एतराज होवे तो मुकदमा की अगली पेश दिनांक 21. 04.2026 को अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर होकर अपना पक्ष रखे। गैर हाजरी की सूरत में एक तरफा कार्यवाही करते हुए प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाएगा। आज दिनांक 4/4/2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।
**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.।**

अपने विषय में कुछ कहना प्रायः बहुत कठिन हो जाता है, क्योंकि अपने दोष देखना आपको अप्रिय लगता है और उनको अनदेखा करना औरों को।

–महादेवी वर्मा

## संपादकीय

# मोबाइल सुविधा भी, लत भी

मोबाइल फोन आज के समय में मानव जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। इसके बिना जीवन अधूरा सा प्रतीत होता है। यह केवल बातचीत का साधन नहीं, बल्कि एक चलता-फिरता बैंक, दस्तावेजों का भंडार, मनोरंजन का माध्यम और ज्ञान का विशाल स्रोत बन गया है। मोबाइल के माध्यम से हम कहीं भी और कभी भी बैंकिंग कार्य, ऑनलाइन भुगतान, पढ़ाई, नौकरी से जुड़े कार्य और महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

मोबाइल ने दुनिया को हमारी मुट्ठी में समेट दिया है। सोशल मीडिया, ई-मेल और वीडियो कॉल के जरिए हम दूर बैठे लोगों से भी जुड़े रहते हैं। कैमरा, संगीत, फिल्में और गेम्स जैसी सुविधाएं इसे मनोरंजन का प्रमुख साधन बनाती हैं। जीपीएस तकनीक ने यात्रा को आसान बना दिया है, वहीं शिक्षा के क्षेत्र में ऑनलाइन कक्षाएं, डिजिटल पुस्तकें और विभिन्न कोर्स मोबाइल पर उपलब्ध हैं। हालांकि, इन तमाम सुविधाओं के बीच मोबाइल का अत्यधिक उपयोग गंभीर समस्याएं भी पैदा कर रहा है। सबसे पहले इसका प्रभाव शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। आंखों में दर्द, सिरदर्द, नींद की कमी और 'टेक्स्ट नेक' जैसी समस्याएं आम होती जा रही हैं।

लंबे समय तक स्क्रीन पर नजर टिकाए रखने से मानसिक थकान और तनाव भी बढ़ता है। सामाजिक दृष्टि से भी इसके दुष्परिणाम चिंताजनक हैं। मोबाइल की लत ने लोगों को एक-दूसरे से दूर कर दिया है। बच्चों और युवाओं में ध्यान की कमी, पढ़ाई में गिरावट और व्यवहारिक बदलाव स्पष्ट रूप से देखे जा सकते हैं। अत्यधिक सोशल मीडिया उपयोग से चिंता, अवसाद और आत्मविश्वास में कमी जैसी समस्याएं भी बढ़ रही हैं। हाल के समय में एक घटना ने इस समस्या की गंभीरता को और उजागर किया है।

हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिले के नादौन क्षेत्र में एक नाबालिग लड़के ने केवल मोबाइल और महंगे शौक पूरे करने के लिए अपने ही घर में चोरी कर ली। उसने अपनी मां के लगभग तीन लाख रुपए के गहने चुरा लिए। यह घटना केवल वाकई बेहद शर्मनाक है और सामाजिक तथा पारिवारिक विफलता का संकेत है। जांच में सामने आया कि वह लड़का गलत संगत में पड़ गया था और उसने अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी की योजना बनाई। गहनों को सीधे बेचने के बजाय उन्हें गिरवी रखकर लोन लिया। यह दर्शाता है कि आज के बच्चे न केवल तकनीकी रूप से जागरूक हैं, बल्कि गलत दिशा में जाने पर चालाकी से अपराध भी कर सकते हैं।

इस घटना ने माता-पिता की भूमिका पर भी प्रश्नचिन्ह खड़े किए हैं। अत्यधिक लाड़-प्यार और निगरानी की कमी बच्चों को जिद्दी और अनुशासनहीन बना सकती है। यदि समय रहते बच्चों को सही मार्गदर्शन न मिले, तो वे गलत रास्तों पर भटक सकते हैं। यह आवश्यक है कि माता-पिता अपने बच्चों की गतिविधियों, उनकी संगत और उनकी आदतों पर ध्यान दें। घर का वातावरण खुला और संवादपूर्ण होना चाहिए, लेकिन गलत व्यवहार को कभी भी प्रोत्साहन नहीं देना चाहिए। सही और गलत का भेद स्पष्ट रूप से समझाना भी उतना ही जरूरी है। मोबाइल के दुष्प्रभावों को देखते हुए यह प्रश्न उठता है कि क्या नाबालिगों के लिए मोबाइल के उपयोग पर नियंत्रण आवश्यक है। कुछ राज्यों में स्कूलों में मोबाइल फोन पर प्रतिबंध लगाया गया है, जो एक सकारात्मक कदम है, लेकिन केवल स्कूलों में ही नहीं, बल्कि घरों में भी इसके उपयोग को सीमित और नियंत्रित करना जरूरी है।

हालांकि, मोबाइल को पूरी तरह प्रतिबंधित करना व्यावहारिक समाधान नहीं है, क्योंकि यह आज के समय की आवश्यकता भी है। इसलिए संतुलित उपयोग ही सबसे उचित उपाय है। बच्चों को मोबाइल का उपयोग केवल आवश्यक कार्यों के लिए, वह भी अभिभावकों की निगरानी में करने की अनुमति दी जानी चाहिए। मोबाइल फोन एक शक्तिशाली साधन है, जो जीवन को सरल और सुविधाजनक बनाता है, लेकिन इसका दुरुपयोग विनाशकारी परिणाम भी ला सकता है।

जरूरत इस बात की है कि हम इसके लाभ और हानि दोनों को समझते हुए संतुलित उपयोग करें। एक स्वस्थ और जिम्मेदार समाज के निर्माण के लिए यह आवश्यक है कि तकनीक पर नियंत्रण हमारा हो, न कि हम तकनीक के नियंत्रण में आ जाएं। तभी हम मोबाइल को वरदान के रूप में बनाए रख सकते हैं, अभिशाप बनने से रोक सकते हैं। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### हिंदी के सुप्रसिद्ध कवि



दिनेश कुमार शुक्ल
जन्म : 8 अप्रैल, 1950

दिनेश कुमार शुक्ल हिंदी के समकालीन प्रमुख कवियों में गिने जाते हैं, जिन्होंने अपनी विशिष्ट शैली के माध्यम से कविता को आम जनजीवन के करीब लाने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। उनका जन्म 8 अप्रैल 1950 को उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले के नर्वल गांव में हुआ। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से भौतिकी में एमएससी तथा डी.फिल की उपाधि प्राप्त की, जिससे उनके बौद्धिक व्यक्तित्व में वैज्ञानिक दृष्टि और साहित्यिक संवेदनशीलता का अनूठा समन्वय दिखाई देता है।

उनकी कविताएं जीवन के द्वंद्व, मानवीय संवेदनाओं और समय के जटिल यथार्थ को गहराई से अभिव्यक्त करती हैं। वे शब्द और मनुष्य की समेकित संस्कृति के कवि हैं, जिनकी रचनाओं में पारंपरिक और लोक तत्वों का सशक्त प्रयोग मिलता है। उनकी कविताएं परिचित जीवन में छिपे अनदेखे पहलुओं को उजागर करती हैं और पाठकों को सोचने के लिए प्रेरित करती हैं। उनके प्रमुख काव्य-संग्रहों में समय चक्र, कभी तो खुलें कपाट, नया अनहद, कथा कहो कविता, ललमुनियां की दुनिया, आखर-अरथ तथा समुद्र में नदी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने प्रसिद्ध चिली के कवि पाब्लो नेरूदा की कविताओं का हिंदी में अनुवाद भी किया, जो उनकी साहित्यिक बहुमुखी प्रतिभा को दर्शाता है। साहित्यिक मंचों पर भी उनकी सक्रिय उपस्थिति रही है। उनकी कविताओं में समकालीन समाज की जटिलताओं, बदलते मूल्यों और मानवीय संघर्षों की प्रभावशाली अभिव्यक्ति देखने को मिलती है। ■



कविता

### फैलते लहू से लाल हो गया रंग

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र
भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव, जिला मंडी (हि.प्र.) मोबाइल : 9816129019

गोला-बारूद है बरसता मिडल ईस्ट में,
बदलापुर-खुन्नस की आग में है जलता महाशक्ति, सहयोगी उसका
देश भी है मारकाट में शामिल होता, भयंकर यह युद्ध होता जाता,
ठीक नहीं यह मंशा कि हो असंतुलित आर्थिकी तमाम,
मची है हाहाकार खून खराबे की,
बनी लाइलाज बीमारी विस्तारवाद,
भारत करता रहता अपील शांति की, देश और भी आशंकित हैं होते,
कहीं छिड़ न जाए युद्ध तीसरा विश्व,
बहरहाल, इस जंग से दुनिया हो गई तंग,
फैलते लहू से लाल हो गया रंग,
फैलते लहू से लाल हो गया रंग।।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# प्रथम स्वाधीनता संग्राम 1857 के अग्रदूत अमर शहीद मंगल पांडे



आचार्य दीप चंद भारद्वाज
(आध्यात्मिक चिंतक)
मोबाइल : 9992698780
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र




वीर प्रसूता भारतवर्ष की धरा ने ऐसे योद्धाओं को जन्म दिया है जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा हेतु अपना सर्वस्व न्यौछावर किया। ऐसे ही इतिहास प्रसिद्ध अमर बलिदानी मंगल पांडे का जन्म उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के अंतर्गत नगवा नामक गांव में 19 जुलाई 1827 को हुआ था।

मंगल पांडे भारतीय स्वाधीनता संग्राम के अग्रणी योद्धा थे। इनके पिता दिवाकर पांडे जी थे जो भारतीय परंपराओं से जुड़े थे और उनके घर में पूजा पाठ का वातावरण था। मंगल पांडे की प्रारंभिक शिक्षा घर पर ही हुई। वे स्वस्थ कदकाठी के थे। 1849 में 22 वर्ष की आयु में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की सेना में बंगाल नेटिव इन्फेंट्री की 34 वीं बटालियन में भर्ती हो गए। इस बंगाल नेटिव इन्फेंट्री को अंग्रेजों के विरुद्ध होने वाले विद्रोह को दबाने में लगाया गया था। इसी बीच उन्हें असम और बिहार के वनवासी क्षेत्र में भेजा गया। अंग्रेज अफसरों का भारतीयों के प्रति अपमानजनक व्यवहार को देखकर उनके मन में अंग्रेजों के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा था। मंगल पांडे की इन्फेंट्री का केंद्र बंगाल का बैरकपुर था। 1853 में सिपाहियों को देने के लिए एक एनफील्ड बंदूक अंग्रेज सरकार लेकर आई लेकिन तीन साल स्टोर में ही है पड़ी रही। इसे बदलकर अंग्रेजों ने नई बंदूक सैनिकों को दी। इस नई बंदूक में गोली डालने की आधुनिक प्रणाली का प्रयोग किया जाता था और इसके कारतूस को दांतों से काटकर खोलना पड़ता था। कारतूस के बाहरी आवरण में गाय और सूअर की चर्बी लगी थी इस बात को लेकर सिपाहियों में असंतोष बढ़ने लगा।

सिपाहियों ने अपनी समस्या से अंग्रेज अधिकारियों को अवगत कराया पर अधिकारियों ने समस्या का समाधान निकालने की वजह उन सैनिकों पर कार्रवाई करने का निर्णय लिया जो जो इस आदेश का विरोध कर रहे थे। इन कारतूसों को लेने से इनकार करने में मंगल पांडे का नाम सबसे ऊपर था। अंग्रेज अधिकारियों ने मंगल पांडे को दंड देने का निर्णय किया और उनको एक बैरक में बंद करके बैंत से पीटा गया। 29 मार्च 1857 को बैरकपुर परेड मैदान में परेड का आयोजन हुआ। इस परेड में मेजर हयूसन और लेफ्टिनेंट वाव भी शामिल हुए जिन्होंने इन कारतूसों का प्रयोग करने का आदेश दिया था। परेड करते हुए जैसे ही लेफ्टिनेंट वाव सामने आया क्रांतिकारी मंगल पांडे ने उस पर गोली चला दी और वह घायल होकर गिर पड़ा। जनरल हयूसन ने जमीदार ईश्वरी प्रसाद को मंगल पांडे को गिरफ्तार करने का आदेश दिया पर जमींदार ने मना कर दिया और सारी पलटन सिर झुका कर खड़ी रही। मंगल पांडे को गिरफ्तार करने कोई सिपाही आगे न आया। अंग्रेज अधिकारी हयूसन मंगल पांडे की राइफल छीनने आगे बढ़ा और मंगल पांडे ने उसको भी मौत के घाट उतार दिया। यहीं से बैरकपुर छावनी के विद्रोह से 1857 की क्रांति का मंगल पांडे ने बिगुल बजाया। मंगल पांडे द्वारा बंगाल की बैरकपुर छावनी में जिस क्रांति का उद्घोष किया था वही आगे चलकर पूरे देश में एक विशाल दावानल बनी।

ब्रिटिश अधिकारियों ने मंगल पांडे के विरोध को कुचलने का हर संभव प्रयास किया, परंतु वे सफल नहीं हो सके। राष्ट्र को समर्पित यह महानायक ब्रिटिश सरकार के किसी भी प्रलोभन और भय से आतंकित नहीं हुआ। मंगल पांडे के बलिदान के एक महीने बाद ही 10 मई 1857 को मेरठ छावनी में कोतवाल धन सिंह गुर्जर ने क्रांति का उद्घोष किया और दिल्ली को अंग्रेजों से मुक्त करवाया। यह वह पल था, जिसमें अंग्रेजों को यह संदेश बहुत स्पष्ट मिल गया था कि भारत पर राज्य करना उतना सरल नहीं है जितना भी समझ रहे थे इसके बाद ही उन्होंने भारत में कानून का दबाव बनाया और समाज को बांटकर राज्य करने का षड्यंत्र तेज किया। पांडे जी प्रबुद्ध राष्ट्रभक्त थे वे ब्रिटिश सरकार की शोषण अन्यायकारी, विभाजनकारी नीतियों से पूर्ण रूप से परिचित थे। इसलिए इस क्रांति नायक ने 'मारो फिरंगी को' नारा दिया जिसे आगे चलकर भारतीय जनमानस ने स्वीकार किया और उनके विद्रोह की नीति को आगे बढ़ाया। इस युवा योद्धा ने ब्रिटिश सरकार के विरोध हेतु भारतीय जनता को तैयार किया। इस स्वाधीनता संग्राम में सैनिकों के साथ-साथ राजा, रजवाड़े, किसान, मजदूर अन्य सभी सामान्य लोग शामिल हुए।

मंगल पांडे के शब्द- 'यह आजादी की लड़ाई है। गुजरे हुए कल से आजादी, आने वाले कल के लिए।' मंगल पांडे की इन विचारों ने क्रांति की नई गाथा को जन्म दिया। फिरंगियों से मातृभूमि और देश की रक्षा को उन्होंने अपना सर्वप्रथम ध्येय माना। उनका चिंतन था कि आप अपने देश की रक्षा करो तो धर्म की रक्षा स्वयं ही हो जाती है। भारत से ब्रिटिश साम्राज्य का नाश उनका सर्वोपरि लक्ष्य था। मंगल पांडे ने 1857 के विद्रोह की चिंगारी प्रज्वलित कर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की नींव रखी। बैरकपुर में उनके साहसिक विरोध ने अंग्रेजों के विरुद्ध व्यापक क्रांति को जन्म दिया, जिसे 1857 का विद्रोह कहा जाता है। अंग्रेज अधिकारियों ने कभी नहीं सोचा था कि एक सैनिक इतना बड़ा आंदोलन खड़ा कर देगा। 6 अप्रैल 1857 को उनका कोर्ट मार्शल हुआ और 8 अप्रैल को उन्हें फांसी दे दी गई। उनके बलिदान से प्रेरित होकर मेरठ और अन्य स्थानों पर क्रांति फैल गई तथा बहादुर शाह जफर को सम्राट घोषित किया गया। मंगल पांडे ने अपने अदम्य साहस से देशभक्ति की भावना को जागृत किया और वे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत बने। मंगल पांडे का बलिदान राष्ट्र के लिए सदैव प्रेरणादायक रहेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# स्वास्थ्य के लिए एकजुट हों, विज्ञान के साथ खड़े हों



शिवालिक अवस्थी
गांव शीला चौक, सिद्धपुर, त. धर्मशाला, जिला कांगा (हि.प्र.)
मोबाइल : 9816749009
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र



स्वस्थ मनुष्य का जीवन एक खुशहाल जीवन माना जाता है। किसी भी मनुष्य के जीवन में न केवल शारीरिक अपितु मानसिक एवं सामाजिक स्वस्थता भी अत्यंत महत्वपूर्ण मानी गई है। यदि हमारा शरीर स्वस्थ होगा तभी हम किसी कार्य को बेहद सरल तरीके से करने में सक्षम बन सकेंगे। उचित व्यायाम व सही खानपान ही प्रबल रूप से हमारे शरीर को स्वस्थ बनाने में सहायक माने गए हैं। इसलिए कम से कम स्वयं के शरीर की देखभाल करना एक बेहद महत्वपूर्ण पहलू माना गया है, परंतु आजकल के दौर की इस भागमभाग में क्या हम अपने शरीर की उचित देखभाल कर पा रहे हैं अथवा नहीं? इसका जवाब ज्यादातर नहीं सुनने की मिलेगा। किसी भी इंसान के जीवन में रोटी, कपड़ा और मकान इन तीन मूलभूत आवश्यकताओं का अक्सर जिक्र किया जाता है, जिसमें ज्यादातर इंसान की कोशिश रहती है कि कपड़ा और मकान सबसे बेहतर और अनोखा दिखे और वो इसलिए, क्योंकि इन दोनों पहलुओं से समाज में इंसान अपनी प्रतिष्ठा साबित करना चाहता है लेकिन रोटी जो हमारे स्वस्थ शरीर हेतु तीसरा और सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्तंभ है, इस ओर इंसान ज्यादा ध्यान नहीं दे पा रहा है। आजकल रोटी के लिए तो इंसान के पास समय ही नहीं रहा है। हमारे खानपान की बात करें तो बाजार में मिलने वाले खाद्य पदार्थ भी ज्यादातर रासायनिक तरीकों से उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। जैविक खेती तो मानो कहीं लुप्त होती जा रही है।

सही खानपान की आदत मानो इंसानों के बीच से कहीं गायब होती जा रही है। नतीजन, हमारे समाज में स्वास्थ्य संबंधित परेशानियां अपने पांव पसारती जा रही हैं। एक तो स्वस्थवर्धक फल सब्जियां बाजारों में मिलना कठिन हो गया है और ऊपर से जो कुछ थोड़ा बहुत उपलब्ध है, उसे भी खाने का उचित समय इंसान के पास नहीं रहा है। कहने का तात्पर्य यह है कि आज का व्यस्त इंसान स्वयं ही बीमारियों को न्योता देते फिर रहा है। यही कारण है जो आज शुगर (मधुमेह), बीपी (रक्तचाप) और हृदय संबंधी कई अन्य बीमारियों ने जगह जगह दस्तक देना शुरू कर दिया है और जिनका भारत देश में ही आंकड़ा करोड़ों तक का पहुंच गया है। हमारा स्वास्थ्य, बीमारियों की गिरफ्त में जाता दिखाई दे रहा है जिनसे छुटकारा पाना कठिन सा प्रतीत होने लगा है। खैर, आज क्यों हम स्वास्थ्य पर चर्चा कर रहे हैं आइए इस पर प्रकाश डालने का प्रयास करते हैं। दरअसल, हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समूचे विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इस बार थीम था- 'टूगेदर फॉर हेल्थ, स्टैंड विद साइंस यानी स्वास्थ्य के लिए एकजुट हों।' यह थीम, लोगों, जानवरों, पौधों आदि की रक्षा की ओर केंद्रित की गई थी। यह विषय हमें समझा रहा है कि हम सभी को एकजुट होकर अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है। और साथ ही हमें विज्ञान के साथ भी खड़ा होना है। यानी विज्ञान पर भरोसा जताकर बीमारियों को कोसों दूर भगाना है। इसे गलत जानकारी को फैलने से रोकना और महामारी जैसे संकटों से लड़ने के लिए एक आह्वान के तौर पर भी देखा जा सकता है।

आज सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी तेजी से फैलती है, जिससे लोग गलत उपचार या आदतों को अपनाकर अपने स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए आवश्यक है कि हम केवल वैज्ञानिक शोध पर आधारित सही जानकारी पर ही भरोसा करें। स्वास्थ्य की रक्षा डॉक्टरों या विज्ञान पर निर्भर नहीं करती, बल्कि इसमें हमारी अपनी जिम्मेदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। जब व्यक्ति स्वयं जागरूक होकर सही निर्णय लेता है, तभी वास्तविक सुरक्षा संभव होती है। इसी कारण कहा जाता है कि 'जागरूकता ही बचाव है।'

सरकार द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आज कई बीमारियाँ केवल जानकारी के अभाव में फैल रही हैं। जंक फूड का बढ़ता प्रभाव भी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। इसलिए हमें संतुलित और जैविक आहार अपनाना चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# स्वास्थ्य व्यवस्था की वर्तमान स्थिति और नागरिकों की भूमिका



हरिराम धीमान
नालागढ़, जिला सोलन, (हि.प्र.)
मोबाइल : 9805822852
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र




विश्व स्वास्थ्य संगठन के स्थापना के उपलक्ष्य में 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इस दिन का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पर चिंतन करना था। 'स्वास्थ्य ही धन है' यह कहावत आज भी उतनी ही प्रासंगिक है, किंतु बदलते समय के साथ स्वास्थ्य सेवाओं का स्वरूप और उद्देश्य दोनों ही बदलते प्रतीत हो रहे हैं। एक समय था जब स्वास्थ्य सेवा को एक पुण्य कार्य माना जाता था। गांवों में वैद्य, हकीम और स्थानीय चिकित्सक बिना किसी स्वार्थ के लोगों का उपचार करते थे। सेवा भाव सर्वोपरि होता था और चिकित्सा को एक सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में देखा जाता था, लेकिन वर्तमान समय में स्वास्थ्य सेवा एक बड़े उद्योग के रूप में उभरकर सामने आई है। निजी अस्पतालों, दवा कंपनियों और बीमा कंपनियों के विस्तार ने इसे एक लाभकारी व्यवसाय बना दिया है। आज के दौर में स्वास्थ्य सेवाओं का निजीकरण तेजी से बढ़ा है। बड़े-बड़े कॉर्पोरेट अस्पताल अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान करते हैं, लेकिन उनकी सेवाएं आम आदमी की पहुंच से बाहर होती जा रही हैं। इलाज के नाम पर भारी-भरकम बिल थमाए जाते हैं, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के लोग आर्थिक संकट में फंस जाते हैं। कई बार अनावश्यक जांच, महंगी दवाइयां और लंबा इलाज मरीजों पर थोप दिया जाता है, जिससे स्वास्थ्य सेवा के प्रति लोगों का विश्वास भी कमजोर होता है। दवा उद्योग की भूमिका भी इस संदर्भ में विचारणीय है। बहुराष्ट्रीय दवा कंपनियां नए-नए रोगों और उपचारों के नाम पर व्यापक प्रचार-प्रसार करती हैं। कई बार प्रायोजित शोध और सर्वेक्षणों के माध्यम से लोगों में भय का वातावरण पैदा किया जाता है, जिससे दवाओं की मांग बढ़े। उदाहरण के तौर पर, कुछ सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं को भी गंभीर बीमारी के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, ताकि अधिक से अधिक दवाएं बेची जा सकें। इससे चिकित्सा का उद्देश्य सेवा से हटकर लाभ कमाना बन जाता है।

चिकित्सकों की भूमिका भी इस परिप्रेक्ष्य में महत्वपूर्ण है। अधिकांश चिकित्सक अपने पेशे के प्रति ईमानदार और समर्पित होते हैं, लेकिन कुछ अपवाद ऐसे भी हैं जो मरीजों को डराकर अनावश्यक दवाएं और जांच लिखते हैं। फार्मा कंपनियों और डॉक्टरों के बीच संबंधों को लेकर भी समय-समय पर सवाल उठते रहे हैं। यह स्थिति चिकित्सा व्यवसाय की गरिमा को प्रभावित करती है और समाज में अविश्वास को जन्म देती है। स्वास्थ्य बीमा योजनाएं आज की स्वास्थ्य व्यवस्था का अहम हिस्सा बन चुकी हैं। ये लोगों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती हैं, लेकिन साथ ही कुछ समस्याएं भी सामने आती हैं। कई बार अस्पताल बीमा के कारण इलाज की लागत बढ़ा देते हैं, और बीमा कंपनियां जटिल प्रक्रियाओं के चलते मरीजों के दावे खारिज कर देती हैं। इससे मरीजों को अतिरिक्त परेशानी झेलनी पड़ती है। फिर भी पूरी व्यवस्था को दोषपूर्ण नहीं कहा जा सकता। आयुष्मान भारत योजना जैसी पहलें गरीब वर्ग को स्वास्थ्य सुरक्षा देने में सहायक हैं। सरकारी अस्पतालों में कम लागत पर इलाज, टीकाकरण और जन-जागरूकता अभियान भी सकारात्मक प्रयास हैं।

स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए पारदर्शिता, गुणवत्ता और सुलभता आवश्यक है। निजी अस्पतालों की फीस पर नियंत्रण और दवाइयों की कीमतों का नियमन जरूरी है। साथ ही, लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी महत्वपूर्ण है। नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और योग अपनाकर कई बीमारियों से बचा जा सकता है। अंततः, स्वस्थ समाज के निर्माण में हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# देवभूमि की रगों में घुलता 'चिट्टे' का जहर और दम तोड़ता भविष्य



मोती राम चौहान
करसोग, जिला मंडी (हि.प्र.)
मोबाइल : 9418038388
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र



करसोग के ऐतिहासिक मेला नलवाड़ में इस वर्ष 'नशा मुक्त समाज' थीम के साथ माननीय उपमंडल अधिकारी (नागरिक), करसोग द्वारा की गई पहल न केवल सराहनीय है, बल्कि समय की मांग भी है। देवभूमि के शांत, पवित्र और खूबसूरत पहाड़ी क्षेत्रों में नशे के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए यह प्रयास एक जागरूक और जिम्मेदार प्रशासन की पहचान है। इस पुनीत पहल को शत-शत नमन।

हिमाचल प्रदेश, जिसे हम श्रद्धा से 'देवभूमि' कहते हैं, आज एक गंभीर चुनौती का सामना कर रहा है। स्वच्छ वायु, शांत वादियों और संस्कारों की इस भूमि में 'चिट्टा' (सिंथेटिक ड्रग्स) का जहर तेजी से फैल रहा है। यह समस्या अब केवल शहरों तक सीमित नहीं रही, बल्कि करसोग जैसे दूरस्थ और शांत क्षेत्रों तक भी अपनी जड़ें जमा चुकी है। एक जागरूक नागरिक के रूप में यह प्रश्न स्वाभाविक है कि क्या हम अपनी आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य दे पा रहे हैं। आज हालात इतने चिंताजनक हैं कि नशा गांव-गांव और घर-घर तक पहुंच चुका है। जिला मंडी के दुर्गम इलाकों सहित करसोग की वादियों में 'चिट्टे' की मौजूदगी समाज के लिए खतरे की घंटी है। यह नशा इतना घातक है कि पहली ही बार में युवा इसकी गिरफ्त में आ जाते हैं। जो युवा कभी खेल, पढ़ाई या खेती-बाड़ी में सक्रिय रहते थे, आज वे अंधेरे कमरों में अपनी जिंदगी को धीरे-धीरे खत्म कर रहे हैं।

नशा केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे परिवार का विनाश करता है। करसोग जैसे क्षेत्रों में, जहां जीवनयापन का मुख्य आधार मेहनत और खेती है, जब परिवार का युवा सदस्य नशे की लत में फंसता है, तो आर्थिक स्थिति चरमरा जाती है। नशे की पूर्ति के लिए युवा घर के सामान, गहने और यहां तक कि माता-पिता की मेहनत की कमाई को भी चुराने से नहीं हिचकते, जिससे समाज में अपराध की प्रवृत्ति भी बढ़ रही है। इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास अनिवार्य हैं। अभिभावकों को बच्चों के व्यवहार में होने वाले बदलावों पर सतर्क रहना होगा, जैसे अचानक गुमसुम रहना, आंखों के नीचे काले घेरे या पैसों की असामान्य मांग। प्रशासन को नशे के सौदागरों के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाते हुए बड़े नेटवर्क पर सख्त कार्रवाई करनी होगी। समाज को भी नशा व्यापारियों का बहिष्कार कर उन्हें किसी प्रकार का संरक्षण नहीं देना चाहिए। साथ ही, युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने के लिए खेल सुविधाओं और स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। प्रदेश के नागरिकों, विशेषकर युवाओं से आग्रह है कि नशे के इस जाल को पहचानें। 'चिट्टा' क्षणिक सुख नहीं, बल्कि जीवनभर की पीड़ा और अंततः विनाश का कारण है। पंचायत स्तर पर निगरानी समितियों का गठन कर युवाओं पर नजर रखी जानी चाहिए और जो युवा इस दलदल में फंस चुके हैं, उन्हें दुत्कारने के बजाय उपचार, परामर्श और सहानुभूति के माध्यम से मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया जाना चाहिए। आज आवश्यकता है कि हम सभी मिलकर 'नशा मुक्त करसोग' और 'नशा मुक्त हिमाचल' का संकल्प लें।

यदि हम आज भी मौन रहे, तो आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को बचा पाना कठिन हो जाएगा। आइए, हम सब मिलकर देवभूमि को इस 'सफेद दानव' से मुक्त कराएं और अपने बच्चों को एक सुरक्षित, स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य प्रदान करें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# जनभागीदारी से ही खत्म होगी टीबी : राज्यपाल

## कविंद्र गुप्ता ने सुंदरनगर के डैहर में स्वास्थ्य विभाग के आयुष्मान आरोग्य शिविर का किया शुभारंभ

अनंत ज्ञान



आयुष्मान आरोग्य शिविर का शुभारंभ करते राज्यपाल व अन्य। अनंत ज्ञान

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने सुंदरनगर उपमंडल के डैहर स्थित दिव्य मानव ज्योति सेवा ट्रस्ट में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित आयुष्मान आरोग्य शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वस्थ भारत' के विजन के अनुरूप प्रदेश सरकार सभी नागरिकों को बेहतर, सुलभ और समान स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में राज्य ने स्वास्थ्य संकेतकों में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया है।

राज्यपाल ने कहा कि वर्ष 2022 में जहां टीबी के 15760 मामले सामने आए थे, वहीं 2025 में यह घटकर 14653 रह गए हैं। यह स्वास्थ्य कर्मियों की मेहनत और समाज के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की पहल के तहत प्रदेश में लगभग 14.9 लाख उच्च जोखिम वाले लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। इनमें से करीब सात लाख लोगों यानी 46 प्रतिशत की एक्स-रे जांच की गई, जो राष्ट्रीय औसत से बेहतर है। आधुनिक हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीनों और उन्नत जांच सुविधाओं के माध्यम से दूरदराज क्षेत्रों तक निशुल्क जांच सेवाएं पहुंचाई जा रही हैं। राज्यपाल ने कहा कि टीबी उन्मूलन केवल स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसे जन-आंदोलन बनाना होगा। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, पंचायतों, युवाओं, स्वयं सहायता समूहों, आशा कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों से इसमें सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में 25 हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीनें उपलब्ध हैं और उनकी संख्या लगातार बढ़ाई जा रही है। साथ ही, ब्लॉक स्तर तक उन्नत जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच मजबूत हुई है। राज्यपाल ने कहा कि लोक भवन की ओर से सभी मंत्रियों, सांसदों और विधायकों को पत्र लिखकर टीबी उन्मूलन अभियान में सहयोग का आग्रह किया गया है। उन्होंने सभी नागरिकों से 'निक्षय मित्र' बनकर टीबी मरीजों को गोद लेने तथा उनके उपचार, पोषण और मानसिक सहयोग में योगदान देने की अपील की।

### टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान में सकारात्मक परिणाम

**राज्यपाल** ने कहा कि 'टीबी मुक्त ग्राम पंचायत' अभियान के तहत सामुदायिक प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। प्रदेश की 3,615 ग्राम पंचायतों में से 2023 में 731(20 प्रतिशत), 2024 में 823 (23 प्रतिशत) और 2025 में 1052 (29 प्रतिशत पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि टीबी उन्मूलन के लिए चलाया जा रहा 100 दिवसीय विशेष अभियान अहम भूमिका निभा रहा है। इसके तहत 5176 उच्च जोखिम वाले गांवों और शहरी वार्डों की पहचान कर वहां आयुष्मान आरोग्य शिविर लगाए जा रहे हैं, ताकि समय रहते जांच और उपचार सुनिश्चित किया जा सके।

### सरदार पटेल विश्वविद्यालय की राज्यपाल ने की सराहना

**राज्यपाल** ने सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी द्वारा कोटली मेडिकल ब्लॉक के 75 टीबी मरीजों को गोद लेने की सराहना करते हुए इसे सामाजिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। इससे पूर्व राज्यपाल ने शिविर का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने टीबी मुक्त भारत अभियान के दूसरे चरण का लोगो जारी किया, मरीजों को पोषण किट वितरित की, टीबी चैंपियंस को सम्मानित किया और टीबी मुक्त भारत की शपथ भी दिलाई।

### सुंदरनगर में बीबीएमबी ड्रेजर कांप्लेक्स का किया दौरा

**राज्यपाल** ने सुंदरनगर स्थित भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड के ड्रेजर कांप्लेक्स का दौरा किया। इस दौरान राज्यपाल को प्रबंधन बोर्ड की विभिन्न गतिविधियों और संचालन तंत्र के बारे में अवगत करवाया गया। उन्होंने जल निकासी की तकनीकी व्यवस्थाओं तथा गाद (सिल्ट) के प्रबंधन एवं निस्तारण से संबंधित प्रक्रियाओं में विशेष रुचि दिखाई। यह जलाशयों की कार्यक्षमता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव संदीप भारद्वाज, मंडी के उपायुक्त अपूर्व देवगन, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार तथा बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# भगवान मोहल्ला में दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव दीपक निरीक्षण करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** मंडी शहर के भगवान मोहल्ला में एक दुकान में लगी आग की घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण रही, जिसमें भारी आर्थिक नुकसान हुआ। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। यह जानकारी दीपक शर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद दी।

उन्होंने प्रभावित परिवार और व्यवसायी के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस मुश्किल समय में हरसंभव सहायता दी जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी घटनाएं प्रशासन की सतर्कता और नागरिकों की जिम्मेदारी दोनों की परीक्षा लेती हैं।

दीपक शर्मा ने विशेष रूप से चिंता जताई कि चौबाटा बाजार से हेड पोस्ट ऑफिस रोड तक बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण फायर ब्रिगेड को मौके पर पहुंचने में काफी परेशानी हुई। उन्होंने प्रशासन से बाजार क्षेत्रों में सख्त पार्किंग व्यवस्था लागू करने, आपातकालीन मार्ग स्पष्ट रखने और अग्नि सुरक्षा मानकों की नियमित जांच की मांग की। इस दौरान स्थानीय पार्षद यशकांत कश्यप, कांग्रेस कार्यकर्ता और अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### विद्यार्थियों का दल शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के वनस्पति विज्ञान विभाग के एमएससी बॉटनी के दस विद्यार्थियों का दल शैक्षणिक भ्रमण के लिए देहरादून और हरिद्वार के प्रमुख अनुसंधान संस्थानों के लिए रवाना हुआ। दल भारतीय रिमोट सेंसिंग संस्थान, वन अनुसंधान संस्थान और पतंजलि अनुसंधान संस्थान सहित अन्य संस्थानों का अवलोकन करेगा। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों के सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव में बदलना, जैव विविधता संरक्षण की आधुनिक तकनीकों से परिचित कराना और विशेषज्ञों से संवाद के माध्यम से उनकी शोध दृष्टि विकसित करना है। कुलपति प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने अनुभवात्मक अधिगम का महत्व बताया, जबकि विभागाध्यक्ष डॉ. लखवीर सिंह ने इसे विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायक बताया। दल का नेतृत्व सहायक प्रोफेसर डॉ. जगदीप वर्मा कर रहे हैं। दल में दस विद्यार्थी और कनिष्ठ तकनीशियन भानुप्रिया शामिल हैं।

### डेयरी किसानों ने मांगा समयबद्ध भुगतान

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी में मिल्क फेडरेशन के प्रबंध निदेशक अभिषेक वर्मा की उपस्थिति में डेयरी किसानों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में फरवरी और मार्च माह के दूध के भुगतान में हो रही देरी पर किसानों ने चिंता जताई, जिस पर समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया गया। दूध संग्रह की 10 और 20 लीटर सीमाओं को लेकर फैल रही अफवाहों को निराधार बताया गया। डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर प्रक्रिया को और अधिक सुचारु एवं तेज बनाने, मिल्क हॉलीडे के दौरान प्लांट क्षमता के पूर्ण उपयोग और इससे किसानों को होने वाले नुकसान पर चर्चा हुई। किसानों ने सभी बूथों को डिजिटल करने और मिल्क सोसायटी के ऑपरेशन एरिया के लिए स्पष्ट गाइडलाइन बनाने की मांग भी की।

### आरकेएम स्कूल में नए सत्र का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** उपमंडल सुंदरनगर के आरकेएम पब्लिक स्कूल कपाही में नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ सनातन धर्म की परंपराओं के अनुसार हवन-पूजन और विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन, अध्यापक, अभिभावक एवं विद्यार्थी शामिल हुए। हवन के माध्यम से वातावरण को आध्यात्मिक व सकारात्मक बनाया गया और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। प्रिंसिपल वीरेन्द्र भारती ने बताया कि नए सत्र में खेल, कला, संगीत और अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से छात्रों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा में सहयोग की अपील की। फाउंडर करम सिंह ठाकुर व मैडम रुक्मणी ठाकुर ने सभी को नए सत्र की बधाई और शुभकामनाएं दीं।

### बाबा बालकनाथ मंदिर कमेटी ने लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** चैत्र माह के पावन अवसर पर पंडोह स्थित बाबा बालक नाथ मंदिर में भक्ति और धार्मिक आस्था का माहौल रहा। मंदिर कमेटी ने नेशनल हाइवे पर मंगलवार दोपहर राजमा-कड़ी चावल का भंडारा आयोजित किया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर कमेटी के कोषाध्यक्ष तरुण धवन ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी भव्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। चैत्र माह के दौरान प्रत्येक रविवार को प्रभात फेरी, रात्रि में भजन-कीर्तन और भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। 29 मार्च को बाबा बालक नाथ जी की शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मंदिर कमेटी ने सभी श्रद्धालुओं के सहयोग और सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया।

# मृतक दीप के परिवार को प्रशासन ने 1.65 लाख की मदद कर दिया सहारा

अनंत ज्ञान

◆ डाटा ऑपरेटर की बाइक दुर्घटना में हुई थी मौत

**सरकाघाट।** गहरे दुख और संवेदना के बीच एसडीएम सरकाघाट राजेन्द्र कुमार गौतम ने दिवंगत डाटा एंट्री ऑपरेटर दीप कुमार के परिवार को 1 लाख 65 हजार रुपये की सहायता राशि सौंपकर मानवता का भावुक उदाहरण पेश किया। एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय सरकाघाट, तहसील कार्यालय बल्द्वाड़ा, सब तहसील ढलवान, सब तहसील भदरोता, चुनाव कार्यालय, सीडीपीओ कार्यालय, तहसील कल्याण कार्यालय, एपीआरओ कार्यालय के कर्मचारियों ने अपने स्तर पर यह राशि जुटाई और 6 अप्रैल को परिवार को सौंपी। इस पहल ने यह संदेश दिया कि दुख की इस घड़ी में पूरा प्रशासन परिवार के साथ खड़ा है।



दीप कुमार, जो उपमंडल सरकाघाट के चुनाव कार्यालय में कार्यरत थे, 31 मार्च को आमला गलू के पास हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें तुरंत एम्स बिलासपुर ले जाया गया, जहां जिंदगी की जंग लड़ते हुए 1 अप्रैल को उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके अचानक चले जाने से परिवार पर दुखों का ऐसा पहाड़ टूटा है, जिसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती। उन्हें जानने वाले हर व्यक्ति उनकी सादगी, मेहनत और अच्छे स्वभाव को याद कर संवेदनाएं व्यक्त की।

एसडीएम सरकाघाट ने इस हृदयविदारक घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि दीप कुमार एक ईमानदार, मेहनती और समर्पित कर्मचारी थे। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं और ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति और परिवार को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति मिले।

# लगातार दूसरी बार स्थगित हुए दी सहकारी सेवा समिति चोलथरा के प्रबंधकीय कमेटी के चुनाव

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** दी सहकारी सेवा समिति चोलथरा के प्रबंधकीय कमेटी के प्रधान और उपप्रधान के चुनाव एक बार फिर 11 अप्रैल तक मुल्तवी कर दिए गए हैं, जिससे क्षेत्र में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। इससे पहले 4 अप्रैल को भी चुनाव स्थगित करना पड़ा था, उस दिन केवल पांच सदस्य ही बैठक में उपस्थित हो पाए थे, जिसके कारण कोरम पूरा नहीं हो सका। वहीं आज की बैठक में आठ सदस्य मौजूद रहे, लेकिन एक सदस्य की अचानक तबीयत खराब हो जाने के चलते चुनाव प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ाया जा सका और इसे पुन: टालना पड़ा।

लगातार दूसरी बार चुनाव टलने से अब इस पूरे घटनाक्रम को केवल संयोग नहीं माना जा रहा है। यदि स्थिति को गंभीरता से देखा जाए तो अंदरखाते लॉबिंग, गुटबाजी और समीकरण साधने की कोशिशें भी इसकी एक बड़ी वजह मानी जा रही हैं। चर्चा है कि प्रधान और उपप्रधान पद को लेकर कमेटी के भीतर सहमति नहीं बन पा रही है, जिसके चलते विभिन्न पक्ष अपने-अपने समर्थन को मजबूत करने में जुटे हैं और इसी कारण बैठकें निर्णायक परिणाम तक नहीं पहुंच पा रही हैं। स्थानीय स्तर पर यह भी कहा जा रहा है कि चुनाव टलने के पीछे रणनीतिक कारण हो सकते हैं। इस बीच आम लोगों में भी इस स्थिति को लेकर उत्सुकता और सवाल बढ़ रहे हैं कि आखिर बार-बार चुनाव क्यों टल रहे हैं और अंतिम रूप से नेतृत्व किसके हाथ में जाएगा। अब सभी की निगाहें 11 अप्रैल पर टिकी हैं, जब यह तय होगा कि लंबे इंतजार के बाद समिति को उसका नया प्रधान और उपप्रधान मिल पाता है या नहीं।

# अरोमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग में स्वस्थ जीवनशैली को अपनाकर बीमारियों से बचने का दिया संदेश




अरोमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** उपमंडल सुंदरनगर के खिलड़ा स्थित अरोमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग में मंगलवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष ओमप्रकाश नायक तथा प्रबंध निदेशक सुरेंद्र पाल भारद्वाज मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद छात्र-छात्राओं ने स्वास्थ्य जागरूकता पर भाषण, नारे व प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों ने बताया कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। मुख्य अतिथियों ने कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है और संतुलित जीवनशैली आवश्यक है। उन्होंने खान-पान पर जोर देते हुए हरी सब्जियां, ताजे फल, दालें, दूध व पौष्टिक भोजन लेने तथा जंक फूड व अनियमित खान-पान से बचने की सलाह दी।उन्होंने कहा कि नियमित व्यायाम, योग व पर्याप्त नींद भी जरूरी है। साथ ही युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया। प्रबंध निदेशक सुरेंद्र पाल भारद्वाज ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में सेवा भावना व जिम्मेदारी विकसित होती है। अंत में उत्कृष्ट छात्रों को सम्मानित कर सभी को स्वस्थ जीवन का संकल्प दिलाया गया।

## पूर्व अर्धसैनिक बल कल्याण समिति ने सीजीएचएस वेलनेस सेंटर की स्वीकृति पर जताया आभार

# सरकाघाट में एक नियमित कैंटीन खोलने पर दिया जोर

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** भूतपूर्व अर्धसैनिक बल कल्याण समिति, (सरकाघाट) की मासिक बैठक मंगलवार को ज्ञान चन्द ठाकुर, अध्यक्ष सरकाघाट एसोसिएशन की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। बैठक में एसोसिएशन के संयोजक एवं वरिष्ठतम सदस्य बीएस ससवाल, सेनानी (सेवानिवृत्त) विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान उपस्थित सदस्यों को बीते माह में समिति द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। बैठक में सदस्यों ने मंडी में सीजीएचएस वेलनेस सेंटर की स्वीकृति मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा इसके लिए मंडी की सांसद कंगना रनौत एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा का हार्दिक आभार प्रकट किया। सदस्यों ने इस सुविधा को क्षेत्र के पूर्व अर्धसैनिक बल कर्मियों एवं उनके परिवारों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। इसके साथ ही समिति ने सरकाघाट क्षेत्र में एक नियमित कैंटीन खोलने की आवश्यकता पर भी जोर देते हुए संबंधित विभागों से शीघ्र कार्यवाही करने का अनुरोध किया। बैठक में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों से जुड़े एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर भी चर्चा की गई। हाल ही में माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णय के विपरीत गृह मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत सीएपीएफ (General Administration) बिल 2026 को संसद के दोनों सदनों में पारित किए जाने पर सदस्यों ने गहरा आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस बिल से न केवल वर्तमान कर्मियों बल्कि सेवानिवृत्त जवानों एवं उनके परिवारों के हित प्रभावित होंगे। इस संदर्भ में बैठक में सर्वसम्मति से दो प्रमुख निर्णय लिए गए। पहला, 9 अप्रैल 2026 को बड़ी संख्या में राजघाट, दिल्ली पहुंचकर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन के माध्यम से सरकार से उक्त बिल को वापस लेने की मांग की जाएगी। दूसरा, इस बिल के विरुद्ध माननीय सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर करने का निर्णय लिया गया।



पूर्व अर्धसैनिक बल कल्याण समिति की बैठक संपन्न। अनंत ज्ञान

बैठक में संत राम ठाकुर (उप सेनानी), टेक चंद (सहायक सेनानी), योगराज शर्मा (सहायक सेनानी, सेवानिवृत्त), बिशन दास, कुलदीप ठाकुर, प्रदेश मीडिया प्रभारी विजय ठाकुर सहित अनेक वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने एकजुट होकर संगठन के हितों की रक्षा हेतु सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# रिवालसर में सड़क निर्माण से व्यापार प्रभावित, आंदोलन की दी चेतावनी

अनंत ज्ञान

◆ धार्मिक और पर्यटन नगरी में चल रहे निर्माण कार्य से ग्राहक कम, व्यापारी नाराज

**रिवालसर।** धार्मिक एवं पर्यटन नगरी रिवालसर में चल रहे सड़क निर्माण कार्य ने स्थानीय व्यापारियों और आम लोगों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। खराब सड़कों और धीमी कार्यप्रगति के कारण बाजार में ग्राहकों की संख्या में भारी गिरावट आई है, जिससे व्यापार पर सीधा असर पड़ रहा है।

व्यापार मंडल रिवालसर के प्रधान नरेश शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सड़क निर्माण शुरू होने के बाद से बाहरी पर्यटकों की आवाजाही कम हो गई है। इसका सबसे अधिक प्रभाव होटल व्यवसायियों और दुकानदारों पर पड़ा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द हालात नहीं सुधरे तो व्यापारी धरना-प्रदर्शन के लिए मजबूर होंगे। वहीं, ग्राम पंचायत सरधवार के पूर्व प्रधान पवन ठाकुर ने निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि निर्माण के दौरान लोगों को गुमराह किया गया है और पंचायत के करीब 5-6 रास्ते बंद पड़े हैं, जिससे ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने चेताया कि 8-10 दिनों में सुधार न होने पर ग्रामीण सड़क जाम और ठेकेदार का घेराव करेंगे।

स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने प्रशासन तथा लोक निर्माण विभाग के मंत्री विक्रमादित्य सिंह से जल्द हस्तक्षेप की मांग की है, ताकि निर्माण कार्य में तेजी लाई जा सके और आवागमन सामान्य हो सके। इस बीच, रिवालसर होटल एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री और हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष रघुवीर सिंह बाली से भी मामले का संज्ञान लेने की अपील की है।

जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता राज कुमार शर्मा ने बताया कि विभाग ने 12 जून 2024 को पीएमयू, एचपीआरआइडीसी को लगभग 3.99 करोड़ रुपए की अनुमानित राशि जलापूर्ति व्यवस्था बदलने के लिए भेजी थी, लेकिन दो वर्ष बीतने के बाद भी प्रगति नहीं हुई।

# टैक्स व महंगाई से कराह रही जनता : बिंदल

## मंडी में भाजपा की दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक आयोजित

अनंत ज्ञान



प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के दौरान भाजपा नेता। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** मंडी में आयोजित भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश की दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति बैठक संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता डॉ. राजीव बिंदल ने की। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग उपस्थित रहे। उनके साथ प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सह प्रभारी संजय टंडन, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और सांसद अनुराग ठाकुर सहित कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान डॉ. राजीव बिंदल ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि प्रदेश की जनता महंगाई, टैक्स और कुशासन से पूरी तरह परेशान है। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार नए टैक्स लगाकर आम आदमी पर आर्थिक बोझ बढ़ा रही है। बिजली के बढ़े हुए बिल, पानी की कीमतों में वृद्धि और एचआरटीसी किराए में बढ़ोतरी ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राशन डिपो में पर्याप्त और सस्ता राशन नहीं मिल रहा है, जबकि स्टांप ड्यूटी, सीमेंट के दाम और एंट्री टैक्स में बढ़ोतरी से व्यापारियों और आम जनता दोनों पर असर पड़ा है। डीजल पर वैट और सेस बढ़ाने को लेकर भी उन्होंने सरकार की आलोचना की और कहा कि इससे महंगाई और तेज हुई है।

डॉ. बिंदल ने कहा कि प्रदेश में भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार चरम पर है, जिससे हर वर्ग—युवा, किसान, महिलाएं और कर्मचारी—प्रभावित हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा ने संकल्प लिया है कि जनता के हर मुद्दे को सड़क से लेकर विधानसभा तक मजबूती से उठाया जाएगा।

अंत में उन्होंने कहा कि यह संघर्ष केवल भाजपा का नहीं, बल्कि जनता का है, और पार्टी जनता के साथ मिलकर कांग्रेस सरकार के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ेगी।

**बैठक** प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री ने कांग्रेस सरकार पर किया हमला

# 18 माह में कांग्रेस सरकार की विदाई तय: तरुण चुग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने प्रदेश कार्यसमिति बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस सरकार पर जोरदार हमला बोला और कहा कि हिमाचल प्रदेश में वर्तमान कांग्रेस सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा कि अगले 18 महीनों में कांग्रेस सरकार का जाना तय है और भाजपा जनसमर्थन के साथ प्रदेश में नई सरकार बनाएगी।

तरुण चुग ने कहा कि राहुल गांधी का तथाकथित 'ठका-ठक मॉडल' हिमाचल में पूरी तरह फेल हो चुका है। चुनावों के दौरान किए गए बड़े-बड़े वादे आज केवल कागजों तक सीमित रह गए हैं, जबकि जमीनी स्तर पर जनता को राहत नहीं बल्कि बोझ मिल रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने पिछले साढ़े तीन वर्षों में हिमाचल को विकास की राह से भटका दिया है। 'कांग्रेस के 3.5 साल—हिमाचल 35 साल पीछे,' यह स्थिति आज प्रदेश की वास्तविकता बन चुकी है,' उन्होंने तीखा राजनीतिक पंच किया। चुग ने कहा कि प्रदेश की वित्तीय स्थिति बेहद गंभीर हो चुकी है और सरकार लगातार कर्ज पर कर्ज लेकर व्यवस्था चला रही है। विकास कार्य ठप हैं, योजनाएं अधूरी हैं और सरकार के पास कर्मचारियों के वेतन-पेंशन तक के लिए संसाधनों की कमी दिखाई दे रही है।




बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग व अन्य। अनंत ज्ञान

उन्होंने कार्यकर्ताओं को आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा को बूथ स्तर तक मजबूत करते हुए जन-जन तक सरकार की विफलताओं को पहुंचाना होगा। उन्होंने कहा कि समय आ गया है कि हम कमर कस लें और इस जनविरोधी सरकार को हटाने के लिए संगठित संघर्ष करें। तरुण चुग ने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता प्रदेश की जनता की आवाज बनेगा और कांग्रेस सरकार के 'भ्रामक प्रचार, आर्थिक कुप्रबंधन और जनविरोधी नीतियों' को उजागर करेगा।

अंत में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश जिस तेजी से आगे बढ़ रहा है, उसी दिशा में हिमाचल को भी आगे ले जाने के लिए भाजपा प्रतिबद्ध है और आने वाला समय प्रदेश में परिवर्तन का होगा।

### कांग्रेस की वापसी असंभव: श्रीकांत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भाजपा प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस सरकार पर जोरदार हमला बोला और कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू स्वयं स्वीकार कर चुके हैं कि उनकी सरकार दोबारा सत्ता में नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार से पूरी तरह निराश हो चुकी है और अब बदलाव का मन बना चुकी है। 'जब मुख्यमंत्री खुद ही अपनी हार स्वीकार कर चुके हैं, तो यह स्पष्ट है कि कांग्रेस सरकार का अंत निश्चित है,' उन्होंने कहा। श्रीकांत शर्मा ने कहा कि भाजपा का स्पष्ट संकल्प है कि कांग्रेस को हिमाचल की राजनीति में इतिहास के पन्नों तक सीमित कर दिया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। 'हमारा लक्ष्य स्पष्ट है—प्रदेश के 8007 बूथों पर कांग्रेस की जमानत जब्त करनी है और जब तक यह लक्ष्य हासिल नहीं होता, तब तक भाजपा का कार्यकर्ता चैन से नहीं बैठेगा,' उन्होंने दृढ़ता से कहा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का जनाधार समाप्त हो चुका है और उसका जनता से कोई सरोकार नहीं रह गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सरकार केवल झूठे वादों, भ्रम और राजनीतिक स्वार्थ के सहारे चल रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### 13 अप्रैल को हरोली में स्थानीय अवकाश घोषित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला ऊना के हरोली उपमंडल में राज्य स्तरीय हरोली उत्सव के मद्देनजर 13 अप्रैल को स्थानीय अवकाश रहेगा। इस संबंध में डीसी ऊना जतिन लाल ने स्थानीय अवकाश को लेकर आदेश जारी किए हैं।

### कुठेड़ा दंगल में जोंटी गुजर बने विजेता

**अनंत ज्ञान घुमारवीं।** उपमंडल घुमारवीं के कुठेड़ा में आयोजित पारंपरिक दंगल प्रतियोगिता बड़े ही उत्साह व धूमधाम के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर मानव विकास संस्था कलोल व भाजपा मंडल अध्यक्ष झंडूता रसम सिंह चंदेल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मुख्यातिथि ने आयोजन कमेटी के प्रयासों की सराहना करते हुए दंगल के सफल आयोजन के लिए 51,000 रुपए की राशि प्रदान की। उन्होंने कहा कि इस तरह के पारंपरिक खेल न केवल हमारी संस्कृति को जीवित रखते हैं, बल्कि युवाओं को खेलों की ओर भी प्रेरित करते हैं। दंगल में दूर-दराज से आए पहलवानों ने अपने दमखम का शानदार प्रदर्शन किया, जिससे दर्शकों में भारी उत्साह देखने को मिला। कड़े मुकाबलों के बाद फाइनल में सेंटी जॉनी ने शानदार जीत हासिल कर दंगल का खिताब अपने नाम किया। विजेता जोंटी गुजर को 2 लाख रुपए नकद इनाम और पारंपरिक गुर्ज देकर सम्मानित किया गया। वहीं, उपविजेता पहलवान को भी सम्मानित किया गया। आयोजन कमेटी ने मुख्यातिथि सहित सभी सहयोगियों व दर्शकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन जारी रहेंगे।

### मास्टर सलीम ने मां चिंतपूर्णी के दरबार में टेका माथा

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में प्रसिद्ध भजन गायक मास्टर सलीम ने माथा टेककर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर पहुंचने पर उन्होंने श्रद्धा भाव से माता रानी के चरणों में शीश नवाया व मंदिर परिसर में माता रानी की भेंट गाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। मंदिर में दर्शन के बाद मास्टर सलीम ने कहा कि माता चिंतपूर्णी की असीम कृपा से ही उन्हें जीवन में सफलता व सेवा का अवसर मिला है। उन्होंने कामना की कि माता चिंतपूर्णी अपने सभी भक्तों पर इसी तरह कृपा बनाए रखें व सबकी मनोकामनाएं पूर्ण करें। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी तिलकराज कालिया ने उन्हें विधिवत पूजा-अर्चना करवाई व माता रानी का आशीर्वाद दिलाया। मौके पर पुजारी नवीन कालिया व पुनीत कालिया भी उपस्थित रहे। मंदिर में मौजूद श्रद्धालुओं ने भी भजन गायक मास्टर सलीम के साथ माता रानी के जयकारे लगाए और भक्ति में लीन हो गए।

### नया भजन 'लाल चूड़ा लाल' रिलीज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** लोकप्रिय गायक राजेश महेश (राजेश बबलू) ने मां भगवती को समर्पित अपना नया भजन 'लाल चूड़ा लाल' यूट्यूब पर रिलीज किया, जिसे श्रोताओं का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। किशोर कुमार शैली में गायन के कारण वे क्षेत्र में 'किशोर दा' के नाम से जाने जाते हैं। भजन के बोल व आवाज स्वयं राजेश महेश की है, जबकि संगीत पंजाब के संगीतकार अवतार तारी ने दिया है। वीडियो का फिल्मांकन कपिल ब्रदर्स ने किया है व इसकी शूटिंग मंडी के कांगू स्थित मां नवदुर्गा वैष्णो मंदिर में हुई है, जिससे भजन में विशेष धार्मिक आभा झलकती है। राजेश महेश अब तक एक दर्जन से अधिक भजन रिलीज कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि अगले तीन महीनों में तीन नए भजन लॉन्च किए जाएंगे और हर माह एक नई प्रस्तुति लाने की योजना है।

### 11 से खुरालगढ़ साहिब में धार्मिक आयोजन

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल/ऊना।** बाथड़ी के समीप स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल चरण छोह गंगा खुरालगढ़ साहिब में 11 से 15 अप्रैल तक वार्षिक धार्मिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जाएगा। हर वर्ष की तरह इस बार भी विभिन्न राज्यों सहित विदेशों से बड़ी संख्या में संगत के पहुंचने की संभावना है। इस आयोजन के दौरान महात्मा ज्योतिबा फुले, डॉ. भीमराव आंबेडकर के जन्मदिवस तथा अमृतधारा प्रकट दिवस को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। चरण छोह गंगा खुरालगढ़ साहिब के प्रधान संत सुरिंद्र दास ने बताया कि इस पवित्र स्थल का इतिहास श्री गुरु रविदास महाराज से जुड़ा हुआ है। मान्यता है कि गुरु महाराज की कृपा से यहां लोगों की पानी की समस्या दूर हुई थी और उसी समय से यहां गंगा स्वरूप अमृतधारा निरंतर प्रवाहित हो रही है। उन्होंने बताया कि प्राचीन समय से लेकर आज तक यह स्थल आस्था का केंद्र बना हुआ है, जहां देश-विदेश से श्रद्धालु नतमस्तक होने आते हैं। इसी क्रम में 11 से 15 अप्रैल तक आयोजित होने वाले इस धार्मिक समागम में बड़ी संख्या में संगत के पहुंचने की उम्मीद है।

### मंडयाली में शराब ठेके का विरोध तेज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** श्री नयना देवी जी के साथ लगती मंडयाली पंचायत में धार्मिक स्थल के समीप शराब ठेका खोलने के विरोध में ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को लोगों ने एकत्रित होकर प्रदर्शन किया व ठेके को अन्य स्थान पर शिफ्ट करने की मांग उठाई। ग्रामीणों का कहना है कि यहां हर वर्ष धार्मिक आयोजन, भागवत कथा व लंगर होते हैं, जबकि पास में स्कूल व औषधालय भी स्थित है, ऐसे में ठेका खुलने से बच्चों व श्रद्धालुओं पर गलत असर पड़ेगा व क्षेत्र का माहौल बिगड़ सकता है। लोगों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन तेज करेंगे व उपायुक्त को ज्ञापन सौंपेंगे।

### टीजीटी शिक्षकों की पदोन्नति सूची जल्द हो जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश विज्ञान अध्यापक संघ ने टीजीटी कैडर के शिक्षकों की लंबित पदोन्नति सूची जल्द जारी करने की मांग उठाई है। संघ के जिलाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि मुख्याध्यापक व प्रवक्ता के सैकड़ों पद लंबे समय से खाली पड़े हैं, जिससे शिक्षण व्यवस्था प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि पदोन्नति पैनल तैयार होने के बावजूद सूची जारी न होना चिंता का विषय है। संघ ने सरकार से पंचायत चुनाव से पहले पदोन्नति प्रक्रिया पूरी करने की मांग की, ताकि नए शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों की पढ़ाई सुचारु रूप से चल सके।

### बेबी शो में अथर्व, आरव व आरव चौहान प्रथम

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव घुमारवीं के अंतर्गत बेबी शो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। इस आयोजन में अभिभावकों व दर्शकों की भी उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। खंड चिकित्सा अधिकारी घुमारवीं डॉ. अनुपम शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की व विजेता व प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया। यह बेबी शो प्रतियोगिता तीन आयु वर्गों में आयोजित की गई, जिसमें कुल 44 बच्चों ने भाग लिया। 0 से 1 वर्ष आयु वर्ग में आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अथर्व, द्वितीय स्थान पर विहान तथा तृतीय स्थान पर अनंत रहे। इसी तरह 1 से 2 वर्ष आयु वर्ग में आरव ने पहला, अंशिका ने दूसरा तथा यशस्वी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि 2 से 3 वर्ष आयु वर्ग की प्रतियोगिता में आरव चौहान प्रथम, नव्या द्वितीय तथा अभिराज तृतीय स्थान पर रहे।

### कर्म सिंह बौद्ध ने कार्यकर्ताओं को दिए बहुमूल्य टिप्स

**अनंत ज्ञान, ऊना।** प्रदेश इंटक के महासचिव व हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग, ऊना के मुख्य सलाहकार जगत राम शर्मा ने शिमला स्थित राजीव भवन में आयोजित अनुसूचित जाति राज्य कार्यकारिणी की विशेष बैठक में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने राज्य अध्यक्ष विनय कुमार से मुलाकात की। बैठक में राज्यसभा सदस्य कर्म सिंह बौद्ध ने संविधान में निहित अधिकारों पर प्रकाश डाला और इसके संरक्षण का महत्व बताया। राहुल गांधी के नेतृत्व की सराहना की गई और उन्हें भविष्य का सशक्त नेता बताया गया। बैठक में प्रदेश के 11 जिलों के वरिष्ठ नेताओं, ब्लॉक व जिला अध्यक्षों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशानुसार पंचायत चुनावों में कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों को विजयी बनाने की अपील की गई।

### विवेक शर्मा ने नई स्वास्थ्य सुविधाओं का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि अस्पतालों में केवल बोर्ड लगाने से नहीं, बल्कि ठोस प्रयासों से जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलती हैं। सिविल अस्पताल बंगाणा में अल्ट्रासाउंड मशीन, कैंटीन और टीबी मुक्त समाज अभियान के वाहन के शुभारंभ के अवसर पर उन्होंने कहा कि पूर्व जनप्रतिनिधियों के कार्यकाल में जरूरी सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं। अब अस्पताल में पांच डॉक्टर नियुक्त किए गए हैं, सस्ती दवाइयों की दुकान, मेडिकल टेस्ट, अल्ट्रासाउंड और कैंटीन की सुविधा शुरू की गई है। उन्होंने कुछ लोगों पर केवल राजनीति चमकाने का आरोप लगाया और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को धन्यवाद देते हुए बंगाणा अस्पताल को मॉडल अस्पताल बनाने की घोषणा की।

### शांडिल करेंगे हिमाचल दिवस समारोह की अध्यक्षता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह के सफल आयोजन को लेकर डीसी राहुल कुमार की अध्यक्षता में बचत भवन में बैठक आयोजित की गई। बैठक में समारोह की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा विभिन्न विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। डीसी ने बताया कि जिला स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह 15 अप्रैल को राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बिलासपुर के परिसर में धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल करेंगे।

# पिकअप से अवैध खैर की लकड़ी के 12 मोछे किए बरामद

अनंत ज्ञान

**अंब।** वन विभाग अंब ब्लॉक की टीम ने अवैध कटाई और वन संपदा की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए खैर की लकड़ी से लदी एक पिकअप गाड़ी को पकड़ने में सफलता हासिल की है। वन खंड अधिकारी (बीओ) संजीव कुमार के नेतृत्व में टीम ने मंगलवार सुबह करीब 11 बजे के करीब गांव टकारला (साधा वाला चो) के पास जंगल की ओर से आ रही महिंद्रा पिकअप (एचपी72-0759) को जांच के लिए रोका।

तलाशी के दौरान गाड़ी से अवैध रूप से काटी गई खैर की लकड़ी के 12 मोछे (टुकड़े) और एक जड़ बरामद की गई। चालक के पास लकड़ी के परिवहन से संबंधित कोई वैध अनुमति नहीं थी। मौके पर ही वाहन और लकड़ी को जब्त कर लिया गया। आरोपी चालक की पहचान प्रेम कुमार (पुत्र योगराज), निवासी लोअर भंजाल, तहसील घनारी, जिला ऊना के रूप में हुई है। वन विभाग की शिकायत पर पुलिस थाना अंब में आरोपी के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम की धाराओं 32, 33, 41, 42 तथा बीएनएस की धारा 303(2) के तहत एफआईआर संख्या 51/2026 दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

जब्त लकड़ी की अनुमानित सरकारी कीमत करीब 70 हजार रुपए आंकी गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग ने एक विशेष टीम का गठन किया है, जो घटनास्थल सहित आसपास के सरकारी वन क्षेत्रों (भैरा बीट आदि) का निरीक्षण और पैमाइश करेगी। इसका उद्देश्य यह पता लगाना है कि बरामद लकड़ी कहीं सरकारी भूमि से तो नहीं काटी गई।



वन विभाग ने सख्त लहजे में चेतावनी दी है कि अवैध कटाई और तस्करी में संलिप्त लोग तुरंत ऐसी गतिविधियां बंद करें। भविष्य में भी ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और जरूरत पड़ने पर पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाए जाएंगे।

वन विभाग ने आम जनता से अपील की है कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है। यदि कहीं भी अवैध कटाई या वन संपदा को नुकसान पहुंचाने की जानकारी मिले तो तुरंत विभाग या पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

## कंवर को कांग्रेस सरकार के खिलाफ अनाप-शनाप बयानबाजी करने से परहेज करना चाहिए : देशराज

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देशराज गौतम ने भाजपा के पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर द्वारा कांग्रेस सरकार के खिलाफ दिए जा रहे बयानों पर कड़ा संज्ञान लिया है। देशराज गौतम ने कहा कि वीरेंद्र कंवर अपनी सस्ती लोकप्रियता हासिल करने व अपने हाईकमान को खुश करने के लिए बार-बार कांग्रेस पार्टी के खिलाफ गलत बयानबाजी कर रहे हैं।



उन्होंने कहा कि ऐसे मंसूबे कभी भी सफल नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता सब कुछ देख रही है व पिछले करीब 20 वर्षों में जनता ने इनके कामकाज को भली-भांति परख लिया है व उन्हें नकार दिया है इसलिए भाजपा नेताओं को बेवजह की बयानबाजी करने के बजाय जनता के हितों के बारे में सोचना चाहिए।

देशराज गौतम ने आगे कहा कि सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश सरकार व मुकेश अग्निहोत्री द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट में समाज के हर वर्ग किसान, मजदूर, कर्मचारी, युवा व महिलाओं के हितों का विशेष ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का यह बजट जनहित व प्रदेश के समग्र विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिससे आने वाले समय में आम जनता को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

## पेंशनर्स ने मांगे अपने हक, राजनीतिक दलों व चुनावों के बहिष्कार की दी धमकी

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, बिलासपुर।** नगर के डियारा सेक्टर स्थित बाबा विश्वकर्मा मंदिर परिसर में मंगलवार को पेंशनर्स वेलफेयर एसोशिएशन सदर खंड एवं शहरी इकाई बिलासपुर की संयुक्त बैठक खंड प्रधान जय कृष्ण शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक के आरंभ होने से पूर्व दिवंगत पेंशनर्स ओमप्रकाश शर्मा अध्यक्ष पेंशनर्स संघ शाहतलाई, बिशन सिंह चंदेल सेवानिवृत्त एचआरटीसी, बनिता बंसल टीडब्ल्यूओ सदर बिलासपुर के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से कामना की गई। बैठक का संचालन खंड सचिव राम प्रकाश ने किया। बैठक में सुशील पुंडीर, कर्म सिंह चंदेल, अश्वनी चंदेल, प्यारे लाल कौशल, डॉ. रमेश मिन्हास, सुमन शर्मा, राधेश्याम, जेके नड्डा, ओपी गर्ग, चेतराम वर्मा, राज कुमार, रविंद्र नाथ भट्टा तथा जय कृष्ण ने अपने विचार रखे। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि यदि मौजूदा सरकार पेंशनर्स की वित्तीय देनदारियां नहीं देती है, तो आने वाले समय में सभी राजनीतिक दलों का बहिष्कार किया जाएगा तथा पेंशनर्स संघ चुनावों में अपने उम्मीदवार उतार सकती है। पेंशनर्स वेलफेयर एसोशिएशन हिमाचल प्रदेश तथा संयुक्त संघर्ष मोर्चा द्वारा तीस मार्च में शिमला के अंबेडकर चौक पर दिए गए धरने के बाद मुख्यमंत्री ने मांगें मान लेने का आश्वासन तो दिया, लेकिन जब तक मांगें मान ली नहीं जाती है, तब तक विश्वास करना उचित नहीं होगा। बैठक में चेतराम वर्मा ने बताया कि एनजीओ भवन बिलासपुर की मरम्मत करवाई जाएगी तथा इसमें चल रही दुकानों का किराए का हिसाब किताब का मामला डीसी बिलासपुर के समक्ष उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह भवन कर्मचारियों के सहयोग से बनाया गया है, लेकिन इसमें चल रही दुकानों का कोई हिसाब किताब नहीं है। बैठक में वक्ताओं ने पेंशनर्स के सभी संघों को एक मंच पर आने की नसीहत दी, ताकि सरकार से अपनी मांगें मनवाई जा सके। इस बैठक में डॉ. डीआर चैहान, सुरेश चंदेल, विजय सिंह, प्रेम लाल पराशर, राम लाल चंदेल, पुरूषोतम दास शर्मा, बक्शी राम, गरजा राम ठाकुर आदि ने भाग लिया।

## तीन गाड़ियों की टक्कर से दो गंभीर घायल, बड़ूही चौक में लगा लंबा जाम

अनंत ज्ञान

**बड़ूही।** ऊना-धर्मशाला नेशनल हाईवे पर बड़ूही बाजार के मुख्य चौक पर दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें तीन वाहन आपस में टकरा गए। इस दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि हादसे के बाद कुछ समय के लिए सड़क पर लंबा जाम लग गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा उस समय हुआ, जब एक गाड़ी चौकीमन्यार की ओर मुड़ रही थी। इसी दौरान उसके पीछे चल रही टेंपू गाड़ी के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दी। पीछे से आ रही इयोन कार के चालक को संभलने का मौका नहीं मिला व उसने टेंपू को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आवाज दूर तक सुनाई दी और कार में सवार दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोग व दुकानदार मौके पर पहुंचे व राहत व बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से पहले



धुसाड़ा अस्पताल पहुंचाया गया, वहां प्राथमिक उपचार के बाद एक गंभीर घायल को क्षेत्रीय अस्पताल ऊना रेफर कर दिया गया, जबकि दूसरे का इलाज धुसाड़ा अस्पताल में जारी है। घायलों की पहचान देवेंद्र कुमार और ज्ञान सिंह, निवासी चुरूड़ू के रूप में हुई है। हादसे के बाद मौके पर काफी देर तक यातायात बाधित रहा। हालांकि, स्थानीय दुकानदारों ने पुलिस के पहुंचने से पहले ही ट्रैफिक को सुचारु करने में सराहनीय भूमिका निभाई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## माता चिंतपूर्णी दरबार पहुंचे गायक तेजी संधू

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** प्रसिद्ध पंजाबी गायक तेजी संधू हाल ही में पावन शक्तिपीठ माता चिंतपूर्णी मंदिर में अपने नए भजन (भेंट) की शूटिंग के सिलसिले में पहुंचे। इस दौरान उनके साथ उनके बेटे व उभरते पंजाबी अभिनेता पुखराज सिंह संधू भी मौजूद रहे। दोनों ने माता रानी के चरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। तेजी संधू ने बताया कि वे विशेष रूप से माता रानी के दर्शन व अपने आगामी भजन की शूटिंग के लिए यहां आए थे। उन्होंने शूटिंग को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सहयोग देने के लिए 'कालिया साहब' और मंदिर कमेटी का आभार जताया। इस मौके पर तेजी संधू ने अपने बेटे पुखराज के करियर को लेकर भी जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि पुखराज जल्द ही पंजाबी सिनेमा में बड़े पर्दे पर नजर आएंगे। उनकी पिछली फिल्म दारू ना पिंदा होवे को दर्शकों का अच्छा प्रतिसाद मिला था, जबकि उनकी नई फिल्म रूह दा हाणी रिलीज के लिए तैयार है।

## कैंचीमोड़ में दूसरी सुरंग खुलने से फोरलेन सफर हुआ आसान, अब नहीं सताएगा जाम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर यात्रियों को बड़ी राहत मिली है। मंगलवार को कैंचीमोड़ के पास टनल-1 की समानांतर बनी नई सुरंग मंगलवार को यातायात के लिए खोल दी गई, जिससे अब इस मार्ग पर सफर पहले से अधिक सुरक्षित और सुगम हो जाएगा।

बिलासपुर जिले के कैंचीमोड़ क्षेत्र में फोरलेन परियोजना के तहत तैयार की गई दूसरी सुरंग के शुरू होने से ट्रैफिक व्यवस्था में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा। करीब 1800 मीटर लंबी इस सुरंग का उद्घाटन उपायुक्त राहुल कुमार व पुलिस अधीक्षक संदीप धवल की मौजूदगी में किया गया। लगभग 280 करोड़ रुपए की लागत से तैयार इस डबल ट्यूब टनल के शुरू होने से अब तक एक ही सुरंग में दोनों दिशाओं का ट्रैफिक चलने की समस्या समाप्त हो गई है। पहले इस कारण यहां अक्सर जाम व दुर्घटनाओं की स्थिति बनती थी, लेकिन अब दोनों सुरंगों में अलग-



अलग दिशा का ट्रैफिक चलने से यातायात अधिक सुरक्षित रहेगा। टनल को शुरू करने से पहले सभी तकनीकी मानकों की गहन जांच की गई। इसमें आधुनिक लाइटिंग, वेंटिलेशन व सुरक्षा व्यवस्थाओं को परखा गया, जिसके बाद ही इसे आम लोगों के लिए खोलने की अनुमति दी गई। नई व्यवस्था लागू होने के बाद अब पंजाब व चंडीगढ़ की ओर जाने वाले और वहां से आने वाले वाहनों को कैंचीमोड़ के पास लगने वाले ट्रैफिक जाम से काफी हद तक राहत मिलेगी। एनएचएआई द्वारा वन-वे ट्रैफिक सिस्टम लागू किए जाने से इस मार्ग पर सफर अब तेज और सुरक्षित होने की उम्मीद है।

## ग्रीष्मोत्सव घुमारवीं की सांस्कृतिक संध्या में सजी रंगारंग प्रस्तुतियां

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव घुमारवीं की पहली सांस्कृतिक संध्या में केके कश्यप ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर नगर व ग्राम नियोजन नियोजन, आवास व तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी तथा उनकी धर्मपत्नी सोनिका धर्माणी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मेला कमेटी के अध्यक्ष व एसडीएम घुमारवीं गौरव चौधरी ने मुख्यातिथि एवं विशिष्यातिथियों का पारंपरिक हिमाचली रीति-रिवाजों के अनुसार शॉल और टोपी पहनाकर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। इस मौके पर एपीएमसी अध्यक्ष सतपाल, व्यापार मंडल के अध्यक्ष हेमराज संख्यांन, कोषाध्यक्ष राजेश शर्मा तथा बीडीओ अभिषेक शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। पहली सांस्कृतिक संध्या में प्रसिद्ध लोक कलाकार डॉ. मदन झालटा, गौरव कौंडल ने अपनी प्रस्तुति से लोगों का भरपूर मनोरंजन किया।

## हलेंड में 11 से श्रीमद्भागवत कथा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना के समीप गांव हलेंड (कुरियाला) में 11 से 17 अप्रैल तक श्रीमद्भागवत कथा भक्ति महाज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना हुआ है। आयोजन की शुरुआत 10 अप्रैल को सुबह 10 बजे कलश शोभायात्रा के साथ होगी। यह यात्रा कथा स्थल से प्रारंभ होकर टक्का, डेरा बाबा रुद्रा नंद जी, चलोला, लाम, झंबर और सुरजेड़ा होते हुए पुनः हलेंड में संपन्न होगी। आयोजकों ने बताया कि कथा वाचक श्री कृष्ण दास प्रभु जी (वृंदावन) प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक अपनी मधुर वाणी से श्रद्धालुओं को कथा का रसपान करवाएंगे। कथा के उपरांत प्रतिदिन भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति ने समस्त श्रद्धालुओं व क्षेत्रवासियों को इस पावन अवसर पर सपरिवार शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करने का सादर आमंत्रण दिया है।

## राज्य स्तरीय हरोली उत्सव में गिप्पी ग्रेवाल व एम्मी विर्क मचाएंगे धमाल

अनंत ज्ञान

**ऊना।** हरोली उत्सव 2026 इस वर्ष 11 से 14 अप्रैल तक हरोली-रामपुर पुल के समीप सोमभद्रा नदी तट स्थित हरोली मैदान, रोड़ा में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। वैसाखी पर्व से जुड़े इस राज्य स्तरीय आयोजन में इस बार और अधिक उत्साह, सांस्कृतिक विविधता और आकर्षण देखने को मिलेगा।

उत्सव के दौरान चारों दिन आयोजित होने वाली स्टार नाइट्स मुख्य आकर्षण रहेंगी, जिनमें प्रसिद्ध पंजाबी कलाकार गिप्पी ग्रेवाल, एम्मी विर्क और जी खान सहित कई नामचीन कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। 13 अप्रैल को हिमाचल के लोकप्रिय गायक कुलदीप कुमार और अनुज शर्मा भी मंच पर प्रस्तुति देंगे। एसडीएम विशाल शर्मा ने बताया कि स्थानीय कलाकारों की ऑडिशन प्रक्रिया भी सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई है। लता मंगेशकर भवन, समूरकलां में आयोजित ऑडिशन में 50 कलाकारों ने गायन, नृत्य और अन्य विधाओं में भाग लिया। चयनित कलाकारों को स्टार नाइट्स में प्रस्तुति का अवसर मिलेगा, जिससे स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिलेगा। उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ खेलकूद प्रतियोगिताएं, प्रदर्शनी, पशु मेला, डॉग शो और बेबी शो भी आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा ट्रेड फेयर में स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय उद्यमियों को अपने उत्पाद प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा, जिससे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। 14 अप्रैल को रोजगार मेले का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें कई प्रतिष्ठित कंपनियां युवाओं का चयन करेंगी। वहीं, 13 अप्रैल को हरोली उप-मंडल में स्थानीय अवकाश रहेगा, जिसकी अधिसूचना उपायुक्त जतिन लाल द्वारा जारी की गई है।

## कलाकारों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** कल्याण कला मंच बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश) की मासिक संगोष्ठी ग्राम पंचायत कंदरौर स्थित ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल में उत्साह व गरिमा के साथ संपन्न हुई। कार्यक्रम में साहित्यकारों, कलाकारों और कलमकारों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं काले बाबा जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। साहित्यकार व पूर्व प्रधानाचार्य जीत राम सुमन ने मंगल ध्वनि प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए गोदावरी ठाकुर को 'काले बाबा उत्कृष्ट समाज सेवा पुरस्कार' से सम्मानित किया गया, जबकि लोकसंस्कृति के संरक्षण में योगदान के लिए हमीद खान को 'काले बाबा लोक गायक सम्मान' से अलंकृत किया गया। मंच की सचिव



पूजा देवी ने हमीद खान का जीवन परिचय प्रस्तुत करते हुए बताया कि उन्होंने 80 से अधिक लोकगीतों की रचना की है। वहीं, गोदावरी ठाकुर का परिचय सुरेंद्र मिन्हास ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में एशिया प्रसिद्ध कंदरौर पुल क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान भी झलकी, जब 30 से अधिक कलाकारों ने कविता, गीत व पहाड़ी रचनाओं के माध्यम से समां बांध दिया।

बुद्धि सिंह चंदेल, जगदीश सहोता, कर्मवीर कंडेरा, लश्करी राम, रविंद्र शर्मा, तेज राम तेजस, श्याम सुंदर सहगल, धर्म चंद धीमान, बृज लाल लखनपाल, शिवनाथ सहगल, रामपाल डोगरा, पूजा कुमारी, राकेश मिन्हास सहित कई कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से खूब तालियां बटोरीं। विशिष्यातिथि के रूप में उपस्थित पूर्व प्रोफेसर डॉ. लेख राम शर्मा ने कहलूरी भाषा के संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि स्थानीय बोली को बचाने के लिए घर-परिवार में इसका प्रयोग जरूरी है। उन्होंने महिलाओं की प्रगति पर भी प्रकाश डालते हुए उनके योगदान को सराहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच की प्रधान तृप्ता कौर मुसाफिर ने की, जबकि संचालन महासचिव बाबू राम धीमान ने किया। अंत में स्कूल के प्रबंध निदेशक सुरेंद्र ठाकुर ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का धन्यवाद करते हुए मंच की गतिविधियों की सराहना की। संगोष्ठी का समापन पारंपरिक कहलूरी धाम के साथ हुआ, जहां सभी ने स्थानीय व्यंजनों का आनंद लिया।

# जमथल में एनटीपीसी कोलडैम के निर्मित दो स्मार्ट आंगनबाड़ी केंद्रों का उद्घाटन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** छोटे बच्चों के सर्वांगिण विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, एनटीपीसी कोलडैम द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत ग्राम पंचायत जमथल के दो आंगनबाड़ी केंद्रों जमथल गांव एवं धार जमथल को सुंदर बाल वाटिका (स्मार्ट आंगनबाड़ी) के रूप में विकसित किया गया, जिसका लोकार्पण परियोजना प्रमुख एसएस राव द्वारा किया गया।

एनटीपीसी कोलडैम द्वारा इन आंगनबाड़ी केंद्रों का नवीनीकरण व सौंदर्यीकरण कराया गया है, जिसमें भवनों की मरम्मत, बिजली उपकरण, किचन एवं शौचालय की व्यवस्था तथा वाटर फिल्टर आदि की स्थापना कराई गई है। साथ ही, स्मार्ट टीवी, वाई-फाई बच्चों के बैठने के लिए मेज-कुर्सी, खेलने के लिए खिलौने, तथा पुस्तकें आदि सामग्री भी उपलब्ध कराई गई है। इस कार्य का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों को सर्वसुविधायुक्त बनाकर बच्चों की उपस्थिति बढ़ाना है। आंगनबाड़ी नवीनीकरण का कार्य एनटीपीसी कोलडैम के सहयोग से एनोबल सोशल



इनोवेशन फाउंडेशन द्वारा संपन्न किया गया। उद्घाटन के अवसर पर एनटीपीसी कोलडैम संगिनी संघ की अध्यक्ष नर्मदा राव, मानव संसाधन प्रमुख मंगला हरींद्रन, डीपीओ बिलासपुर नरेंद्र कुमार, सीडीपीओ सदर बिलासपुर सत्या ठाकुर, सीईओ एनोबल सोशल इनोवेशन फाउंडेशन चिराग भंडारी तथा पूर्व प्रधान जमथल कल्पना देवी उपस्थित रहे। यह कार्य एनटीपीसी कोलडैम के सीएसआर विभाग की वरिष्ठ प्रबंधक डॉ. अंजुला अग्रवाल एवं सहायक प्रबंधक पूरन सिंह के कुशल मार्गदर्शन में, बच्चों की हर आवश्यकता और समग्र विकास को केंद्र में रखते हुए संपूर्ण किया गया। मौके पर उपस्थित नरेंद्र कुमार ने बताया कि एनटीपीसी कोलडैम द्वारा पूर्व में चंगर में पहली स्मार्ट आंगनबाड़ी विकसित की गई थी, जिसके परिणामस्वरूप वहां बच्चों की संख्या 2 से बढ़कर 24 हो गई है। उन्होंने एनटीपीसी कोलडैम द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी वह केंद्र है जहां गर्भवती महिलाओं व नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य और शिक्षा की नींव रखी जाती है, जो आगे चलकर एक अच्छे नागरिक के निर्माण में सहायक होती है। यदि एनटीपीसी कोलडैम इस दिशा में कोई भी पहल करता है, तो हम उसका पूर्ण सहयोग करेंगे। मुख्यातिथि ने कहा कि एनटीपीसी का प्रयास है कि नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत परियोजना के आसपास के गांवों के विभिन्न वर्गों के विकास के लिए निरंतर जनकल्याणकारी कार्य किए जाएं। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों को बेहतर बनाना बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस पहल से बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ उनका सर्वांगीण विकास होगा।

## विकास बने भाजपा प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के जिला संयोजक

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भाजपा जिला ऊना ने संगठनात्मक मजबूती की दिशा में कदम बढ़ाते हुए जिला प्रशिक्षण प्रकोष्ठ का गठन किया है। यह निर्णय भाजपा जिलाध्यक्ष शाम मिन्हास ने ऊना सदर के विधायक सतपाल सिंह सत्ती सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं से विचार-विमर्श के बाद लिया। प्रशिक्षण प्रकोष्ठ में विकास शर्मा को जिला संयोजक नियुक्त किया गया है, जबकि चिंतपूर्णी से रमेश शास्त्री, हरोली से हरमेश सिंह राणा व संजय शर्मा, ऊना से भूदेव व बलराम चंदेल, गगरेट से संदेश डोगरा व किरण बाला तथा कुटलैहड़ से सतीश कुमार और कुलदीप शर्मा को जिला सह संयोजक बनाया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष शाम मिन्हास ने कहा कि प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के माध्यम से कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीतियों, विचारधारा और कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी, जिससे संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जा सके। वहीं, प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के नवनियुक्त जिला संयोजक विकास शर्मा ने अपनी नियुक्ति पर आभार जताते हुए कहा कि वह पार्टी नेतृत्व के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को सक्रिय, जागरूक व संगठित किया जाएगा।

## स्कॉलर्स यूनिफाइड स्कूल में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया



**अनंत ज्ञान, ऊना।** वर्ल्ड हेल्थ-डे के अवसर पर ऊना जिला मुख्यालय स्थित स्कॉलर्स यूनिफाइड स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के प्रबंध निदेशक धीरज शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए विश्व स्वास्थ्य दिवस के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी और बताया कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया। धीरज शर्मा ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाह हो रहे हैं, जिससे कई बीमारियां जन्म ले रही हैं। ऐसे में इस दिवस का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि सभी बच्चे अपने स्वास्थ्य का अच्छे से ध्यान रखने के साथ-साथ अपने परिजनों को भी इसके लिए प्रेरित करें। ताकि व्यक्तिगत स्वास्थ्य को पारिवारिक स्वास्थ्य के रूप में परिवर्तित करते हुए परिवार को भी स्वस्थ और खुशहाल बनाया जा सके कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को व्यक्तिगत स्वच्छता, साफ-सफाई और पौष्टिक भोजन के महत्व के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया और समाज में भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया।

## पशु मित्र भर्ती प्रक्रिया को लेकर लगाए गंभीर आरोप

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान, बंगाणा।** प्रदेश भाजपा पंचायतीराज प्रकोष्ठ के सह संयोजक कृष्ण पाल शर्मा ने राज्य सरकार पर पशु मित्र भर्ती प्रक्रिया को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि भर्ती में युवाओं के लिए पांच किलोमीटर व महिलाओं के लिए डेढ़ किलोमीटर दौड़ रखना अनुचित है, जबकि यह तकनीकी पद है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित वेटरनरी फार्मासिस्ट युवाओं को प्राथमिकता दी जानी चाहिए थी। प्रारंभिक चरण में 50 किलोग्राम भार उठाने की शर्त भी विवादित रही। कृष्ण पाल शर्मा ने सरकार से मांग की कि भर्ती शर्तों की पुनः समीक्षा की जाए और तकनीकी योग्यता वाले युवाओं को प्राथमिकता दी जाए।

# मणिकर्ण-बरशैणी मार्ग पर मौत का तांडव

## भूस्खलन की चपेट में आई कार, बाल-बाल बचा चालक

अनंत ज्ञान



भूस्खलन की चपेट में आई कार। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिले की पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण मणिकर्ण-बरशैणी सड़क पर एक बार फिर कुदरत का कहर देखने को मिला है।

घटीगढ़ के पास पहाड़ी से अचानक गिरे मलबे और चट्टानों की चपेट में एक कार आ गई। गनीमत यह रही कि समय रहते चालक ने वाहन से बाहर कूदकर अपनी जान बचा ली, वरना कोई बड़ी अनहोनी हो सकती थी। सनद रहे कि सोमवार रात को घटीगढ़ के समीप पहाड़ी से भारी मात्रा में पत्थर और मलबा गिरना शुरू हुआ। इसी दौरान वहां से गुजर रही एक कार भूस्खलन की चपेट में आ गई। चट्टानों के गिरने से वाहन के अगले हिस्से और शीशों को भारी नुकसान पहुंचा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चालक ने सूझबूझ दिखाई और मलबे की आहट सुनते ही गाड़ी से बाहर छलांग लगा दी। वहीं, इस मार्ग पर बार-बार हो रहे भूस्खलन ने स्थानीय निवासियों और पर्यटकों की नींद उड़ा दी है। स्थानीय लोगों के अनुसार घटीगढ़ के पास यह समस्या अब रोज की हो गई है। यहां से गुजरते समय हमेशा खौफ बना रहता है। बार-बार पत्थर गिरने के बावजूद प्रशासन और संबंधित विभाग इस ब्लैक स्पॉट को ठीक करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं।

मणिकर्ण और बरशैणी का क्षेत्र धार्मिक और साहसिक पर्यटन के लिए विश्व विख्यात है। सड़क बार-बार अवरुद्ध होने के कारण सैलानियों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। साथ ही होटल और होमस्टे संचालकों के कारोबार पर बुरा असर पड़ रहा है। इसके अलावा आपातकालीन सेवाओं (एम्बुलेंस आदि) के रुकने का खतरा बना रहता है। स्थानीय जनता ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि इस संवेदनशील स्थान पर जल्द से जल्द सुरक्षा दीवार या अन्य तकनीकी उपाय किए जाएं ताकि भविष्य में किसी की जान न जाए। फिलहाल मार्ग को खोलने का कार्य जारी है, लेकिन रुक-रुक कर गिर रहे पत्थरों के कारण कार्य में बाधा आ रही है।

## ऊंची चोटियों पर बर्फबारी, निचले क्षेत्रों में आसमान पर उमड़ा रहा बादलों का झुरमुट, कहीं हुई बारिश

# कुल्लू व लाहौल में मौसम का फिर बदला मिजाज

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू/केलांग।** कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिले में मौसम ने एक बार फिर मिजसज बदला है और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी शुरू हो गई है।

मंगलवार सुबह की शुरुआत खिली हुई धूप के साथ हुई थी, लेकिन दोपहर होते-होते आसमान काले बादलों से घिर गया। देखते ही देखते रोहतांग दर्रा, अटल टनल के दोनों छोर, शिंकुला पास व आसपास की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी का दौर शुरू हो गया। वहीं, मनाली शहर और निचली घाटियों में बारिश ने रफ्तार पकड़ ली है, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। अटल टनल के नॉर्थ सहित साउथ पोर्टल में पर्यटकों का जमावड़ा उमड़ रहा है। मंगलवार को अटल टनल के पास बर्फ के फाहे गिरते देख पर्यटक खुश हुए और बर्फबारी के बीच खूब मस्ती की। वहीं, अटल टनल के उस पार सिस्सू, सहित लाहुल घाटी के विभिन्न पर्यटन स्थल इन दिनों पर्यटकों से पूरी तरह गुलजार हैं। बर्फ की सफेद चादर को करीब से देखने के लिए भारी संख्या में सैलानी यहां पहुंच रहे हैं।



अटल टनल के उस पार लाहौल घाटी में पर्यटक बर्फ के बीच अठखेलियां करते हुए। अनंत ज्ञान

### मनाली में रौनक, माल रोड पर 'पर्यटन का सैलाब'

**पिछले** कुछ दिनों से मनाली में पर्यटकों की आवाजाही में भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मनाली के प्रसिद्ध माल रोड पर पर्यटकों की भारी चहल-पहल देखी जा रही है। बारिश और ठंडी हवाओं के बावजूद लोग शाम के समय सैर-सपाटे का आनंद ले रहे हैं। अचानक बढ़ी पर्यटकों की संख्या से होटल कारोबारियों, टैक्सी ऑपरेटरों और स्थानीय दुकानदारों के चेहरे भी खिल गए हैं।

**डीएसपी** मनाली केडी शर्मा ने बताया कि मंगलवार को अटल टनल सभी वाहन भेजे गए थे।शाम के समय बर्फबारी शुरू हो गई है। खराब मौसम और बर्फबारी की चेतावनी को देखते हुए पर्यटकों को ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सावधानी बरतने और केवल अधिकृत रास्तों पर ही जाने की सलाह दी है।

# अनुपूरक मतदाता सूचियों के निर्माण के लिए कार्यक्रम जारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त किरण भड़ाना ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग, हिमाचल प्रदेश द्वारा अधिसूचना के तहत हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज संस्थाओं के सामान्य निर्वाचन के लिए अनुपूरक मतदाता सूचियों को तैयार करने के लिए कार्यक्रम जारी किया गया है।

जारी अधिसूचना के अनुसार लाहौल-स्पीति की कुल सात ग्राम पंचायतें जिसमें विकास खंड लाहौल की ग्राम पंचायत खांगसर, शूलिंग, तांदी, मालंग व वारपा तथा विकास खंड स्पीति की ग्राम पंचायत डैमूल व लारा, जो कि नवगठन/पुर्नगठन/विभाजन की प्रक्रिया से प्रभावित हुई हैं, उनमें सामान्य निर्वाचन-2026 के लिए 4 अप्रैल को अर्हता तिथि मानते हुए अनुपूरक मतदाता सूचियों का निर्माण किया जाएगा। इस संबंध में निम्नानुसार कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। मतदाता सूचि का प्रारूप प्रकाशन 4 अप्रैल को निर्धारित किया गया है। पुनर्निरीक्षण प्राधिकारी के समक्ष दावे एवं आपत्तियां दर्ज कराने की अवधि 13 अप्रैल तक निर्धारित की गई है। दावे व आपत्तियों पर पुनर्निरीक्षण प्राधिकारी द्वारा निर्णय 17 अप्रैल 2026 तक लिया जाएगा। अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष अपील दायर करने की अंतिम तिथि 24 अप्रैल निर्धारित की गई है। अपीलों पर अपीलीय प्राधिकारी द्वारा निर्णय 27 अप्रैल तक किया जाएगा। अनुपूरक मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 27 अप्रैल को अथवा उससे पूर्व किया जाएगा। यदि किसी व्यक्ति को मतदाता सूची में नाम शामिल करवाना हो अथवा किसी प्रकार का दावा या आपत्ति प्रस्तुत करनी हो तो संबंधित खंड विकास अधिकारी कार्यालय में निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है।

# चचोगा के पास फिर धंसी सड़क

## जोखिम में जान, वाहन चालकों सहित राहगीर परेशान

अनंत ज्ञान

**एम बोकटापा, मनाली।** कुल्लू-मनाली वामतट मार्ग (लेफ्ट बैंक रोड) पर चचोगा स्थित झाड़ग पुल के समीप सड़क धंसने से यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। सोमवार रात को अचानक सड़क का लगभग 40 मीटर हिस्सा दो फुट नीचे बैठ गया, जिससे यह मार्ग अब एक तरफा होकर रह गया है।

इस घटना के कारण वाहन चालकों व राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क धंसने के दौरान वहां खड़ा एक वाहन भी मलबे के साथ नीचे की ओर धंस गया। गनीमत रही कि समय रहते वाहन को सुरक्षित निकाल लिया गया व किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। हालांकि, इस घटना ने विभाग की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों में



प्रशासन के प्रति गहरा रोष है। अगस्त में आई भीषण बाढ़ के दौरान भी इसी स्थान पर सड़क धंस गई थी। उस समय लोक निर्माण विभाग ने केवल कच्ची फिलिंग (मिट्टी भराव) करके काम चला लिया था। पर्यटन सीजन सिर पर है, ऐसे में यदि सड़क को जल्द दुरुस्त नहीं किया गया, तो मनाली में ट्रैफिक जाम की स्थिति भयावह हो सकती है। लोक निर्माण विभाग के अनुसार, सड़क के धंसने का मुख्य कारण जमीन के भीतर होने वाला भारी जल रिसाव है। ब्यास नदी के तल से लेकर सड़क तक एक मजबूत आरसीसी दीवार का निर्माण किया जा रहा है। अभियंता के अनुसार, इस निर्माण कार्य में अभी समय लगेगा, तब तक यातायात को नियंत्रित तरीके से चलाया जाएगा।

**सड़क** के नीचे पानी का रिसाव बहुत अधिक है। आशंका जताई जा रही है कि पास के किसी होटल की सीवरेज लाइन लीक होने की वजह से मिट्टी ढीली पड़ रही है। संबंधित होटल संचालक को अपनी सीवर लाइन चेक करने के निर्देश दे दिए गए हैं।
**आकाश सूद, सहायक अभियंता, लोक निर्माण विभाग मनाली।**

# उदयपुर के हिंसा स्वास्थ्य केंद्र में एक साल से डॉक्टर का पद खाली, 5000 की आबादी परेशान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के त्रिलोकनाथ क्षेत्र में स्वास्थ्य व परिवहन जैसी बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी के चलते स्थानीय जनता में सरकार व प्रशासन के प्रति गहरा रोष पनप रहा है। क्षेत्र की तीन पंचायतों के करीब 5000 लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए दर-दर भटकने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

त्रिलोकनाथ पंचायत के निवर्तमान प्रधान दिनेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि हिंसा गांव स्थित स्वास्थ्य केंद्र में पिछले एक साल से डॉक्टर का पद रिक्त पड़ा है। यह केंद्र त्रिलोकनाथ, शकोली व किशोरी पंचायतों के लिए जीवनरेखा माना जाता है। डॉक्टर न होने के कारण बुजुर्गों, महिलाओं व बच्चों को मामूली उपचार के लिए भी मीलों दूर जाना पड़ रहा है। शर्मा ने कहा कि इस विषय पर कई बार प्रशासन को अवगत कराया गया, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। स्थानीय ग्राम पंचायत व ग्रामीणों ने सरकार व जिला प्रशासन से विभिन्न मांगों को पूरा करने का आग्रह किया है, जिनमें हिंसा स्वास्थ्य केंद्र में तुरंत डॉक्टर तैनात किया जाए। साथ ही उदयपुर-त्रिलोकनाथ-केलांग मार्ग पर सुबह 7 बजे और शाम 5:15 बजे की बस सेवाएं तत्काल शुरू की जाएं।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इन बुनियादी सुविधाओं को बहाल नहीं किया गया, तो वे आगामी कदम उठाने पर मजबूर होंगे। फिलहाल, क्षेत्र की जनता को उम्मीद है कि प्रशासन इस गंभीर समस्या का संज्ञान लेकर उन्हें राहत प्रदान करेगा।

### सड़कों से बसें गायब, जनता बेहाल

**स्वास्थ्य** सेवाओं के साथ-साथ परिवहन व्यवस्था भी पूरी तरह चरमरा गई है। निवर्तमान प्रधान के अनुसार, क्षेत्र में सड़कें बहाल हो चुकी हैं, इसके बावजूद हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस सेवाएं अब तक शुरू नहीं की गई हैं। वाया त्रिलोकनाथ चलने वाली बसें बंद होने से विशेषकर कर्मचारियों, विद्यार्थियों व मरीजों को निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है, जो आर्थिक रूप से भी उन पर भारी पड़ रहा है।

◆ **सरकार व जिला प्रशासन से विभिन्न मांगों को पूरा करने का किया आग्रह**

अनंत ज्ञान मुद्दा

# आज बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के बस स्टैंड, सुल्तानपुर और भेखली सहित आसपास के कई क्षेत्रों में 8 अप्रैल को बुधवार को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता, बिजली उपमंडल-1 कुल्लू ने जानकारी दी कि यह व्यवधान हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड के सरवरी बस स्टैंड कुल्लू स्थित ईवी चार्जिंग स्टेशन में लगे ट्रांसफार्मर में बिछाने के कार्य के कारण किया जा रहा है। इस कार्य के तहत 11 केवी फीडर लगवैली के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में बिजली सप्लाई 8 अप्रैल को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्रभावित रहेगी। प्रभावित क्षेत्रों में बस स्टैंड सरवरी, सुल्तानपुर, लोरन, न्यू लोरन, भेखली, सारी, धर्मोट और इनके आसपास के अन्य स्थान शामिल हैं।

# उपमुख्यमंत्री अग्निहोत्री ने तेगूबेहड़ और कटराईं में शोक संतप्त परिवारों से की भेंट

अनंत ज्ञान



उपमुख्यमंत्री कुल्लू व मनाली के विधायकों को ढांढस बंधाते हुए। अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान कुल्लू/पतलीकूहल।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने मंगलवार को कुल्लू सदर से विधायक सुंदर सिंह ठाकुर के पिता, जोग ध्यान ठाकुर (88 वर्षीय) के आकस्मिक निधन पर उनके पैतृक निवास स्थान तेगूबेहड़ पहुंचकर शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जोग ध्यान ठाकुर का निधन न केवल परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि राज्य सरकार व प्रदेश की जनता इस कठिन समय में परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी सहानुभूति व्यक्त करते हुए ईश्वर से उन्हें इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। इसके उपरांत उपमुख्यमंत्री मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ के बड़े भाई, बुधीश्वर गौड़ (55 वर्षीय) के आकस्मिक निधन पर कटराईं स्थित उनके निवास स्थान भी पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिवारजनों से भेंट कर अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि बुधीश्वर गौड़ का असमय निधन क्षेत्र के लिए एक गहरी क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। उपमुख्यमंत्री ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय को सहन करने का संबल दें।

# जिले में पेट्रोल, डीजल व घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति सुचारु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** डीसी कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा ने कहा है कि जिले में पेट्रोल, डीजल व घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति पूरी तरह से सुचारू है और इनकी कोई कमी नहीं है। उन्होंने जिला के सभी उपभोक्ताओं को सूचित करते हुए कहा है कि वर्तमान में जिले के पेट्रोल पंपों पर 3,55,615 लीटर पेट्रोल व 4,14,652 लीटर डीजल उपलब्ध है। इसी प्रकार, गैस एजेंसियों के पास पर्याप्त मात्रा में स्टॉक मौजूद है, जिसमें 7 अप्रैल 2026 को प्राप्त हुई नई खेप के साथ कुल 3,589 घरेलू सिलेंडर और 195 वाणिज्यिक गैस सिलेंडर भंडार में उपलब्ध हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की नीति के तहत वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति निर्धारित कोटे का 60 प्रतिशत ही प्राप्त हो रही है। उन्होंने ढाबा व होटल मालिकों से अपील की है कि वे वाणिज्यिक सिलेंडर पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए वैकल्पिक ईंधन स्रोतों का उपयोग करें। इसके अतिरिक्त, उपभोक्ताओं को सलाह दी है कि वे सिलेंडर बुक करने के लिए दिए गए नंबर पर केवल एक बार ही मिस कॉल करें और बार-बार कॉल करने से बचें। उन्होंने आम जनता से अनुरोध किया है कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर विश्वास न करें।

# लाइफ लाइन एनजीओ ने प्रशासन को सौंपे चेतावनी बोर्ड

अनंत ज्ञान



**मनाली।** ब्यास नदी के किनारे बढ़ते हादसों को लेकर लाइफ लाइन एनजीओ मनाली ने पर्यटकों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण पहल करते हुए चेतावनी बोर्ड लगाने का अभियान शुरू किया है।

संस्था के मुख्य संरक्षक गौतम ठाकुर ने कहा कि ब्यास नदी अपनी प्राकृतिक सुंदरता के कारण पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती है, लेकिन इसकी तेज धारा व अधिक गहराई का सही अंदाजा पर्यटकों को नहीं होता। उन्होंने बताया कि कुल्लू से मनाली के बीच ऐसे पांच प्रमुख स्थल हैं, जहां पर्यटक आसानी से नदी किनारे पहुंच जाते हैं व अठखेलियां करते हुए जोखिम उठा लेते हैं। इसी कारण हर वर्ष औसतन चार से पांच लोगों की जान चली जाती है, जो अत्यंत चिंताजनक स्थिति है। लाइफ लाइन एनजीओ मनाली के उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह नेगी ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था की ओर से 35 हजार रुपए की लागत से तैयार किए गए दस चेतावनी बोर्ड एसडीएम मनाली जीएस चीमा को सौंपे गए हैं। इन बोर्डों को उन स्थानों पर स्थापित किया जाएगा, जहां से पर्यटक नदी किनारे उतरते हैं, ताकि वे पहले ही चेतावनी पढ़कर सावधानी बरत सकें। इस अवसर पर मनाली होटलियर एसोसिएशन के अध्यक्ष रोशन ठाकुर ने प्रशासन से मांग की कि जिन स्थानों से पर्यटकों का ब्यास नदी के किनारे जाना संभव होता है, उन सभी जगहों पर स्थायी बाड़बंदी कर आवाजाही पूरी तरह नियंत्रित की जाए, ताकि भविष्य में हादसों को रोका जा सके। कार्यक्रम में व्यापार मंडल मनाली के अध्यक्ष संजीव ठाकुर, टैक्सी यूनियन मनाली के अध्यक्ष राज कुमार डोगरा, एचपी ट्रैवल एजेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष हीरालाल राणा, समाजसेवी इकबाल शर्मा, कैप्टन सुरेश कुमार, अनिल कुमार, संतोष कुमार, रणवीर सागर, पार्षद जगदीश कुमार तथा नगर परिषद मनाली की पूर्व उपाध्यक्ष सुनीता शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# केलांग में 'धर्म सम्मेलन आयोजन समिति' का गठन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** समाज में आपसी सद्भाव, एकता व समरसता का संदेश प्रसारित करने के उद्देश्य से आगामी समय में एक भव्य धर्म सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के लिए मंगलवार को केलांग में 'धर्म सम्मेलन आयोजन समिति (केलांग खंड)' की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के त्रिखंड प्रचारक अतुल की विशेष उपस्थिति रही। उनके साथ ही दारचा गोंपा से लामा यांगजोर, गोजांग गोंपा से लामा नवांग पलदन, शशूर गोंपा से लामा छोजंग, योरदोंग गोंपा से लामा सोनम और लामा नवांग उपासक भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से आयोजन समिति का गठन किया गया। संयोजक: लामा नवांग उपासक, सह-संयोजक: प्रेम लाल, सह-संयोजिका: छेरिंग डोलमा, कोषाध्यक्ष: सुनील, सचिव: हीरा लाल, सह-सचिव: देचिन, समिति पालक: मंगल, मुख्य सलाहकार: डॉ. रणधीर सिंह। समिति के सदस्यों में सभी पूज्य लामागण, लाहुल-पांगी विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष प्रेम जीत ढोको, केलांग से रिग्जिन आंगमो व पाल्मो आदि को नियुक्त किया गया है।

# मनाली-क्लाथ के बीच की सड़कों की सुधरेगी हालत, मरम्मत कार्य जल्द शुरू करने के निर्देश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** मनाली से क्लाथ के बीच भूमिगत सीवरेज पाइपलाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़कों को लेकर प्रशासन अब सख्त रुख में नजर आ रहा है।

इस संबंध में डीसी अनुराग चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) व जल शक्ति विभाग कटराईं के अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रभावित सड़कों की स्थिति पर विस्तृत चर्चा करते हुए उपायुक्त ने जल शक्ति विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क मरम्मत कार्य को प्राथमिकता के आधार पर तुरंत शुरू किया जाए, ताकि एनएचएआई द्वारा प्रस्तावित टारिंग कार्य समय पर शुरू हो सके और लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिल सके। डीसी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रभावित स्थलों का संयुक्त निरीक्षण किया जाए, जिससे जमीनी स्थिति का सही आकलन कर कार्यों की प्रभावी योजना बनाई जा सके। उन्होंने जल शक्ति विभाग को आगामी सप्ताह से मरम्मत कार्य शुरू करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सड़कें आम जनजीवन की बुनियादी आवश्यकता हैं व उनकी खराब स्थिति से लोगों को भारी असुविधा होती है। विशेष रूप से पर्यटन नगरी मनाली में यातायात का दबाव अधिक होने के कारण बेहतर सड़क व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है। डीसी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने पर जोर देते हुए कहा कि मरम्मत कार्य समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए, ताकि स्थानीय लोगों और पर्यटकों को सुरक्षित, सुगम व बाधारहित आवागमन सुनिश्चित किया जा सके।

बैठक में एनएचएआई के सुपरविजन कंसल्टेंट अशोक चौहान, जल शक्ति विभाग के एसडीओ दीक्षांत शर्मा सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। प्रशासन के इस कदम से उम्मीद है कि मनाली-क्लाथ मार्ग की खराब सड़कों से जल्द राहत मिलेगी और क्षेत्र में यातायात व्यवस्था पहले से अधिक बेहतर और सुचारु होगी।

**आयोजन** डीसी ने एनएचएआई के अधिकारियों सहित अन्य संबंधित विभागों के साथ की बैठक

# 30 अप्रैल तक पूर्ण करें एनएच 305 का मरम्मत कार्य

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** डीसी कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजमार्ग 305 की दशा सुधारने को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों, जिला राजस्व विभाग, लोक निर्माण, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, पुलिस विभाग तथा जीभी वैली पर्यटन विकास एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग 305 की मरम्मत की कार्य योजना के संबंध में बैठक की अध्यक्षता की। उपायुक्त राष्ट्रीय राजमार्ग- 305 में सभी क्षतिग्रस्त स्थान स्थलों की मरम्मत के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि आगामी पर्यटन सीजन के मद्देनजर सड़क के जीर्णोद्धार के कार्य को कैसे जारी रखें इसके लिए स्थानीय लोगों को भी विभाग तथा ठेकेदारों के साथ तालमेल बनाकर के आगे बढ़ना होगा ताकि सामान्य आवाजाही के साथ-साथ सड़क जीर्णोद्धार के कार्य के लिए तैनात मशीनरी भी समन्वय के साथ




डीसी को एनएच-305 की हालत बारे अवगत करवाते हुए। अनंत ज्ञान

क्रियाशील रहे।बैठक में जानकारी दी गई कि राष्ट्रीय राजमार्ग 305 का कार्य मुख्यत तीन चरणों में विभाजित है जिस में से सबसे अधिक संवेदनशील भाग औट- बंजार तथा बंजार - घीयागी का क्षेत्र है। यह भी जानकारी दी गई कि औट- बंजार के बीच 21 किलोमीटर का टनल तक पैच वर्क होना है, यह कार्य अवार्ड हो चुका है। इसमें सोलिंग का कार्य भी हो चुका है तथा इसपर टारिंग कार्य मौसम खुलने पर तुरंत शुरू होगा, ताकि सड़क की सतह बिलकुल सूख जाए तथा कार्य टिकाऊ ह । यह भी बताया गया कि कार्य में बिटूमिन की कमी के कारण भी विलंब हो रहा है जिसकी आपूर्ति होते ही कार्य आरम्भ किया जाएगा। उपायुक्त कुल्लू ने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इसकी कार्य योजना जल्दी बनाकर प्रस्तुत करें तथा अगले सप्ताह से कार्य आरम्भ करके इसे 30 अप्रैल तक पूर्ण करें। बंजार - घीयागी सड़क पर चर्चा करते हुए यह जानकारी दी गई कि यह कार्य 5 करोड़ 12 लाख में अवार्ड हुआ है। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि कार्य को निर्बाध रूप से सम्पन्न करने की लिए कार्य तथा सामान्य के लिए यातायात टाइम स्लॉट निर्धारित करना पड़ेगा जिससे यातायात और सड़क का कार्य सुचारू रूप से चल सके तथा पर्यटक वाहनों के यातायात में अधिक बाधा न पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों तथा स्थानीय एसोसिएशन के लोगों को कार्य योजना का एक ग्रुप बनाकर सूचित करते रहने की बात कही ताकि कार्य संतुष्टिजनक हो। उन्होंने कहा कि समन्वय के साथ सभी सहमति से कार्य को करें तथा पुलिस के साथ दैनिक योजना को साझा करते रहें। उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रशासन द्वारा औट से घीयागी के बीच तंग स्ट्रेच को नो पार्किंग जोन घोषित कर कार्य योजना को धरातल पर उतारा जाएगा। इस अवसर अतिरिक्त जिला उपायुक्त अश्विनी कुमार, जिला राजस्व अधिकारी सुरभि नेगी, राष्ट्रीय राजमार्ग 305 के एसडीओ टहल सिंह, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता बीसी नेगी सहित जीभी वैली पर्यटन विकास एसोसिएशन के अध्यक्ष कैप्टन किशन, जगदीश ठाकुर आदि सहित अन्य उपस्थित रहे।

# जनता के साथ सड़कों पर उतरेगी भाजपा : सुरेंद्र शौरी

अनंत ज्ञान

**बंजार।** बंजार विधानसभा क्षेत्र में सड़कों की बदहाली को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ जनाक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। क्षेत्र इस समय सड़क व्यवस्था के बेहद खराब दौर से गुजर रहा है, एनएच-305 पर प्रतिदिन घंटों लंबे ट्रैफिक जाम आम बात बन चुकी है व मरम्मत व निर्माण कार्य ठप पड़े हैं।



बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि क्षेत्र की सड़कों की दयनीय स्थिति व रुके हुए विकास कार्यों के खिलाफ सरकार को जगाने के लिए 9 अप्रैल को बंजार नगर में कांग्रेस सरकार के विरोध में बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आपदा को बीते आठ महीने से अधिक समय हो चुका है, लेकिन आज भी सड़कों की स्थिति में कोई ठोस सुधार देखने को नहीं मिला है। विधायक ने बताया कि क्षेत्र में अधिकांश बस रूट बंद पड़े हैं, जबकि कई सड़कों पर छोटी गाड़ियों का आवागमन भी जोखिम भरा हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-तृतीय चरण के तहत चार सड़कों पर निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन केंद्र से पर्याप्त बजट मिलने के बावजूद कार्यों की रफ्तार बेहद धीमी है, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अब पीएमजीएसवाई के चौथे चरण में भी सड़कों के उन्नयन व निर्माण का कार्य प्रस्तावित है, लेकिन यदि राज्य सरकार का यही ढीला रवैया जारी रहा, तो इन परियोजनाओं का प्रभावित होना तय है। विधायक ने कहा कि 9 अप्रैल को भाजपा बंजार में सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन करेगी व इसके पश्चात जनता के साथ मिलकर एक विशाल विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा, जिसके माध्यम से राज्य सरकार को इस लचर व्यवस्था के खिलाफ कड़ा संदेश दिया जाएगा। विधायक ने सभी से इस प्रदर्शन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया है।

# 5 साल में सोलन शहर की सीवरेज ट्रीटमेंट योजना को नहीं मिला बल

## खुले नाले से फैल रहा स्वास्थ्य व पर्यावरण संकट, विभागीय उदासीनता बनी परियोजना में बाधा

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** सोलन शहर की सीवरेज ट्रीटमेंट योजना पिछले दो दशक से बनी होने के बावजूद जमीन पर लागू नहीं हो पाई है। नगर निगम ने पिछले पांच वर्षों में इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया, जिसके कारण अधिकतर भवन मालिक सीवरेज लाइन से जुड़ने में अनिच्छुक रहे। नतीजा यह हुआ कि कई भवनों का सीवर खुले नालों में छोड़ा जा रहा है, जिससे नालों में पनप रही प्रदूषित हवा आवासीय क्षेत्रों तक पहुंच रही है और लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है।



शहर के वार्ड 14 में खुले में बहती सीवरेज।

### खुले में छोड़ी गई सीवर लाइनों से फैल रहा प्रदूषण

**खुले** नालों में छोड़ी गई सीवर लाइनों से गंज बाजार, शक्ति नगर, मोहन कॉलोनी, अप्पर बाजार और वार्ड 1 से 17 के कई क्षेत्रों में प्रदूषण फैल रहा है। कॉलोनियों में बनाए गए सेफ्टी टैंक का निर्माण होने के बावजूद भवनों की सीवर लाइन को इसमें जोड़ा नहीं गया। जोन बी के प्लांट की मुख्य लाइन से कनेक्टिविटी का जिम्मा आईपीएच और नगर निगम का है, लेकिन दोनों विभागों के बीच तालमेल न होने के कारण यह कार्य अधूरा है। नगर परिषद ने कनेक्टिविटी के लिए एक करोड़ रुपये जारी किए, लेकिन ठेकेदारों की कार्यप्रणाली ठप रही।

### जोन-बी के 3000 भवनों में से सिर्फ 600 जुड़ पाए

**जोन-बी** में बने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण को करीब दो दशक हो चुके हैं, लेकिन केवल 600 भवन ही योजना से जुड़ पाए हैं, जबकि लक्ष्य 3000 भवनों को जोड़ने का था। पटराल में बनाए गए प्लांट की लाइन से भवनों की कनेक्टिविटी न होने के कारण यह परियोजना विभाग के लिए सफेद हाथी साबित हो रही है। योजना के तहत सर्कुलर रोड, लक्कड़ बाजार, टैंक रोड, ऑफिसर कॉलोनी, डाइट रोड, कोटलाना, मधुवन कॉलोनी, सन्नी साइड, राजगढ़ रोड और डिग्री कॉलेज के आसपास के भवनों को मुख्य लाइन से जोड़ना आवश्यक था, पर यह कार्य लंबित है। जोन-ए और जोन-सी में नए ट्रीटमेंट प्लांट बनाने की योजना है। दोनों जोनों में करीब 5 हजार भवनों को मुख्य लाइन से कनेक्ट किया जाना है। इसके लिए लगभग 60 करोड़ अतिरिक्त आवश्यक हैं। ट्रीटमेंट प्लांट चालू होने पर न केवल खाद का उत्पादन होगा, बल्कि ट्रीट किए पानी का उपयोग सिंचाई के लिए भी किया जा सकेगा।

### जल शक्ति विभाग को 8.5 करोड़ दिए पर काम शुरू नहीं

**नगर** निगम ने ददोगी में आधुनिक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए जल शक्ति विभाग को 8.5 करोड़ रुपए जारी किए, लेकिन कार्य शुरू नहीं हुआ। इस परियोजना से शहर के मुख्य बाजार, ओल्ड बस स्टैंड, शक्ति नगर और चम्बाघाट क्षेत्रों के भवनों को सीवर लाइन से जोड़ा जाएगा। कुल परियोजना पर 18.5 करोड़ रुपए खर्च होंगे, जिसमें सीवर लाइन बिछाना और ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण शामिल है।

# विशेष न्यायालय का फैसला : 828 ग्राम चरस मामले में संगड़ाह निवासी को 4 साल की सजा

अनंत ज्ञान

**नाहन।** जिला सिरमौर के नाहन स्थित विशेष न्यायाधीश-1 की अदालत ने एनडीपीएस अधिनियम के तहत एक अहम फैसले में संगड़ाह निवासी इंद्र स्वरूप को दोषी करार देते हुए 4 वर्ष के कठोर कारावास और 10,000 रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में आरोपी को 2 महीने का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। मामले की जानकारी देते हुए न्यायवादी चंपा सुरेल ने बताया कि 25 फरवरी, 2020 को एसआईयू नाहन की

◆ **10 हजार जुर्माना, न भरने पर अतिरिक्त कारावास**

टीम हरिपुरधार क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति नशीला पदार्थ लेकर संगड़ाह की ओर आ रहा है। सूचना के आधार पर सैंजघाट के समीप पुलिस ने आरोपी को रोका। तलाशी लेने पर उसकी जैकेट में छिपाए गए एक थैले से 828 ग्राम चरस बरामद हुई। इस संबंध में पुलिस थाना संगड़ाह में मामला दर्ज किया गया। अभियोजन पक्ष ने अदालत में 21 गवाहों के बयान प्रस्तुत किए। उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी मानते हुए सजा सुनाई।

## नाहन में डॉक्टर नशा तस्करी में शामिल, दो युवक भी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**नाहन।** सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन से नशे से जुड़ा एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। मरीजों का इलाज करने वाला एक डॉक्टर ही नशे के कारोबार में संलिप्त पाया गया, जिससे स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो गए हैं।

पुलिस थाना सदर नाहन ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत कार्रवाई करते हुए पहले दो स्थानीय युवकों, अभिमन्यु ठाकुर और भानु गर्ग को 6.68 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान इस मामले के बैकवर्ड लिंकेज ने बड़ा खुलासा किया, जिसमें केंद्रीय सामुदायिक केंद्र हरिपुरधार में तैनात डॉक्टर आदित्य शर्मा की संलिप्तता सामने आई। पुलिस जांच में पाया कि डॉक्टर ने ही दोनों युवकों को स्कूटी (एचपी-18बी-0444) पर हरियाणा के नारायणगढ़ भेजकर नशे की खेप मंगवाई थी। मामले में 9,180 रुपए के डिजिटल लेन-देन और व्हाट्सऐप चैट जैसे ठोस सबूत भी पुलिस के हाथ लगे हैं। डॉक्टर आदित्य शर्मा को तीन दिन के पुलिस रिमांड के बाद 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस घटना ने एक बार फिर प्रदेश में बढ़ते नशे के कारोबार और उसकी जड़ों तक पहुंचने की आवश्यकता को उजागर कर दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### ठोडो मैदान में 15 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जाएगा जिला स्तरीय हिमाचल दिवस

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन जिले में इस वर्ष भी हिमाचल दिवस पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाया जाएगा। उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने जानकारी दी कि 15 अप्रैल को ऐतिहासिक ठोडो मैदान में जिला स्तरीय समारोह आयोजित होगा। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथि द्वारा शहीदी स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करने से होगी, जिसके बाद प्रातः 11 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। समारोह में पुलिस, गृह रक्षक, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट्स एवं गाइड्स के साथ-साथ विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं आकर्षक परेड में भाग लेंगे। इसके अतिरिक्त, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से हिमाचल, विशेषकर सोलन की समृद्ध लोक संस्कृति की झलक प्रस्तुत की जाएगी। उपायुक्त ने सभी विभागों को आयोजन की सफल तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शहीदी स्मारक की स्वच्छता, बैठने की व्यवस्था, मंच सज्जा और अन्य आवश्यक प्रबंध समय पर पूर्ण करने पर जोर दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए रिहर्सल 10 अप्रैल को शूलिनी मंच पर आयोजित की जाएगी। यह समारोह जिले के लिए गर्व और एकता का प्रतीक बनेगा।

### नाहन में 19 जुलाई को निकाली जाएगी भगवान श्री जगन्नाथ की 18वीं रथ यात्रा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** भगवान श्री जगन्नाथ मंदिर नाहन के बड़े हाल में अध्यक्ष प्रकाश चंद बंसल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में इस वर्ष आयोजित होने वाली 18वीं रथ यात्रा की रूपरेखा तैयार की गई और निम्नलिखित मुख्य निर्णय लिए गए। भव्य रथ यात्रा 19 जुलाई रविवार को निकाली जाएगी। प्रभात फेरी 20 अप्रैल से प्रभात फेरियों का आगाज होगा। पहली प्रभात फेरी सनातन धर्म मंदिर में होगी। इसके बाद प्रतिदिन विभिन्न मंदिरों और श्रद्धालुओं के निवास पर फेरियों का आयोजन होगा। श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन रथ यात्रा के उपलक्ष्य में 10 से 16 जुलाई तक किया जाएगा, जिसमें पहली बार भगवान जगन्नाथ जी के बारे में पूर्ण विवरण दिया जाएगा।

### शूलिनी विवि में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित


शिविर में हिस्सा लेते लोग। अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, सोलन।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर शूलिनी विश्वविद्यालय ने महर्षि मार्कंडेय विश्वविद्यालय के सहयोग से एक व्यापक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। यह शिविर विकसित भारत के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप निवारक स्वास्थ्य देखभाल और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य छात्रों, संकाय सदस्यों और कर्मचारियों को सुलभ चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना और स्वास्थ्य व कल्याण के प्रति सजगता बढ़ाना था। अनुभवी डॉक्टरों और विशेषज्ञों की टीम ने सामान्य चिकित्सा, नेत्र विज्ञान, अस्थि रोग और त्वचा रोग के क्षेत्र में परामर्श दिया। विश्वविद्यालय समुदाय ने इस शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने निःशुल्क जांच और पेशेवर सलाह का लाभ उठाया। प्रमुख सेवाओं में नेत्र जांच, अस्थि स्वास्थ्य मूल्यांकन और त्वचा रोग परामर्श शामिल थे। चिकित्सकों ने शीघ्र निदान, समय पर हस्तक्षेप और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अहमियत पर भी जोर दिया। सतत विकास निदेशक श्रीमती पूनम नंदा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करते हैं, जिसका उद्देश्य सभी के लिए अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाली सुनिश्चित करना है। शिविर ने न केवल तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान की, बल्कि व्यक्तियों को अपने शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने के लिए भी प्रेरित किया।

### नाहन रोजगार कार्यालय में 10 अप्रैल को कैंपस इंटरव्यू, 30 पदों पर भर्ती का अवसर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला रोजगार कार्यालय नाहन में 10 अप्रैल को कैंपस इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा, जिसमें वर्मा ज्वेलर्स सोलन द्वारा मार्केटिंग फील्ड एजेंट के 30 पद भरे जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी देविंद्र कुमार ने बताया कि इन पदों के लिए केवल पुरुष अभ्यर्थी पात्र होंगे, जिनकी आयु 24 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास निर्धारित की गई है, जबकि अधिक शिक्षित उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को 13,500 रुपए मासिक वेतन प्रदान किया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवारों को अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्र, हिमाचली प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों सहित निर्धारित तिथि पर रोजगार कार्यालय नाहन में उपस्थित होना होगा। अभ्यर्थियों का रोजगार कार्यालय में ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए विभाग द्वारा जारी दूरभाष नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

### देवनगर की शानदार जीत, क्रिकेट प्रतियोगिता का सफल समापन

**अनंत ज्ञान, अर्की।** अर्की के ग्राम पंचायत जलाना के राहु खेल मैदान में युवक मंडल रौड़ी खनलग द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एडवोकेट भीम सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। लगभग 10 दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में 32 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला देवनगर और पलानिया के बीच खेला गया, जिसमें पलानिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 97 रन बनाए। जवाब में देवनगर टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र 7 ओवर में लक्ष्य हासिल कर जीत अपने नाम की। समिति के अध्यक्ष विजय रहनोट ने मुख्य अतिथि को शॉल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में भीम सिंह ठाकुर ने कहा कि क्षेत्र के युवा खेलों में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं और इस तरह के आयोजन उनके शारीरिक व मानसिक विकास में सहायक होते हैं। उन्होंने युवाओं को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया।

## रेणुकाजी : खेत से अफीम के पौधे बरामद, आरोपी फरार


पुलिस ने खेत में उगाए अफीम के पौधे किए बरामद। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नाहन।** जिला सिरमौर के रेणुकाजी क्षेत्र में पुलिस ने नशे के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए अवैध अफीम की खेती का भंडाफोड़ किया है। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई, जिसमें बताया गया था कि एक व्यक्ति अपने घर के पीछे खेत में अफीम के पौधे उगा रहा है। पुलिस थाना रेणुकाजी की टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर छापेमारी की।

जांच के दौरान पुलिस ने गांव महीपुर, तहसील ददाहू निवासी विनय कुमार के घर के पीछे लहसुन के खेत में छिपाकर उगाए गए 25 अफीम के पौधे बरामद किए। पुलिस ने सभी पौधों को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में सड़कों का अहम योगदान : विक्रमादित्य सिंह

# इंडोर स्टेडियम के निर्माण को दिए 69 लाख रुपए

अनंत ज्ञान

**अर्की/सोलन।** लोक निर्माण तथा शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि सड़कें ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और विकास की जीवन रेखा के रूप में कार्य करने में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने यह बात सोलन जिला के दून विधानसभा क्षेत्र में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुठाड़ में इंडोर स्टेडियम की आधारशिला रखने के अवसर पर कही।

मंत्री ने बताया कि इंडोर स्टेडियम के निर्माण के लिए प्रथम किस्त के रूप में 69 लाख रुपए प्रदान किए हैं और प्राकलन के अनुसार शेष धनराशि भी समयानुसार उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को धरातल पर उतारने में ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों का अहम योगदान होता है, इसलिए स्थानीय लोगों को क्षेत्र के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सही प्रतिनिधि चुनने की आवश्यकता है। विक्रमादित्य सिंह ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण का उल्लेख करते हुए बताया कि पहले फेज में 1500 किलोमीटर सड़कों का निर्माण 2300 करोड़ की लागत से स्वीकृत हुआ है, जबकि दूसरे फेज में हिमाचल प्रदेश के लिए 1100 किलोमीटर सड़क निर्माण का प्रस्ताव केंद्र को भेजा गया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़क नेटवर्क पहुंचाना प्रदेश सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले। मंत्री ने यह भी घोषणा की कि भविष्य में दून विधानसभा क्षेत्र में पहाड़ी क्षेत्रों के लिए लोक निर्माण विभाग का पृथक उपमंडल सृजित किया जाएगा, जिससे विकास कार्यों को समयबद्ध रूप से क्रियान्वित किया जा सके। इसके साथ ही कुठाड़ बाजार के स्तरोन्नयन के लिए अनुमानित धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी।



स्टेडियम का शिलान्यास करते मंत्री विक्रमादित्य सिंह। अनंत ज्ञान

कार्यक्रम में दून के विधायक राम कुमार चौधरी ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। मंत्री ने तदोपरांत टैगोर वनस्थली पब्लिक स्कूल में आयोजित 'इन्वेस्टीचर सेरेमनी 2026-27' की अध्यक्षता भी की।

### राजगढ़ मेले के लिए तीस कलाकारों ने लिया ऑडिशन में भाग

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** जिला स्तरीय बैशाखी मेला राजगढ़ की सांस्कृतिक संध्याओं के लिए कलाकारों की ऑडिशन एसडीएम राजकुमार ठाकुर की देखरेख में अंबेदकर हॉल में आयोजित की गई। इस मौके पर करीब तीस कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया गया। कलाकारों की चयन समिति में अध्यक्ष नायब तहसीलदार राजगढ़ सुशांत कुमार, बीआर चौहान, मदन लाल तोमर, स्नेह शर्मा, संध्या धीमान, सुदर्शन दिवाना और सुशील भृगु मौजूद रहे। एसडीएम ने बताया कि ऑडिशन अपरिपक्कव कलाकारों के लिए रखी गई है। उन्होंने बताया कि आकाशवाणी व दूरदर्शन से अनुमोदित कलाकारों को ऑडिशन में छूट दी गई है तथा चयन समिति द्वारा बजट के अनुरूप किया जाएगा। 14 अप्रैल को मेले की प्रथम सांस्कृतिक संध्या पूर्ण रूप से सिरमौर के कलाकारों के नाम रहेगी ताकि जिला व राजगढ़ उप मंडल के सभी कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हो सके।

## बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध : डॉ. शांडिल


सोलन में जन समस्याएं सुनते मंत्री धनी राम शांडिल। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के प्रत्येक वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ. शांडिल लोगों की समस्याएं सुनने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। डॉ. शांडिल ने कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य संस्थानों की आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों में स्तरोन्नत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला सोलन के कथेड़ में लगभग 200 करोड़ की लागत से 200 बिस्तरों के अत्याधुनिक बहुउद्देशीय अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त अस्पताल में पृथक 50 बिस्तरों वाली मातृ एवं शिशु विंग का निर्माण भी किया जा रहा है।

कंडाघाट उपमंडल की ग्राम पंचायत क्वारग में लगभग 200 करोड़ रुपए की लागत से दिव्यांगजन शिक्षा उत्कृष्ठता केंद्र का निर्माण किया जा रहा है। इसमें लगभग 300 दिव्यांग बच्चों के गुणवत्तायुक्त शिक्षा, खेल मैदान व आवासीय सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। डॉ. शांडिल ने इस अवसर पर लोगों की समस्याएं सुनी व शीघ्र निपटारे के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

### 26 से 28 जून तक सोलन में धूमधाम से सजेगा राज्य स्तरीय मां शूलिनी मेला

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन जिले का प्रसिद्ध राज्य स्तरीय मां शूलिनी मेला इस वर्ष 26 से 28 जून तक भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। उपायुक्त मनमोहन शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मेले की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की तरह इस बार भी सभी विभागों के समन्वय से मेले का सफल आयोजन सुनिश्चित किया जाएगा। तीन दिवसीय मेले में कुश्ती, ठोडो, वॉलीबाल, कबड्डी, बैडमिंटन, जूडो और अन्य खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी, जिनमें लड़कियों के लिए भी अलग व्यवस्थाएं रहेंगी। साथ ही शोभायात्रा, प्रदर्शनी, चित्रकला प्रतियोगिता, फ्लावर शो, बेबी शो और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र होंगे। प्रशासन द्वारा कानून-व्यवस्था, यातायात, स्वच्छता और आपातकालीन सेवाओं को लेकर विशेष प्रबंध किए जाएंगे, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## पंचायत रोस्टर में राजनीतिक हस्तक्षेप भाजपा का सीएम, मंत्रियों पर आरोप

अनंत ज्ञान

**नाहन।** भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने नाहन के संगडाह-नोहराधार क्षेत्र से सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री, मंत्री और कांग्रेस पार्टी के विधायकों ने अपने राजनीतिक प्रभाव का उपयोग करते हुए पंचायत रोस्टर को प्रभावित किया है। रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कानून की अनदेखी करते हुए सभी डीसी को पंचायत रोस्टर में पांच प्रतिशत सीटों को बदलने की शक्तियां दीं, ताकि मंत्री और विधायक डीसी के साथ मिलकर अपनी राजनीतिक मित्र मंडली के लिए सीटों को आरक्षित या अनारक्षित कर सकें।



उन्होंने शिलाई विस क्षेत्र का उदाहरण देते हुए कहा कि जिला परिषद के चार वार्ड में से तीन वार्ड ओपन और केवल एक वार्ड आरक्षित है। इसके अलावा, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने अपने प्रभाव से दो पंचायत समिति अध्यक्ष पद ओपन रखे। रावत ने रेणुका विधानसभा क्षेत्र की स्थिति पर भी प्रकाश डाला, जहां चारों जिला परिषद वार्ड आरक्षित हैं। खासकर वार्ड नंबर 2, जिसे अब दाना घाटो कहा जाता है, हमेशा से पुरुष ओपन के लिए नहीं आया और वर्तमान में ओबीसी महिला के लिए आरक्षित है।

मुख्यमंत्री ने कहा था कि लगातार दो बार आरक्षित सीट को इस बार ओपन किया जाएगा, लेकिन इसे फिर से महिला के लिए आरक्षित कर दिया गया। रावत ने कहा कि रेणुका विधानसभा सीट लंबे समय से अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित रही है और कम से कम दाना घाटो वार्ड को स्वर्ण जाति के पुरुष के लिए ओपन किया जाना चाहिए था। उन्होंने चेतावनी दी कि इसका असर कांग्रेस विधायक विनय कुमार पर पंचायत और विधानसभा चुनाव में पड़ेगा।

## पंचायत चुनाव में जीत के लिए बूथ स्तर पर मजबूती जरूरी : बलबीर


संगड़ाह भाजपा मंडल के अध्यक्ष बलवीर ठाकुर कार्यकर्ताओं के साथ। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नाहन।** सिरमौर जिला के गिरीपार रेणुका चुनाव क्षेत्र में भाजपा संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से संगड़ाह मंडल के अध्यक्ष बलबीर ठाकुर ने कार्यकर्ताओं से पंचायत चुनाव में पूरी ताकत झोंकने का आह्वान किया है। वह इन दिनों मंडल के 42 बूथों के दौरे पर हैं और 25 मार्च से शुरू हुए प्रवास कार्यक्रम के तहत विभिन्न क्षेत्रों में बैठकों को संबोधित कर रहे हैं। भलोना जोन के भलोना, कजवा, गाताधार, मंडवाच, संगना और गजवा सहित कई बूथों पर कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि 'मजबूत बूथ ही मजबूत पार्टी की नींव होता है।' उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें गर्व होना चाहिए कि वे विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी का हिस्सा हैं। बलबीर ठाकुर ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि सरकार के कार्यकाल में विकास कार्य ठप हो गए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे गांव-गांव जाकर लोगों को सरकार की नाकामियों और अधूरे वादों के बारे में जागरूक करें।

**बदहाली** एनएच-07 पर सफर सीधा खतरा, 57 किलोमीटर का हिस्सा जर्जर

# धौला कुआं से सूरजपुर तक सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे

अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ, नाहन।** राष्ट्रीय राजमार्ग-07 पर धौला कुआं से पांवटा साहिब की ओर सूरजपुर तक का सफर इन दिनों लोगों के लिए खतरे का कारण भी बनता जा रहा है। हालात ऐसे हैं कि छोटे-बड़े वाहन चालक गड्ढों से बचने के चक्कर में या तो दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं या फिर उनके वाहनों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

सबसे ज्यादा हैरानी की बात यह है कि कालाअंब से पांवटा साहिब तक राष्ट्रीय राजमार्ग-07 का करीब 57 किलोमीटर लंबा यह हिस्सा लंबे समय से जर्जर हालत में पड़ा हुआ है। जबकि इसके दोनों छोर पर सड़क की तस्वीर बिलकुल अलग दिखाई देती हैं। एक तरफ कालाअंब से हरियाणा की ओर हाईवे बेहतर स्थिति में है, वहीं दूसरी ओर पांवटा साहिब से उत्तराखंड की तरफ सड़क और फोरलेन पुल तक वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया गया है। ऐसे में बीच का यह पैच लोगों के लिए सबसे बड़ी मुसीबत बन गया है।



राष्ट्रीय राजमार्ग-07 पर धौला कुआं से पांवटा साहिब पर पड़े गड्ढे। अनंत ज्ञान

### क्षेत्रीय, औद्योगिक व अंतरराज्यीय दृष्टि से महत्वपूर्ण सड़क

**स्थानीय** लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस मार्ग की हालत नहीं सुधारी गई तो आने वाले दिनों में कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग क्षेत्रीय, औद्योगिक और अंतरराज्यीय यातायात की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। लोगों का साफ कहना है कि यह पैच केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्रालय की अनदेखी का शिकार नजर आता है।

> **जिस** ठेकेदार ने इस सड़क पर मेटलाइजिंग का कार्य किया था, उसका डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड अभी जारी है। ऐसे में जहां-जहां गड्ढे बने हैं, वहां पेचवर्क करवाना संबंधित ठेकेदार कंपनी गणपति की जिम्मेदारी है। विभाग की ओर से ठेकेदार को समस्या से अवगत करवाया गया है और जल्द ही पैचवर्क का कार्य शुरू किया जाएगा।
> **राकेश खंडूजा, अधिशासी अभियंता, जिला सिरमौर राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग**

### हाइवे पर रात का सफर खतरनाक

मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों का कहना है कि अब यह हाईवे सफर के लिए नहीं, बल्कि जोखिम उठाने के लिए जाना जा रहा है। कई स्थानों पर सड़क की ऊपरी परत पूरी तरह उखड़ चुकी है। बड़े-बड़े गड्ढों के कारण चालक संतुलन खो बैठते हैं। खासकर रात के समय और तेज रफ्तार ट्रैफिक के बीच यह स्थिति और भी ज्यादा खतरनाक हो जाती है। दोपहिया चालकों के लिए यह पैच सबसे ज्यादा परेशानी का कारण बन रहा है। भारी वाहनों, बसों और ट्रकों को भी इस खराब सड़क पर लगातार तकनीकी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

